e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 58
मंगलवार
28.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
*सब कहते हैं की जिन्दगी एक बार मिलती है*
*लेकिन जिंदगी नहीं बल्कि मौत एक बार मिलती है*
*जिन्दगी तो हर पल मिलती है..*

ताजा खबरों के लिए देखें

# राज्यपाल के अभिभाषण से शुरु हुआ बजट सत्र

## सरकार ने किसानों के कुल 1,727 करोड़ का ऋण माफ किया : सीपी राधाकृष्णन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई. अभिभाषण के दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कोरोना महामारी में प्रति व्यक्ति आय 71,071 थी जो 21-22 में 78,660 हो गए. सरकार ने किसानों के कुल 1,727 करोड़ का ऋृण माफ किया है. मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्रति परिवार 3500 रुपए की दर से 13 लाख से अधिक किसानों को 461 करोड़ों रुपए की राशि हस्तांतरित किए गए. किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 6.30 लाख से अधिक किसानों के बीच लगभग 3,300 करोड़ ऋृण वितरित किए गए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ का अनुदान स्वीकृत हुआ है. 39 हजार से अधिक लाभुकों को लाभान्वित करने की स्वीकृति दी गई है. 22 जिलों में मिल्क कूलिंग प्वाइंट संबद्ध 2934 गांव के 30 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों से 1.53 लाख लीटर दूध प्रतिदिन का संग्रहण हो रहा है. आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के तहत 26 लाख परिवारों को जोड़ा गया है. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत साल 2022-23 में 2.74 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया. प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 2,15,242 आवास इकाई स्वीकृत है. इसकी तुलना में 96,212 आवास का निर्माण पूरा किया गया है.राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू की है इसके तहत 21.08 लाभुकों को आच्छादित किया गया है. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 9 लाख बालिकाओं को लाभान्वित करना है. इसके विरुद्ध 6 51 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ दिया जा चुका है. वर्तमान वित्तीय वर्ष में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 20 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है. राज्य के छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिकतम 15 लाख का ऋृण 4त्न साधारण ब्याज की दर से उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है.



### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत अनुदान की राशि बढ़ाई गई

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत अनुदान की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की गई है. तसर रेशम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान है झारखंड का. वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1051 मेट्रिक टन उत्पादन हुआ लेकिन वित्तीय वर्ष 22- 23 में 100 एमटी के लक्ष्य के विरुद्ध मौसम प्रतिकूल के बावजूद अब तक 740 मेट्रिक टन तसर रेशम का उत्पादन हुआ है. वर्ष 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत राज्य के लगभग 61 लाख ग्रामीण परिवारों को कार्यरत घरेलू नल संयोजन के दौरान शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का लक्ष्य है इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 18.5 लाख परिवारों को आच्छादित किया जा चुका है.

### एक वर्ष में भ्रष्टाचार से जुड़े 70 कांड दर्ज किए गए

उन्होंने कहा कि एक वर्ष में भ्रष्टाचार से जुड़े 70 कांड दर्ज किए गए, 54 कांडों का निष्पादन हुआ, 53 लोक सेवकों की गिरफ्तारी हुई है. आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. सितंबर 2022 से नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है. अब तक कुल 1,14,000 कर्मियों में से 1,13,000 कर्मियों ने पुरानी पेंशन योजना के विकल्प का चयन किया है.

# रामगढ़ उपचुनाव : 67.96 प्रतिशत हुआ मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 228152 मतदाताओं जिनमें 115931 पुरुष एवं 112221 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं मतदान का प्रतिशत कुल 67.96त्न रहा। मतदान के दौरान कुल 83.72त्न दिव्यांग मतदाताओं एवं 66.26त्न 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों ने किया मतदान। मतदान को लेकर शहरी और ग्रामीण मतदाताओं में मतदान के प्रति खासा उत्साह देखा गया सुबह 7 बजे से ही मतदाता अपने-अपने बूथों में लंबी लाइन लगाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया रामगढ़ शहर के सभी बूथों में मतदान को लेकर काफी भीड़ देखी गई वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया वृद्ध युवा महिला मतदाता अपने-अपने मतदान का प्रयोग किया सभी मतदान केंद्रों में पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद थी। मतदान को लेकर पूरी विधानसभा में पुलिस व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त थी सभी मतदान केंद्रों में पुलिस बल के जवान मौजूद थे वही पूरे विधानसभा क्षेत्र में रामगढ़ उपायुक्त माधुरी मिश्रा एवं एसपी पियूष पांडे ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वय उपायुक्त माध्वी मिश्रा एवं एसपी पियूष पांडे अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने अपना मतदान किया। उपयुक्त ने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सुश्री मिश्रा ने पीठासीन पदाधिकारियों से मतदान केंद्र पर चल रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को सही तरीके से भरने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने का निर्देश दिया। सुश्री मिश्रा ने सभी जोनल एवं सेक्टर दंडाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मियों, मतदान पदाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों, मीडिया प्रतिनधियों, जिले वासियों एवं प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने में शामिल सभी को धन्यवाद दिया।



असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### इंटर की परीक्षा का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

**मांडर :** झारखंड में इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होनी है. इंटर की परीक्षा से पूर्व एडमिट कार्ड नहीं दिये जाने का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा है. मांडर इंटर कॉलेज के 6 छात्र- छात्राओं ने झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है. याचिका में कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. प्रार्थी छात्रों के अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद के मुताबिक मांडर इंटर कॉलेज ने फीस लेने और सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं दिया. जिसके कारण उन्हें यह चिंता है कि सभी छात्र इंटर की परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे. इस संबंध में हिमा देवी एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कोर्ट से यह आग्रह किया है कि इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई की जाये।

### अग्निपथ स्कीम को चैलेंज देने वाली याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली :** अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच को खारिज करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि अग्निवीर स्कीम को राष्ट्रीय हित और सशस्त्र बलों की बेहतरी के लिए लाया गया है। इस अग्निपथ योजना में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं बनता है। दरअसल, अग्निपथ योजना समय की जरूरत है। भारत के आसपास माहौल बदल रहा है। बदलते समय के साथ सेना में बदलाव जरूरी है। इसे एक नजरिए से देखने की जरूरत है। अग्निपथ अपने आप में एक स्टैंडअलोन योजना नहीं है। 2014 में जब पीएम मोदी सत्ता में आए, तो उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक भारत को सुरक्षित और मजबूत बनाना था। ये योजना उसी का एक हिस्सा है।

### इंजीनियर रामपुकार राम के आवास पर ईडी की छापेमारी

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ग्रामीण कार्य विकास विभाग के इंजीनियर राम पुकार राम के आवास पर छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ईडी की टीम रामपुकार राम के रांची सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। राम पुकार राम पूर्व में गिरफ्तार चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के जूनियर हैं। ईडी के पूछताछ में राम पुकार राम का नाम सामने आया था। इसके बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को ईडी ने बीते 22 फरवरी की देर रात गिरफ्तार कर लिया था। 22 फरवरी को ईडी वीरेंद्र राम को अशोक नगर स्थित घर से ईडी की टीम जोनल कार्यालय लेकर पहुंची थी। जहां ईडी के ज्वॉइंट डायरेक्टर सहित कई अधिकारियों ने वीरेंद्र राम से पूछताछ की।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक एक मार्च को

**रांची :** राज्य कैबिनेट की बैठक एक मार्च को बुलाई गई है। शाम पांच बजे विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कार्यालय में होगी। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सोमवार को सूचना जारी कर दी है।

### जी-20 समिट की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव 28 को लेंगे जायजा

**नैनीताल/रामनगर :** रामनगर में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शासन और प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। रामनगर में जी-20 देशों के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकारों का शिखर सम्मेलन आयोजित होना है। मुख्य सचिव 28 फरवरी को जायजा लेने के लिए रामनगर आएंगे। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया है कि 28 फरवरी मंगलवार को जी-20 सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में पंतनगर एयरपोर्ट से रामनगर तक फील्ड भ्रमण प्रस्तावित है।

# नाबालिग से गैंग रैप, 4 गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़) :** सिमलोंग ओपी क्षेत्र के एक गांव में मेला देख घर लौट रही एक नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने सोमवार को थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दिया। उन्होंने बताया कि बीते 25 फरवरी को सिमलोंग ओपी क्षेत्र में फुटबॉल मेला का आयोजन हुआ था। कल्पना (काल्पनिक नाम) रात भर मेला देख कर भोर को अपने घर जा रही थी। अकेले में पाकर 10 युवक ने उसे उठा कर एकांत एक नाला किनारे ले गया और सभी ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया पुलिस को सूचना मिलते ही एक टीम का गठन कर बरहेट थाना क्षेत्र से चार युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया मामले को लेकर थाना में आठ नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार, ओपी प्रभारी सत्यदेव प्रसाद उपस्थित थे।

# जेपीएससी में संविदा पर कार्यरत कर्मी की सेवा नियमित करने का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी में संविदा पर नियुक्त कर्मी की सेवा 45 दिनों के भीतर नियमित करने का निर्देश जेपीएससी को दिया है. साथ ही वर्ष 2014 से इनकी सेवा को नियमित मानते हुए इन्हें सारी सुविधा देने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुखविलास उरांव की अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया. हाईकोर्ट की खंडपीठ ने वर्ष 2022 में प्रार्थी की याचिका को एकल पीठ द्वारा खारिज किए जाने और जेपीएससी द्वारा उसे वर्ष 2010 में उसे हटाए जाने के आदेश को असंवैधानिक ठहराया. खंडपीठ ने प्रार्थी की याचिका को निष्पादित कर दिया. मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सृष्टि सिन्हा एवं अधिवक्ता शशांक शेखर झा ने पैरवी की. दरअसल, सुखविलास उरांव की नियुक्ति संविदा पर वर्ष 2004 में जेपीएससी में दफ्तरी के पद पर हुई थी. लेकिन वर्ष 2010 में उसे हटा दिया गया और फिर से उसकी नियुक्ति संविदा पर की गई. सुखविलास ने वर्ष 2010 में नौकरी से हटाए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2022 में प्रार्थी की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि सुख विलास संविदा पर कार्यरत हैं उसे हटाना या ना हटाना जेपीएससी पर निर्भर करता है. कोर्ट ने प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की गई थी जिस पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने स्टेट ऑफ कर्नाटक वर्सेस उमा देवी के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी की नियुक्ति नियमित करने का आदेश दिया तथा वर्ष 2014 से उसे नियमित नियुक्ति की सारी सुविधाएं देने का निर्देश दिया.




# मनीष सिसोदिया को कोर्ट ने पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में 4 मार्च तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। सिसोदिया को 4 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाएगा। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश सुनाया। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को सीबीआई गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया की पांच दिनों की हिरासत की मांग की। सीबीआई ने कहा कि दिल्ली के आबकारी मंत्री के नाते सिसोदिया ने मंत्री समूह का नेतृत्व किया। थोक बिक्री के माडल पर कोई चर्चा नहीं हुई। तब कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि आप आरोपों पर दलील रखें। सीबीआई ने कहा कि ये पूरा मामला लाभ कमाने का है। थोक बिक्री में लाभ का मार्जिन 5 फीसदी से अचानक 12 फीसदी कर दिया गया। इसके लिए गोपनीय तरीके से साजिश रची गई। तब कोर्ट ने पूछा कि आपको हिरासत क्यों चाहिए। तब सीबीआई ने कहा कि प्रभावी जांच के लिए पूछताछ जरूरी है। सिसोदिया की ओर से पेश वकील दायन कृष्णन ने हिरासत का विरोध करते हुए कहा कि उप-राज्यपाल ने मई 2021 में इस नीति को हरी झंडी दे दी। सीबीआई बताए कि कौन फोन कॉल या मैसेज सिसोदिया से जुड़ा है। सिसोदिया की ओर से वकील मोहित माथुर और सिद्धार्थ अग्रवाल ने भी सीबीआई की हिरासत की मांग का विरोध करते हुए दलीलें रखीं।



# होली से पहले 400 से अधिक ट्रेनें रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रेलवे ने होली से पहले 400 से अधिक ट्रेनें रद्द कर दी. रद्द की जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में से पूर्वी रेलवे की अधिक ट्रेनें है. ऐसे में बंगाल, बिहार, झारखंड, यूपी के यात्रियों की परेशानी अधिक बढ़ गई है. होली जैसे बड़े त्योहार के मौके पर लोग अपने घर जाकर परिवार के साथ इसे धूमधाम से मानना चाहते हैं. उनके गंतव्य स्थल तक जाने के लिए ट्रेन बहुत बड़ा साधन है. इस समय सबसे ज्यादा आपाधापी ट्रेनों में एक कन्फर्म सीट को लेकर है, लेकिन रेलवे ने ऐसी मारामारी के समय में भी सोमवार को 400 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया. रद्द होने वाली प्रमुख ट्रेनों में से पूर्वी रेलवे की अधिक ट्रेनें है. ऐसे में बंगाल, बिहार, झारखंड, यूपी के यात्रियों की परेशानी अधिक बढ़ गई है. रेलवे के अनुसार सोमवार को बरौनी से नई दिल्ली आने वाली ट्रेन, हावड़ा जंक्शन से जबलपुर जाने वाली ट्रेन, लखनऊ से पाटलीपुत्र के बीच चलने वाली ट्रेन, आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस और हतिया से आनंद विहार टर्मिनल आने वाली झारखंड एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया है. इसी तरह गोरखपुर से छपरा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस स्पेशल, चंडीगढ़ से अमृतसर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली कुम्भ एक्सप्रेस, उदयरपुर सिटी से कोलकाता के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और नई दिल्ली से गया के बीच चलने वाली महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन रद्द कर दी गई है. इस कारण यूपी, बिहार, प. बंगाल में रेल यातायात ज्यादा प्रभावित हुआ है.वहीं पंजाब और नई दिल्ली आने-जाने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनें भी रद्द की गई हैं. भारतीय रेलवे के अनुसार सोमवार को 354 ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है. इसके साथ ही 53 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है. वहीं 25 ट्रेनों को रिशैड्यूल भी किया है और 49 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है.



# डबल इंजन की सरकार में कर्नाटक के विकास में आई है तेजी : पीएम मोदी

एजेंसी

**बंगलोर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में शिवमोगा हवाई अड्डे का उद्घाटन किया. पीएम ने इस दौरान एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे एक बार फिर कर्नाटक के विकास से जुड़े हजारों-करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मिला है.शिवमोगा हवाई अड्डा का उद्घाटन कर पीएम मोदी बोले, ये एयरपोर्ट बेहद भव्य और सुंदर है. इस एयरपोर्ट पर कर्नाटक की परंपरा और तकनीक का मेल देखा जा सकता है. पीएम ने एयरपोर्ट की खूबियां बताते हुए कहा, ये सिर्फ एक हवाई अड्डा नहीं है. ये इस क्षेत्र के युवाओं के सपनों की एक नई यात्रा का अभियान है. आज शिवमोग्गा को अपना एयरपोर्ट मिला है जिसकी लंबे समय से मांग थी वो आज पूरी हुई है.पीएम बोले, राज्य में डबल इंजन की सरकार में कर्नाटक के विकास में तेजी आई है. कर्नाटक में तेजी से विकास हो रहा है. बीते कुछ सालों में कर्नाटका का विकास अभिवृत्ति के पथ पर चल चुका है. हर क्षेत्र में विकास हो रहा है. पीएम ने कहा कि कोई गाड़ी हो या सरकार, डबल इंजन लगता है तो उसकी स्पीड कई गुना बढ़ जाती है. पहले जब कर्नाटक के विकास की चर्चा होती थी तो ये बड़े शहरों तक ही सीमित रहती थी लेकिन हमारी सरकार विकास को कर्नाटक के गांवों तक, टियर-2 और टियर-3 शहरों तक पहुंचाने का काम कर रही है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस कर्नाटक का अपमान करती है. कर्नाटक के नेताओं का कांग्रेस अपमान करती है. इतनी बड़ी रकम पल भर में ट्रांसफर हुई और कोई बिचौलिया नहीं, कोई कट-कमीशन नहीं, कोई करप्शन नहीं. कांग्रेस ने अगर 16 हजार करोड़ रुपये का सोचा होता तो 12-13 हजार करोड़ रुपया कहीं गायब हो गया होता, लेकिन ये मोदी की सरकार है, पाई-पाई आपकी है.आपके लिए है. प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त के रूप में 8 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 16,800 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है.



## संक्षिप्त खबरे

### हैदरनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा बिजली विभाग का शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हैदरनगर, (पलामू) :** विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को विद्युत विभाग हैदरनगर प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन करेगा। इसकी शुरुआत 27 फरवरी सोमवार से की गई। शिविर में विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह के अलावा विभागीय कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में दर्जनों उपभोक्ताओं ने आवेदन दिया। कर्मचारियों ने बताया कि आवेदन की जांच कर समाधान किया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिविर का आयोजन करा कर सराहनीय कार्य किया है। इससे उपभोक्ताओं को जपला जाने से निजात मिल जायेगी। बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने शिविर में अभियंताओं को ऑन स्पॉट समस्या का समाधान कराने की बात कहीं।

## एसडीएम ने जारी किया आदेश, पांकी में होली तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एसडीओ राजेश कुमार साह ने पांकी प्रखण्ड मुख्यालय में आगामी होली यानी 8 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। बता दें कि बीते 15 फरवरी को दो समुदायों के बीच हुए हिंसक संघर्ष के बाद जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू करने का एलान किया था। वहीं हिंसक घटना मामले में अब तक 18 दंगाईयों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. इस बारे में एसडीओ राजेश कुमार साह ने सोमवार को बताया कि, निषेधाज्ञा तभी वापस लिया जाएगा, जब स्थानीय प्रशासन को पूरी तरह तसल्ली हो जाएगी कि अब इसकी जरुरत नहीं है और इसे होली के बाद वापस लिए जाने की उम्मीद है।उन्होंने बताया कि निषेधाज्ञा वापस लेने और नहीं लेने के विषय 'कानून व व्यवस्था से जुड़ा सवाल है और प्रशासन किसी प्रकार के जोखिम लेने की स्थिति में नहीं है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में एसडीएम ने बताया कि फिलहाल निषेधाज्ञा में ढील दे दी गयी है और बाजार व स्कूलों को खोलने की अनुमति दी डा चुकी है लेकिन एक साथ चार से अधिक लोगों के जमा होने पर रोक जारी है। ऐसा शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए किया गया है. बता दें कि पांकी में दो समुदायों के बीच गत 15 फरवरी को उस वक्त आपसी संघर्ष शुरू हो गया था, जब महाशिवरात्रि के अवसर पर मस्जिद के पास लगाए गए तोरण द्वार को कुछेक शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया था। इसके प्रतिक्रिया में हुए संघर्ष में पांच पुलिसकर्मी सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. साथ ही बाईक, जीप, दुकानों को भी भारी क्षति पहुंची थी. पुलिस ने इस संबंध में 145 लोगों के खिलाफ नामजद तथा 500 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी।

## दसवीं कक्षा के भैया बहनों को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को दसवीं कक्षा के भैया-बहनों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विद्यालय के दशम के भैया-बहनों को कक्षा नवम के भैया-बहनों द्वारा सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि सह पूर्व छात्र चंदन कुमार व प्रधानाचार्य रविकांत ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओम एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात कक्षा नवम की बहन खुशी, कृति, मुस्कान, शिवांगी ने स्वागत गीतज़मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम एवं स्नेह मिलन विदाई गीत भूल ना पाएंगे हम ना तुम भूल पाओगेज कक्षा नवम की बहन सृष्टि, चंचला, कोमल, शुभम, मुस्कान व खुशी ने प्रस्तुत की। वही विदाई गीत..विदा क्या करें हम भरे इस नयन से नवम की बहन ज्योति,प्रिया, कुमकुम, रिया, खुशनुमा आलिया व चंचला पांडे ने अपने गीत से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा दशम का विदाई सभी आचार्यो के लिए पीड़ा दायक है पर आप अच्छे अंको से मैट्रिक पास कर विद्यालय और अपने माता-पिता के नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि मैट्रिक पास होने के बाद भाई या बहन अपने रूचि के अनुसार ही आगे के विषय चुनेंगे चाहे वह आर्ट्स एंड ग्राफ, म्यूजिक, डांस, कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि विषय में पारंगत होंगे। विदाई समारोह में कक्षा दशम के भैया बहन भी अपना अपना विचार रखते हुए रो पड़े। कक्षा दशम की बहन साक्षी कुमारी ने अपने अनुभव कथन के अनुसार शिशु प्रवेश से दशम तक के बीते हुए पलों का सारगर्भित वर्णन किया।

## सोनपुरवा में जिप राजू मेहता के प्रयास से सौ केवीए ट्रांसफार्मर लगा

**हुसैनाबाद, (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखण्ड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एस पी मेहता ने ग्रामीणों के मांग पर अपने क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा के बीघा पर 100 केवीए का बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगवाया जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं। इस सबन्ध में श्री मेहता ने बताया कि मुझे जिस आशा और विश्वास से जनता ने चुना हैं उसी संसाधन में बेहतर करने का प्रयास करता हूं आगे उन्होंने यह भी बताया की उक्त गांव में पूर्व में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था और कंज्यूमर अधिक थे जिसके कारण बार बार जल जाने से ग्रामीणों की शिक्षा स्वस्थ एवं कृषि सिचाई सभी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, इन्हीं परेशानियों को देखते हुए मैं विभाग को पत्र लिखा था। जिसके बाद उक्त ट्रांसफार्मर को बदल कर 100 केवीए का लगाया गया अब कुछ राहत मिलेगी। हर्ष व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में मुख्य रूप से श्यामकिशोर चौधरी, संदीप चौधरी, मुन्ना चौधरी, रामसुंदर चौधरी, रामाशीष चौधरी, जितेंद्र चौधरी आदि कई लोग थे।

## खडगड़ा में नर्मदेश्वर महादेव पांच दिवसीय यज्ञ हेतु, कलश यात्रा के साथ आरंभ



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर के खड़गड़ा ग्राम में नर्मदेश्वर महादेव के प्रतिष्ठा के अवसर आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथा एंव रुद्र प्रतिष्ठा महायज्ञ सोमवार को कलशयात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा को लेकर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी व हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कलश यात्रा की अगुवाई की। यज्ञ स्थल से सैकड़ों युवतियां, महिला,पुरषों ने कलश लेकर गाजा-बाजा के साथ सोनपुरवा सोन नदी तट पंहुचे।यहां आचार्य रामाकान्त पाठक व पण्डित सृष्टिकान्त मिश्रा ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा पाठ कराकर कलश में जल भरवाया। जल भरने के बाद महिलाएं, युवतियां, पुरूष कलश लेकर वापस यज्ञ मंडप पहुंची। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलश को स्थापित किया गया।इस दौरान सैकड़ों भगवा ध्वज लिए श्रद्धालुओं के हर हर महादेव,जय श्री राम उद??घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।अश्व, ढोल, सिंघा,रथ, डीजे आदि ने इस कलस यात्रा को भव्यता प्रदान की। यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंडप पूजन,वेदी पूजन व अरणी मंथन के साथ महायज्ञ शुरू हुआ।महायज्ञ में विश्व विख्यात कथा वाचक पूज्य राजन जी महाराज के श्री राम कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रवीण सिंह, शिवनंदन सिंह, विमल किशोर सिंह, महेंद्र सिंह,राजू सिंह, आशीष सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भाकपा दबंगों के मंसूबो को सफल नही होने देगी : जिला प्रभारी सचिव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** जिले में भूमि समस्या आज भी बनी हुई है.रमना प्रखण्ड के कोरगा (सुनील मुखर्जी नगर) में लगभग 80 वर्षो से गैरमजरूआ मालिक की जमीन पर जंगल झाड़ी को साफ कर हरिजन, आदिवासी व पिछड़ी जाति के लोग रहते आ रहे हैं। जमींदारों द्वारा उक्त भूमि को हड़पने की साजिश की जा रही है.भाकपा उनके मंसूबो को सफल नही होने देगी.उक्त बातें भाकपा के कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने रविवार को गुलाब मेमोरियल मार्केट परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पूर्व जमींदारों ने जमींदारी उन्मूलन के समय गलत तरीके से अपने सम्बन्धियों के नाम जमाबंदी कायम कर अपने नाम से मालबन्दी करा लिया। जबकि उस भूमि पर गरीबों का लगभग 50 इंदिरा आवास, 15-20 प्रधानमंत्री आवास, 10 सरकारी कूप, सामुदायिक भवन, चापानल, शौचालय, डोभा, मेड़बन्दी व टीसीबी जैसे कार्य सरकारी राशि से होते आ रहा है.यहां रहने वाले लोगो के नाम बिजली कनेक्शन भी है.राज्य परिषद सदस्य गणेश सिंह ने कहा कि जमींदारों ने विगत लगभग 10 वर्ष पूर्व उक्त भूमि को एसआर कम्पनी को बेच दिया था,लेकिन भाकपा उक्त भूमि पर कब्जा करने से एसआर कम्पनी को रोक दिया.पुनः दस वर्ष बाद मडवनिया निवासी जितेन्द्र सिंह द्वारा उक्त भूमि को हड़पने की कोशिश किया जा रहा है,भाकपा उनके कोशिशों को नाकाम कर देगी.उन्होंने कहा कि जिले के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से भाकपा मांग करती है कि प्रशासन भूमाफियाओं के करतूतों पर रोक लगावे.उन्होंने कहा कि भाकपा ने संकल्प लिया है कि जान दे देंगे,लेकिन जमीन नही देंगे।

## रोटरी स्कूल चैनपुर परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई बोर्ड के वर्ग दसवीं की परीक्षा प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** स्थानीय रोटरी स्कूल (आनंद शंकर) चैनपुर परीक्षा केंद्र पर सी.बी.एस.ई. बोर्ड के दसवीं कक्षा का परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से प्रारंभ हुआ द्व विद्यालय के प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक श्री अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सी.बी.एस.ई. बोर्ड के वर्ग दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है द्व आज दिनांक 27/02/2023 को दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रारंभ हुई है। इस केंद्र पर 793 विद्यार्थी के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है द्व इस परीक्षा केंद्र पर एम.के.डी.ए.वी. स्कूल चियांकी, ऑक्सफोर्ड स्कूल, शाहपुर एवं संत मरियम स्कूल डालटनगंज के विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए द्व डी.ए.वी. स्कूल के 341 परीक्षार्थी में से 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा जबकि ऑक्सफोर्ड स्कूल के सभी 38 परीक्षार्थी एवं एवं संत मरियम के 414 परीक्षार्थी में से सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहेञ्। वीक्षक के रूप में डी.ए.वी. से 4, संत मरियम से 3 एवं ऑक्सफोर्ड से 1 शिक्षक परीक्षा केंद्र पर योगदान दिए। ज्ञातव्य हो कि सन 2009 से ही रोटरी स्कूल को सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्र बनाया जाता रहा है द्व लगभग 15 वर्षो से इस केंद्र पर परीक्षार्थी परीक्षा देते आ रहे हैं द्व प्रशासनिक विभाग की ओर से पुलिस बल परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए हैं। हमेशा की तरह अभिभावक, प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने में मदद मिलते आ रहा है द्व प्राचार्य ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की( परीक्षा को संचालित कराने में उप-प्राचार्य ए.के. सिंह, समन्वयक स्मिता सिंह , परीक्षा नियंत्रक एस.बी.पी. गुप्ता एवं उमा कान्त मिश्र का मुख्य रूप से योगदान रहा द्व वीक्षक के रूप में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल से अमित त्रिपाठी, बिकास कुमार गुप्ता, आशिष कुमार पाण्डेय , सुमन कुमार चौबे, संत मरियम स्कूल से दीपक कुमार, अपर्णा, रविन्द्र कुमार सिंह, ऑक्सफोर्ड स्कूल से सचिन कुमार ने कार्य किए।

## बीआरपी-सीआरपी की बैठक बीआरसी में संपन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे ने विभागीय कार्यो की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में श्री चौबे ने कहा कि बार -बार निर्देश देने के बाद भी विद्यालयों में वर्ग 3 से 8 में अध्यनरत छात्र -छात्राओं जिसका खाता नहीं है उनके माता-पिता का खाता उलब्ध नही कराया गया.उन्होंने वैसे छात्र छात्राओं के माता पिता का खाताआगामी 1मार्च तक बीआरसी कार्यालय में एमआईएस कोडिनेटर के पास जमा कराने का निर्देश दिया, जिससे पोशाक की राशि भेजी जा सके. विद्यालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के तहत उच्च प्रथामिक, मध्य प्राथमिक एंव उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रश्न पेटी, शिकायत पेटी तथा शिकायत टॉल फ्री नंबर स्थापित कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा किअगर किसी कारण से सावित्री बाई फुले बालिका संवृद्धि योजना के अंतर्गत जिन छात्राओं का फार्म जमा नहीं हो पाया है तो सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक फार्म भरकर आंगनबाड़ी सेविका व मुखिया से हस्ताक्षर कराते हुए सीडीपीओ कार्यालय में जमा करें.उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देश के बाद भी शत प्रतिशत एमडीएम का मैसेज नहीं किया जा रहा जो चिंताजनक है. उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधनाध्यापक को कास्ट सर्टिफिकेट बनवाने व शत प्रतिशत खाता खोलवाने का निर्देश दिया.बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, सुबोध कुमार, वीरेंद्र प्रजापति, एमआइएस कोडिनेटर मुकेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार स्कार्पिओ ने इनोवा मे मारी जोरदार टक्कर

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया टीवी टावर रोड देवी मंडप के समीप तेज रफ्तार मे आ रही ब्लैक स्कार्पिओ ने इनोवा को मारी जोरदार टककर हलाकि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार इनोवा मे सवार लोग मेदनीनगर से पाटन जा रहे थे। तभी रास्ते में टीवी टावर की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही स्कार्पिओ ने इनोवा को जोरदार टक्कर मारते हुए एक टेलर दुकान की झोपड़ी को उजाड़ते हुए मोटर साईकिल को टक्कर मारी। इसके बाद जेपीएस के बजाज ऑटो सर्सिग सेंटर के शटर को तोड़ते हुए सर्विसिंग सेंटर मे जा घुसी मौके पर पहुंचे टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो व उनकी टीम ने स्कार्पिओ को अपने कब्जे मे ले लिया है। और उसे थाना ले गए हैं।

## हैदरनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा बिजली विभाग का शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हैदरनगर, (पलामू) :** विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को विद्युत विभाग हैदरनगर प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन करेगा। इसकी शुरुआत 27 फरवरी सोमवार से की गई। शिविर में विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह के अलावा विभागीय कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में दर्जनों उपभोक्ताओं ने आवेदन दिया। कर्मचारियों ने बताया कि आवेदन की जांच कर समाधान किया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिविर का आयोजन करा कर सराहनीय कार्य किया है। इससे उपभोक्ताओं को जपला जाने से निजात मिल जायेगी। बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने शिविर में अभियंताओं को ऑन स्पॉट समस्या का समाधान कराने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि शिविर में दिए गए आवेदन का निष्पादन कर बीस सूत्री कार्यालय हैदारनगर को सूचित करेंगे। शिविर में अशरफ हसन, मनोज पासवान, दिलीप पाल के अलावा कई लोग शामिल थे।

## नप अध्यक्ष ने नगर पंचायत वासियो को बभनी खांड डैम के सुंदरीकरण कार्य का दिया तोहफा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने नगर पंचायत वासियों को होली के अवसर पर 4 करोड़ की लागत से वार्ड नम्बर 5 स्थित बभनी खांड डैम के सुंदरीकरण कार्य का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन योजना के तहत यह कार्य कराया जायेगा। बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण हो जाने पर नगर पंचायत में चार चांद लग जायेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर 5 आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है.यहां के लोगो को जीविका के साधन के साथ कई महत्वपूर्ण गतिविधियों से पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा है कि बभनी खांड डैम प्राकृतिक खूबसूरती के साथ हजारों एकड़ भूमि को सिंचित करता है.डैम के निकट खूबसूरत लाइटिंग,बैठने के लिये बेंच डेस्क की व्यवस्था के साथ वातावरण संतुलित रखने के लिये हरे भरे पौधे व उसकी सुंदरता बढ़ाने के लिये बेहतरीन आधुनिक सुविधा से लैस लाइटिंग के साथ वोटिंग की व्यवस्था होगी ताकि पर्यटक भरपूर आनन्द उठा सके। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को अग्रणी पंक्ति में लाने के लिये हमने अत्यंत जरूरी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया हूँ। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ क्षेत्र की जनता ने मुझे इस पद पर चुना है, मैं लगातार उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रही हूं। उन्होंने कहा कि अभी लगभग 7 करोड़ की योजनाएं प्रक्रियाधीन है जो बहुत जल्द ही पूरा किया जायेगा।

## फुटबॉल फाईनल मैच में आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन ने मंदथा को 1-0 से हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट के फाईनल मुकाबला खेला गया। आयोजन युवा फुटबाल क्लब के द्वारा किया गया था। दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ ताहिर हुसैन, विशिष्ट अतिथि के रुप मे बीस सूत्री के अध्यक्ष सिंह गोपाल सिंह, राजन सिंह, युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मो मुस्ताक अहमद तिलक सिंह, चिंटू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी शेखर कुमार, आसिफ इकबाल, अरुण ठाकुर, बीरेंद्र पासवान, डॉ सुनील वर्मा, सुमन गुप्ता, शिक्षक जयप्रकाश, मुखनारायण सिंह, बरुन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी राजेंद्र सिंह ने कहा कि खेल से सामाजिक एकता मजबूत होती है वहीं डॉ ताहिर ने कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय है, वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि फुटबॉल छतरपुर के इलाके का एक प्रमुख खेल है जो युवाओं को प्रेरित करता है। युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि खेल से युवाओं में जागरूकता आती है और समाज भी विकसित बनता है।

## पांडू श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में रामजन्मोत्सव मनाने का निर्णय

### कमेटी का हुआ पुनर्गठन, झांकी और झंडामिलन पर भी हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू :** श्रीराम नवमी पूजा महासमिति पांडू पूर्वी क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन महासमिति के सचिव जवाहर पासवान ने की। बैठक में पाण्डु-विश्रामपुर पुर्वी क्षेत्र के रातनाग, गोलपा, बेलहरा, कुलिया, गुआसरसई, रबरा, रबरी, ठेकहि, अमरवादामर, निमिहा, नौखीलिया, घाटतर, हिसड़ा, ओबरा, चुना गौरेया, महुआधाम, घासीदाग, झांटीनाथ, राजखाड़, कजरु कला समेत लगभग 30 गांव के पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में 15 वां अधिवेशन को और भव्य तरीके से मनाने का निर्णय के साथ हर वर्षो की तरह इसबार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम दोगोला कराने का भी निर्णय पर आम सहमति बनी। दोगोला गायन कार्यक्रम में भोजपुरी के चर्चित कलाकारों को बुलाने का निर्णय लिया गया। हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिनांक 22 मार्च को 24 घंटे का अखंड कीर्तन करने का निर्णय लिया गया। वहीं चैत्र शुक्ल पक्ष दसमी तिथि 31 मार्च को श्रीसीता रामनगर मेन रोड कजरुकला कला के ऐतिहासिक मैदान में पांडू विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के 30 गांवों से दिन के दो बजे से महावीरी झंडों का मिलान और झांकियों का प्रदर्शन और रात में दोगोला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गोरखपुर (उत्तरप्रदेश)के व्यास निर्मला यादव और बिहार के मगध सम्राट व्यास सुदर्शन यादव के बीच गायन मुकाबला होगा। बैठक में विनोद पासवान, बिहारी बैठा, सतीश पासवान, अजय राम, कृष्ण कुमार निराला, हरिवंश सिंह, मुन्ना ठाकुर, अरुण पासवान, अमित कुमार सिंह, भगवान साव, नरेश चौधरी, शिवनाथ गुप्ता, शंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह, मनोज राम, कन्हैया यादव, नारद पाल, बब्लू पाल, शिवपूजन यादव, सुरेंद्र साहनी, धनन्जय गुप्ता, सत्येंद्र बारी, अनिल शुक्ला , सत्यनारायण विश्वकर्मा, रविन्द्र राम, भुखन राम, महेंद्र भुइयां, मथुरा भुइया, महावीर पाल, शैलेश चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, इंदल तिवारी, राजेश्वर साहू, सुदामा पासवान, विष्णुकांत गिरी, हरेंद्र पासवान, मुखलाल बैठा, शामिल थे। सत्यनारायण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के बैठक समापन की घोषणा की गई।

## जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** एनएच 75 फोरलेन निर्माण को लेकर अधिग्रहण की जा रही जमीन माफी व प्रस्तावित मुआवजे से असंतुष्ट रैयतों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय ने की। बैठक में एक स्वर में लोगों ने कहा कि जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे इसे लेकर क्रमबद्ध आंदोलन होगा। लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि नियम संगत व स्थानीय मूल्य रेट के अनुसार अधिग्रहण की जा रही जमीन का भुगतान नहीं किया गया तो किसी भी स्थिति में उन्हें जमीन उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इसके लिए वे जान भी देने को तैयार है। अधिग्रहण की जा रही जमीन की मापी में भी बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। जिसकी शिकायत भी समय-समय पर वरीय अधिकारियों से की गई। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया। भूअर्जन के द्वारा रैयतों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें त्रुटियां भी हैं। नोटिस में भुगतान से संबंधित किसी भी तरह का जिक्र नहीं किया गया है पहले उसकी सुधार किया जाए। सड़क निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे एनएचएआई के साइड इंजीनियर अभिषेक कुमार व निर्माण कार्य करा रही कंपनी के साइट इंचार्ज पार्थो घोष को भी बैठक में शामिल किया गया। आक्रोशित लोगों ने उन्हें नियम संगत कार्य करने की सलाह दी। लोगों का आरोप खाद्य अधिग्रहण को लेकर सिम अंकित किए गए जमीन से वे संतुष्ट नहीं हैं पहले उसकी सुधार हो। वैसे रैयत जिनकी जमीन प्रकाश से आ रही थी है उसे अंचल के द्वारा गैर में जरूर घोषित किया गया है जिस कागज में सुधार किया जाए। मुआवजे की राशि के वर्तमान बाजार मूल्यं की दर से सभी को एक समान भुगतान हो। कृषि व आवासीय जमीन का भुगतान सामान्य दर से हो। त्रुटिपूर्ण जमीन की एक बार फिर से मापी भूअर्जन पदाधिकारी व अंचल पदाधिकारी की उपस्थिति में कराया जाए। एनएच 75 फोरलेन निर्माण को लेकर अधिग्रहण की जा रही जमीन माफी व प्रस्तावित मुआवजे से असंतुष्ट सैकड़ों लोगों ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट निर्देशक को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। साथ हीं सुधार की मांग की है।

**अधिग्रहित जमीन का बाजार मूल्य 2.50 लाख भू अर्जन की ओर से 15 हजार का दिखाया जा रहा लॉलीपॉप :**

पड़वा मोड़ से शंखा तक अधिग्रहण किए जाने वाले जमीन के मूल्य भू अर्जन के द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा रहा। रैयत असमंजस की स्थिति में है। प्रत्येक दिन अंचल व जिला कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। जबकि जमीन का बाजार मूल्य 2.50-3 लाख है। उहापोह की स्थिति में रैयत बेमौत मारे जा रहे हैं। सरकारी प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री कार्यालय से छह माह पूर्व आसपास के क्षेत्र में हुए डीड को आधार मानकर बाजार मूल्य तय किया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## जी 20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं : डा आशा लकड़ा



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जी-20 देशों की बैठक की तैयारी रांची में जोर-शोर से चल रही है। निर्धारित रूटों पर सफाई, डिवाइडर का रंग-रोगन, दीवारों पर स्लोगन लेखन समेत कई कार्य किए जा रहे हैं। निर्धारित रूटों से अतिक्रमण हटाकर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया गया है। सड़कों पर जेब्रा क्रासिंग, पिक एंड ड्राप पॉइंट समेत व्हाइट लाइन का निर्माण किया गया है। कुल मिलाकर जी-20 बैठक की तैयारी को लेकर शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पोस्टर पर अपनी तस्वीर लगवाकर यह साबित कर रहे है कि जी-20 बैठक की अध्यक्षता वे ही कर रहे हैं। सोमवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह ज्ञात होना चाहिए कि भारत जी-20 बैठक की मेजबानी कर रहा है और इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

## जेएफटीए के मंच पर एकल नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएफटीए के स्टूडियो थियेटर में एकल नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, निर्णायक मंडली के तौर पर मैजूद रहे मलय मिश्रा और सूरज खन्ना। प्रतियोगिता के विजेता मोक्ष - अरुण सिंह (प्रथम), माही - मानव जालान (द्वितीय), सरफरोशी - दीपेंद्र कुमार (तृतीय)इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों में शामिल थे सामर्थ झा (31 जनवरी 1948), और शिवेंद्र कुमार (ओंबले)जेएफटीए के निदेशक राजीव सिन्हा के मुताबिक अब प्रत्येक महीने में एक बार जेएफटीए के मंच पर एकल नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिससे की कलाकारों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## शहीद स्टेन स्वामी न्याय मोर्चा का हस्ताक्षर अभियान जारी



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के जेलों में बंद राजनीतिक मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और निर्दोष गरीबों की रिहाई एवं फादर स्टैन के मौत के दोषियो को सजा की मांग पर शहीद स्टेन स्वामी न्याय मोर्चा के बैनर तले जारी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के तीसरे दिन सोमवार को हिंदपीढ़ी, ग्वाला टोली चौक में हस्ताक्षर चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से देश में यूएपीए और देशद्रोह कानून को रद्द करने की मांग की गई। हस्ताक्षर अभियान में हिंदपीढ़ी के यूवाओं और नागरिकों ने बढ़चढ़ कर अपना हस्ताक्षर किया। इस हस्ताक्षर अभियान में फादर सोबिस्तीन, बगाईचा, माले राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, माकपा के नगर सचिव एस के राय जमील अख़्तर सामाजिक कार्यकर्ता आलोका कुजूर प्रफुल लिंडा, एनामुल हक, मोहम्मद तस्लीम के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

## सांसद महुआ मांजी को मातृ शोक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी के माता का सोमवार को रांची के आर्किड अस्पताल में दोपहर 03:15 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्पताल में भर्ती थी। कल मंगलवार को कांके रोड पर्ल हाउस, भोला लिट्टी के बगल में (ऑपोजिट-कैंब्रियन स्कूल कांके रोड) स्थित आवास से 11:00 बजे सुबह माता जी की अंतिम यात्रा निकाली जाएगी।

## राष्ट्र गान के अवसर पर बैठे रहे अधिकारी, बिरंची नारायण ने उठाया सवाल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने राज्यपाल के अभिभाषण के पूर्व सदन में राष्ट्र गान के अवसर पर अधिकारी दीर्घा में बैठे अधिकारियों द्वारा नहीं खड़ा होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जैसे ही राष्ट्र गान समाप्त हुआ, सदन में बिरंची नारायण ने अपने सीट से उठकर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो से इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। जबकि अन्य विधायकों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। बता दें कि राज्यपाल के अभिभाषण के पूर्व और समाप्ति के बाद हर राज्य के सदन में राष्ट्र गान बजने की परम्परा है। राष्ट्र गान बजते ही जो जहां होते हैं, वहीं खड़े होकर राष्ट्र गान का सम्मान करते हुए श्रद्धावनत् हो जाते हैं। पर ये दुर्भाग्य है झारखण्ड का कि यहां के अधिकारियों पर राष्ट्र गान बजने के समय कैसे स्वयं को पेश आना चाहिए। इन्हें आता नहीं अथवा पूर्णतः भूल चुके हैं। तभी तो आज झारखण्ड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के पूर्व जैसे ही राष्ट्रगान बजा, अधिकारी दीर्घा में बैठे अधिकारियों ने खड़ा होना ही उचित नहीं समझा। बिरंची नारायण का कहना था कि स्पीकर को चाहिए कि वो सदन में लगे सीसीटीवी की जांच कराएं। ऐसे अधिकारियों को दंडित करते हुए उनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाएं।क्योंकि ये राष्ट्रगान का अपमान है। जब बिरंची नारायण ने यह मुद्दा सदन में उठाया तो स्पीकर और राज्यपाल अपने कुर्सी से खड़े थे और कुछ सेंकेंड के लिए हतप्रभ दिखे। इसके बाद राज्यपाल ने अपना अभिभाषण पढ़ना प्रारंभ किया।

## भाजपा का रांची में हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ विशाल प्रदर्शन 11 अप्रैल को

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को सघन बैठकों का दौर रहा। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं विधायकगण शामिल हुए। बैठक में पार्टी के सांगठनिक कार्यक्रमों के साथ राज्य सरकार के खिलाफ राजस्तरीय विशाल प्रदर्शन की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को अब चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। हमसभी को अब अपने कार्यों की गति चौगुनी करनी है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ हम अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो साथ ही जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रमों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बढ़चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधि एक सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने पार्टी का सूत्र सभी कार्यकर्ता को काम एवम सभी काम केलिए कार्यकर्ता पर अमल करने पर जोर दिया। राज्य सरकार ऑक्सीजन पर चल रही, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऑक्सीजन पर चल रही है। भ्रष्ट निकम्मी सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं से घिरती जा रही। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार को अब एक धक्का देने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ प्रखंड एवम जिला स्तर पर हुए प्रदर्शन के बाद आगामी 11 अप्रैल को रांची में विशाल प्रदर्शन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ अभियान में पूरी तरह जुट जाएं।

# महापर्व सरहुल के दिन सत्र बुलाने का क्या औचित्य : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा विधायक दल की बैठक में बजट सत्र पर बनी रणनीति




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक जेपी पटेल, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, मनीष जयसवाल, अमित मंडल, राज सिन्हा, अमर बावरी, किशुन दास, नारायण दास, बिरांची नारायण, शशिभूषण मेहता, कोचे मुंडा, अपर्णा सेनगुप्ता, नीरा यादव, पुष्पा देवी, आलोक चौरसिया, केदार हाजरा, नीलकंठ सिंह मुंडा,अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, समरी लाल शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कहा कि हर दिन आदिवासी और मूलवासी के हितैषी होने का दंभ भरने वाले हेमंत सोरेन ने 27 फरवरी से 24 मार्च तक विधानसभा का सत्र आहूत किया है। 24 मार्च को आदिवासियों का महापर्व सरहुल है। अब इस महापर्व के दिन सत्र बुलाने का क्या औचित्य है? इन्हें आदिवासी धर्म-संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। ये तो लूटने और पकड़े जाने पर आदिवासी होने की दुहाई देकर बचने के लिये के ही अपनी जाति का इस्तेमाल करते हैं। तुष्टिकरण की पराकाष्ठा ने राज्य में बहुसंख्यक समुदाय के पर्व त्योहार पर भी ग्रहण लगा दिया है। ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे ‌- श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा विधानसभा के चालू बजट सत्र में राज्य के सभी ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। भाजपा के सदस्य सदन में उपस्थित होकर सरकार को जवाब देने केलिए मजबूर करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। तभी तो ईडी की कारवाई के बाद भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर राज्य सरकार ने मुकदमे दर्ज नहीं किए। कुछ दिन पूर्व ईडी की कारवाई में गिरफ्तार मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर एसीबी की अनुशंसा के बाद भी करवाई नही होना इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने भ्रष्टाचार का बखान करते हुए कहा कि जिस राज्य में लोग बुनियादी सुविधाओं केलिए तरसते हों वहां भ्रष्टाचार की कमाई से महंगे कंपनी का पानी पीना, ब्रांडेड कपड़ों का दुरुपयोग करना भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। उन्होंने राज्य के ध्वस्त विधि व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि भाजपा लगातार इसके खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है।अब तो बड़कागांव के विधायक प्रतिनिधि की नृशंस हत्या के बाद सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक एवम नेताओं ने भी राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंचल कुमार पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंचल कुमार पर कुछ अज्ञात युवकों द्वारा जानलेवा हमला किया गया है। बताया जा रहा है कि घर में घुसकर एक व्यक्ति ने डॉ. अंचल पर हमला किया है। घटना में वे जख्मी हुए और उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए मेडिका हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया गया कि डॉ. अंचल गुलमोहर हॉस्पिटल में हड्डी के विशेषज्ञ। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर थाना प्रभारी श्याम महतो ने बताया कि आज सुबह ही डॉक्टर पर हमला किया गया है , सिर में चोट लगी थी अभी फिलहाल वे ठीक हैं। प्रथम दृष्टियता में ऐसा



प्रतीत हो रहा है कि डॉ अंचल अपने पहले फ्लोर के बालकोनी में बैठे थे , तभी दो तीन युवक तोड़ते हुए आए और घर में घूस गये और इसी क्रम में डाक्टर द्वारा मना करने पर उन पर हमला कर दिया । लग रहा है कि वे चोरी की नीयत से घुसे होंगे या चोरी करके भाग रहा होगा, इसी क्रम में यह घटना हुई है सुबह का वक्त था, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है जो भी होंगे पकड़े जाएंगे।

## स्मार्ट सिटी हर मामले में बने स्मार्ट : सांसद

**रांची :** लोकसभा के अधीनस्थ आवास और शहरी कार्य विभाग मंत्रालय



की विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ मौजूद रहे। बैठक में देशभर में शहरी विकास से संबंधित चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी सांसदों से इस मुद्दे पर सुझाव लिए गए। सांसद संजय सेठ ने इस बैठक में यह सुझाव दिया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर राज्यों को और गंभीर दिशा निर्देश दिए जाने की जरूरत है ताकि जिस शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना चल रही हो, वहां के नागरिकों को यह पता चल सके कि उस स्मार्ट सिटी में उनके लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं है। आम लोगों तक स्मार्ट सिटी को लेकर बेहतर संदेश पहुंच सके, इस दिशा में काम करना चाहिए।

## गरीबों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को अपैक्स हेल्प लाइन कल्ब की ओर से पुरानी रांची नेजाम नगर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन संस्था के अध्यक्ष मो. मुमताज के नेतृत्व में किया गया। जिसमें आसपास के करीबन सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। वहीं संस्था के अध्यक्ष मुमताज ने बताया कि आंख हमारे शरीर का बहुमूल्य अंग है। संस्था के अध्यक्ष मो. मुमताज ने कहा कि हमारी संस्था समाज के हर वर्ग के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तात्पर्य है। इस स्वास्थ्य शिविर को आयोजन में सफल बनाने वाले मो, सरवर, मो, इब्राहिम, मो, परवेज, मोनू,मो, अख्तर, अनमोल, मो, साजिद, हाजी अफताब आदि लोगों का सहयोग रहा।

## मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीबीआई द्वारा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और देश सबसे के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के गिरफ्तारी के विरोध में सैकड़ों आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर जुटे और जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन भी किया। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर सीबीआई ने और संवैधानिक तरीके से मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है इससे देशभर में आम आदमी पार्टी



के कार्यकर्ताओं में रोष है और यह तो सिर्फ आगाज है लेकिन आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से पूरे झारखंड प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस घटना के विरोध में प्रदर्शन और कार्यक्रम करेंगे।हटिया विधानसभा अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे।भारतीय जनता पार्टी की दमनकारी कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत और हरी सिंह, नरेंद्र चौबे, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश तिर्की, जनजातीय मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश मुंडा, महानगर अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, हटिया विधानसभा अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी और बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## सरकार की मूल भावना जनता का कल्याण है : रबिंद्रनाथ महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च तक चलेगी। हालांकि सरहुल 24 मार्च को है। इस बीच 17 कार्यदिवस निर्धारित हैं। इस दौरान सरकार सदन में वित्तीय वर्ष 2022-23 का तृतीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। 3 मार्च को सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेंगे। सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर रविन्द्र नाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि यह बजट सत्र जनता की मूल भावना के हित में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंचम झारखंड विधानसभा का यह चौथा बजट सत्र है। जनहित में सरकार इस सत्र के माध्यम से अपने विकास के एजेंडे को रखेगी। उन्होंने कहा कि पंचम झारखंड



विधानसभा के प्रथम बजट सत्र में जो कार्य सरकार ने जनहित में शुरू किया है, उसमें बढ़ोतरी होगी। सरकार की मूल भावना जनता का कल्याण है और उम्मीद है कि इसमें वृद्धि होगी। उन्होनें कहा कि 10 से 12 जनवरी तक अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक जयपुर में हुई थी। इस बैठक में मुझे भी शामिल होने का अवसर मिला था। इस बैठक के कैसे विधायिका और न्यायपालिका में सामंजस्य स्थापित कर लोकतंत्र को और मजबूत किया जाय, इसपर चर्चा हुई। इस बैठक में राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष का महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुआ।

## 4.5 लाख किसानों के बीच 1727 करोड़ रुपये का ऋण माफ : सीपी राधाकृष्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपना अभिभाषण पढ़ा ।इसके बाद सदन में राज्यपाल राधाकृष्णन ने सरकार के कार्यों की चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हित में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना शुरू की। इस योजना के तहत 4.5 लाख किसानों के बीच 1727 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया है। 22 जिले के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत कार्य शुरू किया गया है।



मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत प्रति परिवार 3500 रुपये की दर से 13 लाख से अधिक किसानों को 461 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 6.30 लाख किसानों के बीच 3300करोड़ रुपये ऋण वितरित किया गया है।

## बीजेपी के विधायक तमाशा करना बंद करें : इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी सोमवार से शुरू हो गया है। बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेसे विधायक डॉ इरफान अंसारी की बयान ने झारखंड विधानसभा का माहौल गरमा दी है। विधयाक ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। जिसमें उन्होंने कहा कि बीजेपी के विधायक नौटंकी और तमाशा करना बंद करें नहीं, तो दोबारा इस तरह की हरकत यहां हुई तो उन्हें यहां से उठवा कर फेंकवा दिया जाएगा।

### बीजेपी का पलटवार

कांग्रेस विधायक के इस बयान पर बीजेपी के विधायकों ने पलटवार किया। बीजेपी विधायक समरी लाल ने इरफान अंसारी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें ताकत है तो वह फेंकवा कर दिखाएं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के विधायक जनहित के मुद्दे पर आंदोलन करते रहेंगे। साथ ही कहा लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी को दबाया नहीं जा सकता है। अपनी नाकामी को छिपाने के लिए सत्तारूढ़ दल के इरफान अंसारी जैसे विधायक इस तरह के अनर्गल बयान देते रहे हैं इससे भारतीय जनता पार्टी के विधायक डरने वाले नहीं हैं। इस दौरान बीजेपी विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लरकार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति सिर्फ लटका रही है। इस बात को सरकार भी जानती है। जिससे यहां के छात्र को छला गया। साथ ही उन्हों कहा कि मौजूदा सरकार ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पूर्व में बनी नियोजन नीति को रद्द करने का काम किया।

### मंत्री चंपई सोरेन ने कहा

मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि सदन ठीक ढंग से चले इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ध्यान रखना होगा। विपक्ष ज्यादातर समय सरकार की नाकामी गिनाने में लगी रहती है जो कि आधारहीन रहता है। सकारात्मक सोच के साथ यदि विपक्ष सदन में सरकार को सहयोग करे तो सदन भी चलता रहेगा और जनता की आवाज को भी उठाई जा सकती है।

# रांची को जलने से बचाने वाले आईपीएस अधिकारी अनीश दिल्ली चले

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची :** 28 फरवरी 23 को रांची के डीआइजी पद से अनीश गुप्ता को झारखंड सरकार ने विरमित कर दिया।अब डीआईजी भारत सरकार के दिल्ली में सीबीआइ पद में योगदान देंगे।अगले 5 साल तक आइपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। हजारीबाग,खूंटी, सरायकेला, सारंडा, रांची ग्रामीण एसपी और फिर रांची एसएसपी रहने वाले आईपीएस अधिकारी अनीश गुप्ता के कार्यों की चर्चा हमेशा होते रहेगी।

**दस जून की घटना पर क्या कहा:** 10 जून 2022 को डेली मार्केट थाना अंतर्गत एक हिंसक घटना हुई थी। जिसमें पुलिस और कुछ लोगों के बीच में हुई हिंसक झड़प में दो बच्चों को गोली लगने से की मौत हो गई थी।इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया था कि किसी भी घटना को नियंत्रण करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को तत्पर रहना चाहिए, वारलेस से पुलिस को संपर्क करते रहना चाहिए, डीसी एसपी को समन्वय बनाकर साथ रहने की जरूरत है।

**अनीश गुप्ता के कार्य :** 24 जून



2018 को रांची के एसएसपी पद पर नियुक्त होने वाले आपीएस अनीश गुप्ता के लिए दो साल सात दिन काफी सराहनीय माना जाता है। इन के दो साल के कार्यकाल में अपराधी, क्रिमिनल, नक्सली, पशु तस्कर, साइबर ठग, सफेदपोश छोटे मोटे गुंडे, बदमाश और संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले, अपरहणकर्ता यौन शोषण के अरोपी मटकाबाजों, फर्जी पुलिस एवं लंबित दो चर्चीत कांड जिसमें बूटी छात्रा हत्या कांड और डोरंडा थाना क्षेत्र की पांच साल की परी का लंबित मामला अनीश गुप्ता के कार्यकाल में ही सीआइडी को सफलता मिली, वहीं कई मामलों में अभियुक्त अपराधियों को जेल भेजने में सराहनीय भूमिका निभाई।

**कई हिंसक घटनाओं असफल किया:** एसएसपी रहते अनीश गुप्ता ने जब पदभार ग्रहण किया था तो रांची जिला में भाजपा की सरकार थी मुख्यमंत्री रघुवर दास थे। इस बीच कई ऐसी घटनाएं घटी जो संप्रदायिक से जुड़े थे। जिसमें कांके थाना क्षेत्र के मोरम सुकरहूटु, रातू थाना के हुरुरी, भंड़ारा, ओरमांझी, नगड़ी, डोरंडा, अरगोड़ा थाना क्षेत्र, बुंडू थाना क्षेत्र , डोरंडा थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक के पास मॉबलिचिंग के विरोध में निकाले गये जुलूस में खड़ी बस को जालने की घटना, रतन टॉकिज के पास रात में दो युवकों को चाकू मारने की घटना एवं धर्मिक स्थल पर प्रतिबंधम मांस, गंदा फेकने को लेकर फैलने वाली हिंसक घटना, सीए,एनआरसी के विरोध में कडरू के पास धरना, बरियातू थाना क्षेत्र में ऑल इंडिया मजलिस ए इतेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी रैली को बिना हिंसा के सफल बनाने, 2017 में बकरीद के समय सुरक्ष के पुख्ता इंतजाम बिना किसी हिंसा का आपसी सौहार्द और भाईचारे के दम पर अनीश गुप्ता ने सफलता दिलायी। उन्होंने अपने कार्यकाल में रांची को जलने से बचाने में सकारात्मक भूमिका निभायी।

**कोविड-19 के लिए हमेशा याद रहेंगे:** 2019,20 में कोविड - 19 की महामारी से जब पूरा देश दुनिया परेशान है , ऐसे में रांची जिला का सबसे चर्चित थाना क्षेत्र हिंदपीढ़ी जहां लगभग सत्तर हजार से ज्यादा आबादी बसते हैं, इसको संभाल पाना अपने आप में एक चैलेंज भरा रहा। अफवाहों का बाजार गर्म है धार्मिक उन्माद, पक्षपात करने जैसे मामले सामने आ रहे थे, इस बीच अनीश गुप्ता अपने एसएसपी पद की गरिमा बनाते हुए 31 मार्च 2020 से मई 2020 तक कंट्रोल करने में सफलता हासिल की। बिना किसी हिंसा के रांची जिला को कोविड. 19. से बचाने में एसएसपी अनीश गुप्ता का योगदान रांची वासी नहीं भुला सकते है। इतना ही नहीं नक्सलवाद में नकल कसने , अपराध कंट्रोल व संप्रदायिक घटनाओं को रोकने के लिए हमेशा याद किये जायेंगे और जाते जाते 23 जून 20 को दो ट्रक अवैध पशु को भी जब्त करने में सफलता पाई और सुरक्षित उन पशुओं को गौशाला में पहुंचाने का सराहनीय भूमिका निभाई। 24 जून 2018 से लेकर 2 जुलाई 2020 तक 2 साल 7 दिन रांची के लोगों के बीच अपना सेवा देने वाले एसएसपी अनीश गुप्ता बिना किसी विवाद के यूँ कहें की काजल की कोठरी से बेदाग साफ-सुथरा छवि के साथ बाहर निकले है, उन्हें जैप वन समादेष्टा में नियुक्त किया गया है।

**जैप वन और फिर डीआईजी:** रांची एसएसपी पद से जैप वन में पदस्थापित रहे और फिर पुलिस उपमहानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर नियुक्त किया गया । वे रोजाना अपने कार्यालय में सा समय पहुंचते हैं और शाम को वापस लौटते। 28 फरवरी 2023 को उन्हें रांची के डीआइजी पद से राज्य सरकार ने विरमित कर दिया। अब डीआईजी भारत सरकार के दिल्ली में सीबीआइ पद में योगदान देंगे।अगले 5 साल तक आइपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। एक मार्च 2023 से वे दिल्ली चले जायेंगे।

## घटवार समाज ने विधायक चमरा लिंडा का पुतला जलाया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बुड़ाआम रघुनाथ महतो चौक के समीप घटवार समाज के लोगों ने विधायक चमरा लिंडा का पुतला जलाया। मौके पर महासभा के रांची जिला अध्यक्ष मुरलीधर घटवार ने कहा कि हमारे समाज के विरोध में विधायक ने गलत बयान बाजी कर रहे हैं।



उन्होंने अपने बयान में कहा है कि घटवार आदिवासी समाज में शामिल नहीं हो सकता। अगर ऐसा हुआ तो झारखंड को अपंग बना देंगे। इस पर मुरली घटवार ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। हमारे लिए लड़ाई बरसों पुरानी है। समाज के प्रति गलत बयान बाजी करने वालों का समाज को पुरजोर बिरोध करेगा। विधायक अपना बयान वापस लें अन्यथा पूरे प्रदेश में चक्का जाम अभियान चलाया जाएगा इस मौके पर केशव सिंह घटवार, राज किशोर सिंह, सोहन घटवार, लील मोहन सिंह घटवार ,लालटूघटवार, नागेश्वर सिंह, सोनू देवी, करुणा देवी ,रेणुका देवी, पारो देवी, वीणा देवी ,समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तालीमी मुज़ाहरा व दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखण्ड के टांगर इस्थित जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम में सोमवार को सालाना तालीमी मुज़ाहरा का आयोजन मदरसे के नाजिम हाफिज तजम्मुल हुसैन की अध्यक्षता में संम्पन हुआ मदरसे के तालिब ए इल्म की तिलावते कलाम ए पाक से



प्रोग्राम की शुरुआत की गई तिलावते कलाम ए पाक के बाद नाते नबी पढ़ा गया इसके बाद मदरसे के छात्र एवं छात्राओं ने अलग-अलग प्रोग्राम उर्दू,अरबी ,हिंदी ,और अंग्रेजी में तक़रीरे पेश क्या।

## लुंडरी में एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के लुण्डरी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तत्वाधान मे सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत फुटबॉल मैच का समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व



मंत्री बंधु तिर्की व ग्रामीण एसपी नौशाद आलम उपस्थित हुए, जिनका पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर स्वागत अभिनन्दन क्या गया। इस टूर्नामेंट में फाइनल मैच का मुकाबला लुंडरी और तरंगा के बीच खेला गया जिसमें तरंगा को हराकर लुंडरी ने खिताब अपने नाम किया फाइनल मैच जीतने वाले टीमों को अतिथियों के द्वारा कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया इस समापन मैच कार्यक्रम मे खलारी डीएसपी अनिमेश नैथानी, मैक्लुक्सीगंज थाना प्रभारी, मांडर थाना प्रभारी एवं चान्हो थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## सिल्ली गोला मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अन्तर्गत सिल्ली गोला मुख्य मार्ग पर गेरेवीर बोर्डर मे सोमवार को रामगढ़ उप चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप के नेतृत्व मे सिल्ली गोला मार्ग को सिल कर आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया,



एवं वाहनों को बारीकी से जांच किया गया! जांच अभियान मे एस आई अनुप टोप्पनो समेत पुलिस बल मौजूद थे ।

## सिल्ली पॉलिटेक्निक में कैंपस सलेक्शन का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पॉलिटेक्निक में सोमवार को कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया। जिसमें रांची के कॉडजिल टेक्नोलॉजी द्वारा कैंपसिंग कराया गया। इस कैंपसिंग में कॉडजिल के एच.आर. एग्जीक्यूटिव अनिता कुमारी, सी. ई.ओ. धनेश महतो और बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव



सौरव कृष्णा ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया।साक्षात्कार में सिल्ली पॉलिटेक्निक के कंप्यूटर साइंस संकाय के छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए।इस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनी पी.एच.पी डेवलपर ,स्टैक डेवलपर जैसे काम सिखाती है जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस साक्षात्कार में कंपनी के द्वारा कंप्यूटर साइंस संकाय के दो छात्र बजरंग मुंडा और चंदन कुशवाहा का चयन किया गया।साक्षात्कार के आयोजन में सिल्ली पॉलिटेक्निक के निदेशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय ,प्राचार्य समीर शर्मा ,प्लेसमेंट अधिकारी दीपक कुमार महतो,राजेश, गुड़िया ,अरुण कांति मन्ना, शयान कुंदु आदि का योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के ह॥75 मदरसा चौक में हुए सड़क दुर्घटना में लापुर गांव निवासी 20 वर्षीय फिरदौश आलम हुआ गंभीर रूप से घायल मदरसा चौक स्थित अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर किया गया दूसरी और टक्कर मारने वाले वाहन को चान्हो पुलिस जब्त कर थाने ले गई है।

## कलशयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रानीखटंगा गांव के महावीर मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को शुरू हुआ.मौके पर कलशयात्रा निकाली गयी.जलाभिषेक व पूजा अर्चना सहित अन्य अनुष्ठान किये गये.कार्यक्रम का समापन एक मार्च को होगा.कार्यक्रम में आचार्य सुरेंद्र पाठक,देवेंद्र पाठक व पुरुषोत्तम भारद्वाज के अलावा दीपक सिंह, रमेश ठाकुर, वकील गोप, बरन ठाकुर व अशोक ठाकुर सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे.

## पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड किया गया

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्ज़न प्रस्तुत किया है। इस नए वर्ज़न में अधिक ज़्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है। इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी ज़िन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और बचत स्तरों में गिरावट ने आज देश के नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की आय को एक प्रमुख चिंता का विषय बना दिया है। सेवानिवृत्ति बचत में कमी वर्ष 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# पुरखों की जमीन को छल से कैसे बेदखल कर दिया जाता है, खलारी अंचल से सीखिए




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी अंचल में अपना हक का जमीन को दुसरो के नाम कैसे कर दिया जाता इसे सीखने के लिए आइए न हमरा खलारी अंचल में। मामला हुटाप पंचायत अंतर्गत छापर टोला का है. जिसका खाता संख्या 51 प्लॉट संख्या 281 में पीड़िता (सकीना खातून के पूर्वजों) का शेख कासिम अली नाम पर जो कई वर्षो से 2 एकड़ 41डिसमिल भूमि है. जिसका लगातार लगान राशिद निर्गत होता आ रहा है. लगान रशीद का पत्र संख्या 0910573772 के द्वारा रकबा 2 एकड़ 41 डियामिल 2022-23 तक कासिम अली के नाम पर निर्गत हुआ. बिना दाखिल खारिज किये ही जमीन दुसरो के नाम आवंटन कर दिया । जमीन पर उसके के बाद साजिश रची गयी. साजिश रच कर या कहे कि अंचल के कर्मचारियों व कम्प्यूटर ऑपरेटरों के द्वारा पूर्वजो का जमीन दूसरों के नाम कर दिया गया. पीड़िता सकीना खातून ने बताया कि 2 एकड़ 41 डिसमिल पर 20-07-22 प्राप्ति पत्र संख्या 0057621211 द्वारा रकबा 60 डिसमिल भूमि का लगान रशीद अजीजा खातून पिता कयूम अंसारी के नाम पर निर्गत कर दिया गया. तथा दिनांक- 28-07-22 संख्या-0162009375 द्वारा रकबा 1 एकड़ भूमि लगान शेख सहदुल के नाम निर्गत कर लगान रशीद अवैध तरीके दिया गया. जिसे लेकर पीड़ित ने खलारी,मैक्लुस्कीगंज थाना में केश दर्ज करने के लिए गए तो वहाँ पर इंसाफ नही मिला. बता दिया गया कि ये अंचल का मामला है. जब अंचलाधिकारी शिशु पाल आर्या के पास पहुँचे तो कोर्ट में एसडीओ केश कर दिया गया. उसके बाद कब्जाधारियों ने लगातार डराने व मारने की धमकी दिया जाता है. उसके बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर बिकास कुमार ने पीड़िता (मुझे) को फोन कर कई तरह के प्रलोभन व डराने की बात कही. जिसका फोन रेकॉर्डिंग पास में है. पीड़िता ने खलारी डीएसपी से सम्बंधित शिकायत पर अंचलाधिकारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर पर मामला दर्ज करने का आग्रह करते हुए सुरक्षा का मांग किया. अथवा सम्बंधित अधिकारों पर कार्रवाई करने की मांग की.

### निरस्त कर दिया जाएगा जमीन : अंचलाधिकारी

वही इस संबध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि मामला आया हुआ है.जिसके नाम पर निर्गत हुआ है जमीन उसे निरस्त कर दिया जाएगा.

# विल्स प्रीमियर लीग फाइनल का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** विल्स क्लब ऑफ कांके के तत्वाधान में आयोजित आईपीएल के तर्ज पर आयोजित क्रिकेट विल्स प्रीमियर लीग का फाइनल मैच रविवार को राँची के प्रसिद्ध एतेहासिक मैदान कांके के वेटनरी कॉलेज मैदान में खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वेट्नरी डिन डॉ शुशील प्रसाद,अन्नद पांडे,डॉ मालिक, फरहत हुसैन,एहसान अंसारी, अमालुद्दिन अंसारी, सोनू मुंडा, सोमनाथ मुंडा, गुलजार अहमद सुजीत कुजूर,जमील अखतर,संजर आलम,सरफराज आलम,सहनवाज़ आलम,जिब्राइल अंसारी,मुफ़्ती अफ़रोज आलम,हाजी अब्दुल रहमान,जी सी वर्मा,अमरदीप सिन्हा, मोजिबूल रहमान,मेहंदी हसन,डॉ अभिषेक ,अलिमुद्दीन अंसारी,अब्दुल अबुल, नेशार अहमद,मंजर आलम ,एवं अन्य अतिथियों द्वारा फाइनल मैच का शुभारम किया गया । कांके के दो लिजेंड टीम विल्स लिजेंड एवं कांके लिजेंड का मैच खेलाया गया। जिसमे विल्स लिजेंड की टीम विजय रही, वही विल्स प्रीमियर लीग का फाइनल मैच में राँची के दो दिग्गज विल्स टाइगर्स एवं विल्स ब्लास्टेर्स के बीच खेला गया । फाइनल मैच में टॉस जीतकर विल्स ब्लास्टेर्स ने पहले गेंदबाजी पहले करने का विचार बनाया । जहां पहले बल्लेबाजी करते हुवे टाइगर्स की टीम ने 10 ओवर में 73 रन बना सकी, टाइगर्स की टीम ने ब्लास्टेर्स को 10 ओवर में 74 रन लक्ष्य दिया जिसके पीछा करते हुवे ब्लास्टेर्स ने 10 ओवर में मात्र 58 रन ही बना सकी हुवे इस तरहा फाइनल मैच में विल्स टाइगर्सने मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

# विस्थापित प्रभावित एकता मंच का धरना 97वां दिन भी जारी रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** विस्थापित प्रभावित एकता मंच विश्रामपुर का एनके एरिया के केडीएच खदान में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ 97वां दिन धरना जारी रहा. सात सूत्री मांग को लेकर सीसीएल प्रबंध को दिया गया था, जिसका निदान अब तक नहीं हो पाया. इस तरह के कार्य से सीसीएल का ठग नीति है उसको दर्शाता है. सीसीएल प्रबंधक धरने को कुचलने के लिए और बिना विस्थापित किए जबरन ब्लास्टिंग करने की कोशिश किया गया. जिसको आंदोलनकारी महिलाओं के द्वारा खदान में उतर कर इसका विरोध कर बंद करते हुए चेतावनी दिया गया कि सीसीएल प्रबंधन अगर हल जल्द



नहीं निकालती है तो पूरा इनके एरिया का कामकाज ठप करा दिया जाएगा. महिलाओं ने एक स्वर में आवाज लगाकर कहा कि सीएमडी साहब को धरना स्थल पर आकर निरीक्षण करना होगा. इस दौरान जिला परिषद पश्चिमी सरस्वती देवी, खलारी पंचायत मुखिया तेजी किसपोर्टा, पंचायत समिति खलारी किरण देवी,मंच के अध्यक्ष देवलाल गंझू , ईशा प्रवीण,पूर्व मुखिया विश्रामपुर निर्मला उरांव, रैएत नांदो देवी, रेएत रामजीत यादव, हसन अंसारी, साबिर अंसारी, सद्दाम अंसारी शिबू महाली, दीपक कुमार, एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Ranchi**
**e-mail--- eercdranchi-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/RANCHI -48/2022-23 Dated .- **27.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of DPR for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk. |
| 2- | Work completion time | 30 Days |
| 3- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 02-03-2023, 10:30 AM |
| 4- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 09.03.2023, 12.30 PM |
| 5- | Date and Timing of Bid opening | 10.03.2023, 12.30 PM |
| 6- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Ranchi. Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 7- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 8- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in ) |
| 9- | | |

For further information please go through the website http:// jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division, Ranchi.

PR 291379 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)#D

कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध आधारित पारा कर्मियों एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदों के रिक्त (बैकलॉग) पदों पर संविदा/अनुबंध के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–01/2023(DHS) आवेदन की अंतिम तिथि–03.04.2023

उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला चयन समिति (स्वास्थ्य) लातेहार की बैठक में पारित निर्णय के आलोक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति लातेहार के अधीन नीचे अंकित जिला स्तरीय संविदा/अनुबंध आधारित कर्मियों के रिक्त (बैकलॉग) पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

01. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध आधारित पदों की रिक्तयों का विवरण निम्नवत् है:–

| Sl No | Name of the Post | Unit/ Programme | Category wise Current Vacancy Status | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | Total |
| 1 | ANMs | NHM RCH | 0 | 0 | 11 | 11 |
| 2 | Staff Nurse | NHM RCH | 0 | 0 | 5 | 5 |
| 3 | Staff Nurse-NBSU | SNCU/NBSU | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 4 | AYUSH Pharmacists | NHM RCH | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 5 | Councellors-District NCD Clinic | NPCDS and NPHCE | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Councellors-CHC NCD Clinic | NPCDS and NPHCE | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 7 | Psychiatric Social Worker-NMHP | NMHP | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | Sr DOTS Plus TB/HIV Super visitor-NTEP | (NTEP) | 1 | 0 | 0 | 1 |

- नोटः–रिक्तियों की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार।

PR 291377 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय, छतरपुर, पलामू
COURT of Sri Prateek Raj Civil Junior (Jr.Div II CUM JMFC)

G.R.-755/17(s) Daltonganj Palamu PIPRA PS.-21/2017

एक महत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

(1) नाम व शिल पता
O/c-Navi Nager P.S., Dist.-Aurangabad (Bihar) वे चुंके
चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

(2) किया है या करने का उस पर शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमुअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है(2)

(3) नाम – Sita Ram Rajwar @ Raman Jee, s/o Panchu Rajwar, Vill-Salaeya, PS-Navinagar, Dist.-Aurangabad (Bihar) और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जारी न हो सके। पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि कि(3)
जब U/S-147/148/149/323/379/435/386/387/395/34 I.P.C. and 17 C.L.A.

(4) मोकाम।

(4) मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन
ब–मोकाम(5)
अ–हजूर(6)
ब–तारीख माह नालिश–मजकुर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो

(6) इस अदालत व रूबरू मेरे। 18.03.2023

आज तारीख 20 माह 02 सन् 2023

-sd-
PRATEEK RAJ
J.M.F.C.-20/02/2023

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
छतरपुर, पलामू

PR 291342 District (22-23)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR/SVS-25/2022-23,** दिनांक–**03.02.2023** **(Construction of 05 Nos SVS different block under JJM** जो PR No. 289405 Drinking Water and Sanitation(22-23)D द्वारा 05 ग्रुपों की निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**निविदा की तिथि एवं समय :–**

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | Date & time of Publication of Tender on Website | 16.02.2023/ 12:30 P.M. | 09.03.2023/ 12:30 P.M. |
| 2 | Date & time of Pre-bi Meeting | 20.02.2023/ 12:30 P.M. (Regional Chief Engineer, DW & S D. Ranchi Zone, Ranchi. | 13.03.2023/ 12:30 P.M. (Regional Chief Engineer, DW & S D. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 3 | Last date/Time of Bid Submission | 25.02.2023/05:00 P.M. | 17.03.2023/05:00 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | **27/02/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer, DW & S D. Ranchi Zone, Ranchi | **20/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer, DW & S D. Ranchi Zone, Ranchi |
| 5 | Date & time of Opening Tender | 28.02.2023/04:30 P.M. | 21.03.2023/04:30 P.M. |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 291302 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी0, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210
Email ID – jepkhunti@gmail.com

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अन्तर्गत 25% सीट में नामांकन से संबंधित आम–सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत जिले के सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को सत्र 2023–24 में निम्न प्रावधानों के अनुरूप 25% सीट पर नामांकन किया जाना है :

I) सत्र 2023–24 में विद्यालय की प्रवेश कक्षा में विद्यालय की नामांकन क्षमता के 25% सीट पर अभिवंचित समूह, एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन किया जाना है। 25% कोटि में नियमानुसार नामांकित छात्र/छात्राओं से शिक्षण शुल्क विद्यालय द्वारा नहीं लिया जायेगा।

II) वैसे बच्चे जो विद्यालय के 1 कि.मी. की दूरी सीमा के अधीन निवास करते हों, का नामांकन किया जाना है। यदि इस दूरी सीमा में पर्याप्त बच्चे उपलब्ध नहीं होते हैं तो 3 से 6 कि.मी. की दूरी सीमा में निवास करने वाले बच्चों का नामांकन लिया जा सकता है।

III) अभिवंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्ततायुक्त एवं अनाथ बच्चे तथा कमजोर वर्ग के अन्तर्गत जो अभिवंचित समूह में नहीं आते हों और जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000/– से कम हो, का नामांकन किया जाना है।

IV) 25% कोटि में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, खूँटी एवं विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किया जाएगा तथा अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन एवं अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की समुचित जाँचोंपरांत तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के प्रावधानों के अनुरूप योग्य बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, खूँटी/संबंधित विद्यालय में 25% सीट पर अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 20.03.2023** होगी।

V) जिले में गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय जहाँ 25% सीट पर बच्चों का नामांकन लिया जाना है, की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम, पता | विद्यालय की प्रवेश कक्षा, जिसपर नामांकन लिया जायेगा। | प्रवेश कक्षा में कुल नामांकन क्षमता | कुल नामांकन क्षमता का 25 प्रतिशत संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एस0एस0डी0ए0वी0सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल, डी0ए0वी0 रोड खूँटी | LKG | 30 | 8 |
| 2 | कैथरीन अकादमी, पेलौल, खूँटी | NURSERY | 25 | 6 |
| 3 | टी0सी0आई0डी0ए0वी0पब्लिक स्कूल, जम्हार, गोविन्दपुर रोड, कर्रा, खूँटी | LKG | 40 | 10 |
| 4 | चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन, तपकरा रोड, तोरपा | I | 90 | 22 |

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR 291345 (District) 22-23 (D)

# कदमा बाजार में लगी भीषण आग, लाखों की संपति जलकर राख

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा बाजार में सोमवार की सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई। आग ने 25 दुकानों को चपेट में लिया है। दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। टाटा स्टील के अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास काफी दूर तक इसकी लपट महसूस की जा रही थी। आग मछली बाजार के सामने वाली लाइन में लगी है। घटना सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। बताते हैं कि पहले एक दुकान से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। बाद में आग ने फैलना शुरू कर दिया। लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिशें शुरू की बाद में दमकल पहुंचा। कारोबारियों का लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

### सूचना मिलने पर सांसद विद्युत वरण महतो पहुंचे

कदमा बाजार में आग लगने की सूचना मिलने पर सांसद विद्युत वरण महतो तत्काल कदमा बाजार पहुंचे और आगजनी से प्रभावित लोगों एवं दुकानदारों से मुलाकात की। साथ ही जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी से इस बाबत बातचीत कर उन्हें पूरी आगजनी एवं नुकसान का का आकलन करने को कहा। सांसद श्री महतो ने कहा कि तत्काल दुकानदारों को जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकरों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जाए ताकि उनकी रोजी-रोटी और जीविका पटरी पर आ सके ।साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के डीआरडीए के निदेशक सौरभ सिन्हा से भी यह भी कहा के इस संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग से भी यथासंभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाए।
सांसद श्री महतो ने इस बाबत टाटा स्टील के वीपी(सीएस) को भी एक पत्र लिखकर प्रभावित दुकानदारों का को जी.सी.सीट (टाटा शक्ति)उपलब्ध कराने के लिए लिखा है।



### मंत्री बन्ना गुप्ता पीड़ित लोगों से मिल मदद का दिलाया भरोसा

वही रांची से लौटे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कदमा बाजार में अग्नि पीड़ित दुकानदार भाइयों से मिले और दुख प्रकट करते हुए उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी कल रांची पहुंच कर मुख्यमंत्री से भी बताएंगे। कहा राज्य सरकार की तरफ से आपदा प्रबंधन विभाग की ओर प्रावधान के अनुसार पीड़ित लोगो की मदद किया जाएगा।

# टाटा स्टील अपने संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं मनाने के लिए है तैयार

## इस वर्ष संस्थापक दिवस की थीम है ग्रीननोवेशन-मेक टुमॉरो ग्रीन

## 40 से अधिक ऐतिहासिक स्थानों और गोलचक्कर पर रोशनी शामिल है






■ मरीन ड्राइव के समीप नेचर ट्रेल



■ कीनन स्टेडियम के पास कोविड वॉरियर पार्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील आगामी 3 मार्च को अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 184वीं जयंती मनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। इस साल के वार्षिक समारोह का थीम टारगेटिंग जीरो ग्रीन विजनरी होगा। हर साल, टाटा स्टील टाटा समूह की दूसरी कम्पनियों के साथ अपने संस्थापक की जयंती और सामाजिक कल्याण के साथ औद्योगिक भविष्य की उनकी दृष्टि को समर्पित करता है। उक्त जानकारी आज यूनाइटेड क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा और सीनियर जीएम धनंजय मिश्रा ने संयुक्त रुप से दी। बताया कि पर्यावरण को बचाने के थीम के साथ वे लोग इस साल काम करेंगे। बताया कि संस्थापक दिवस पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन 2 मार्च को जमशेदपुर आयेंगे. श्री चंद्रशेखरन जुबली पार्क में संस्थापक जेएन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ विद्युत सज्जा का अनावरण करेंगे. इसके बाद तीन मार्च को वे टाटा स्टील प्लांट में मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे. दो मार्च को ही जुबिली पार्क में लगे नये अग्नि स्टील स्ट्रक्चर को भी समर्पित किया जायेगा। इसके अलावा जमशेदपुर के लोगों को पर्यावरण के नजदीक लाने के लिए सीएच एरिया से मैरिन ड्राइव के बीच जमशेदपुर नेचर ट्रेल और कीनन स्टेडियम के पास कोविड वॉरियर पार्क को भी समर्पित किया जायेगा. जमशेदपुर वर्क्स में स्थापना दिवस समारोह को टाटा स्टील के आधिकारिक हैंडल पर फेसबुक लाइव प्रसारित करने के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, जिसे दुनिया भर में सार्वजनिक रूप से देखा जा सकता है।

### गोलचक्कर से लेकर मुख्य सड़के बिजली के लाइट से जगमगायेगा

जेएन टाटा के जन्मदिन पर इस बार करीब 29 गोलचक्कर पर लाइटिंग होगी। वही सोनारी कदमा लिंक रोड, सीएच एरिया वाले मुख्य रोड, एग्रिको रोड, बारीडीह, टिनप्लेट रोड समेत कई प्रमुख सड़कों पर लाइटिंग की जा रही है। इसके अलावा कई सारे पार्क में भी लाइटिंग का इंतजाम किया गया है, जो शाम 6.30 से रात 12 बजे तक जगमगायेगा।

### जुबिली पार्क की लाइटिंग का नजारा गाड़ी से भी देखा जा सकेगा

जुबिली पार्क में लाइटिंग 3 से 5 मार्च तक रहेगा। लाइटिंग शाम 6 बजे से रात के 10 बजे तक रहेगा पैदल चलने वालों के लिए रहेगा, जबकि रात 10 बजे से लेकर 11 बजे रात तक लोग अपनी गाड़ियों से भी लाइटिंग देख सकेंगे। इसके अलावा जमशेदपुर के 15 से अधिक प्रमुख स्थलों को प्रकाशमान करना जिनमें ऐतिहासिक इमारतें, पूजाघर, दर्जनों चौराहे आदि सम्मिलित हैं। वहीं जेआरडी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं प्रसारण की भी योजना बनाई गई है।

## 21 मार्च को रीगल मैदान में तीनों राज्यों से जुटेंगे हजारों कुड़मी : बिशाल महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहीद रघुनाथ महतो चुआर सेना द्वारा आगामी 21 मार्च को शहीद रघुनाथ महतो की 285 वे जयंती पर रीगल मैदान में कुड़मी विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल चंद्र महतो ने कहा कि 21 मार्च को तीनों राज्यों से करीब हजारों की संख्या में कुड़मी जुटेंगे और इसकी तैयारी में कुड़मी सेना द्वारा पूरा जोरदार तरीके से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कुड़मी सेना एवं रघुनाथ महतो चुआर सेना के सदस्यों द्वारा तीनों राज्यों के सभी कुड़मी बहुल क्षेत्रों में बैठक किया जा रहा है और समाज के लोगो को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर देवदीप महतो,विनोय महतो, मनोरंजन महतो, देवाशीष महतो,शंखदीप महतो, टिंकू महतो, प्रसेनजीत महतो,चंदन महतो, पोबिर महतो,जय प्रकाश महतो,विकाश महतो,विष्णु देव महतो,मनोज महतो, हितेश महतो एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

## तुर्की व सीरिया एंबेसी को रिलीफ सौंप वापस लौटे टीम का हुआ स्वागत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हयुमन वेलफेयर ट्रस्ट के तीन सदस्यों की टीम तुर्की और सिरिया के लोगों के लिए रिलीफ लेकर तुर्की एवं सीरिया एंबेसी, दिल्ली रवाना हुई टीम का कल टाटानगर स्टेशन में वापसी होने पर जोरदार स्वागत किया गया। रिलीफ टीम में संस्था के अध्यक्ष मतीनुल हक़ अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान और ट्रस्टी अज़ीज़ हसनैन शामिल थे। स्वागत के मौके पर जीआरपी टाटानगर थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, एस आई निवास राव, आरपीएफ निरीक्षक अंजुम निशा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

ट्रस्ट की तरफ से 4 और 6 आदमियों के लिए वाटर प्रूफ टेंट, टर्की एंबेसी को दिया गया, जिसकी संख्या 26 थी। वहीं सीरिया के लिए 50 की संख्या में सोलर सिस्टम लाइट जिसमें 3 बल्ब और एक मोबाइल चार्ज एवं 12 घंटे का बैकअप के साथ ही 16 टॉर्च का सहयोग किया।=

## जनेऊ उपवनय को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के श्री श्री 108 मां बासंती पूजा कमेटी का एक महत्वपूर्ण बैठक हरिश चंद्र आचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में पूजा को शांतिपूर्ण धूमधाम से संपन्न करने पर विचार विमर्श किया गया। दशहरा के दिन खरसावां के बासंती मंदिर परिसर में सामूहिक व्रत उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। मौके पर श्री आचार्य ने कहा कि खरसावां में मां बासंती पूजा कई सदियों से चलता आ रहा है, जिसमें ब्राह्मण समाज की सभी वर्ग के बच्चों का निशुल्क जनेऊ उपवयन कार्यक्रम किया जाता है। आगामी 27 फरवरी से 15 मार्च तक पूजा समिति के सदस्य सुखदेव पति से आवेदन लेकर 20 मार्च तक फार्म जमा कर सकते हैं। वहीं 31 मार्च को बच्चों का व्रत उपवयन कार्यक्रम होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से हरिश चंद्र आचार्य, कामाख्या प्रताप षड़ंगी नरसिंह चरण, पति सुधीर मिश्रा सुखदेव पति अंबुजाखीय आचार्य हर कुमार दास पंकज मिश्रा विद्याभूषण आचार्य असीत कुमार मिश्रा बिरोजा पति सुजीत हजरा राजेश मिश्रा सुशील षड़ंगी प्रवीण षड़ंगी रुपेश नंदा आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में रंगोत्सव होली के आगमन का संदेश दे रही पतझड़ की ऋतु में पलाश की फूल

### आदिवासी संस्कृति से जुड़ा है पलाश फूल

आदिवासी महिलाएं पलास फूल की गुच्छा को सिर के बालों में लगाकर श्रृंगार करती हैं। पूरे झारखंड में गांव की सास्कृतिक कार्यक्रमों में इसका खास स्थान है। परंपरा है कि बसंत की शुरुआत में पलास फूल खिलने के बाद जब तक उस फूल से जाहेर थान में पूजा नहीं हो जाए तब तक महिलाएं किसी भी सूरत में इसे अपने माथे में नहीं लगा सकती हैं। पलास फूल का आदिवासी संस्कृति व सभ्यता से भी गहरा लगाव है। सास्कृतिक कार्यक्रम समेत विभिन्न आयोजनों में भी इस फूल की महत्ता है। हालाकि आदिवासी समुदाय के बीच सखुआ फूल की अहमियत सबसे खास है। सखुआ के फूल से पूजा और विभिन्न अनुष्ठान करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

### आदिवासी समुदाय होली को बाहा पर्व के रूप में

आदिवासी समुदाय फाल्गुन में ही होली खेलते हैं जिसे बाहा कहा जाता है। खास बात यह कि होली में रंगों का उपयोग नहीं किया जाता है। आदिवासी समुदाय में बाहा में सादा पानी ही एक-दूसरे पर डाल कर होली मनाते हैं। जिस तरह से होली में फगुवा गाने का रिवाज है उसी प्रकार बाहा में भी सास्कृतिक आयोजन व नाच-गान की विशेष संस्कृति परंपरा है। इसके लिए विशेष आदिवासी गीत भी गाए जाते हैं। होली में रंग की प्रेमियों व आदिवासी समुदाय से अलग दूसरे समुदाय के लोग भी प्राकृतिक तरीके से होली मनाने की परंपरा की शुरुआत की है जो बाहा की परंपरा और मान्यताओं से बिल्कुल अलग है।

### होली पर्व में प्राकृतिक रंग बनाने का तरीका

इस होली में रंगों से खेलने के लिए सादे पानी में पलास का फूल डाल कर रात भर उसे फुलाया जाता है। उससे सुबह में होली खेली जाती है। क्योंकि इसमें रंगों का इस्तेमाल नहीं होता है और पानी की भी बचत होती है। आदिवासी समुदाय हमेशा से ही जल जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम में लगे रहते है। और आदिवासी समाज आदि से ही अपनी पहचान और संस्कृति मानते है।



कांग्रेस महतो@प्रभात मंत्र

**चांडिल :** जब वन-जंगलों में झारखंड की राजकीय फूल पलाश के साथ अन्य वनफूलों की बहार हो, भवंरो के गुनगुनाहट के मधुर संगीत, कोयल की कुक से धरा प्रेममय बने और पतझड़ की ऋतु में वनफूलों की खुशबू मौसम को मतवाला करें तो समझिए राग - रंगों का त्योहार होली का आगमन होनेवाली हैं। बसंत ऋतु उमंग का मौसम होती है और बसंत पूर्णिमा के अवसर पर राग-रंग का त्योहार होली मनाया जाता है।

### रासायनिक रंगों से हो रहा है दुष्प्रभाव

*प्राचीन समय में चंदन, हलदी, पलाश के फूल आदि से रंग बनाकर होली खेलने की परंपरा थी। लेकिन वर्तमान समय में प्राकृतिक रंग के स्थान पर रासायनिक रंगों का अधिक प्रचलन होने लगा है। प्राकृतिक रंग में कोई दुष्प्रभाव नहीं है जबकि रासायनिक रंगों में अनेक प्रकार दुष्प्रभाव है। रासायनिक रंग से चमड़ा को अधिक खतरा है।*

## जरूरतमंद कन्या के विवाह में मायुमं सुरभि शाखा ने किया सहयोग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जरूरतमंद एक कन्या के विवाह में नगद सहित कई घरेलू सामान देकर सहयोग किया गया। इस नेक कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, अनीता खेमका, कविता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रीति बुधिया आदि सदस्यों का योगदान रहा। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि पांच साड़ी, चार कुर्ती सेट, घाघरा चुन्नी, दिवाल घड़ी, दो पीस चुन्नी, चार बेडशीट, एक बाथरूम सेट, एक कुकर, कैसरोल सेट, कुछ सजाने योग्य सामान, केटली, मुन्ना बाबू के सहयोग से 5100 नगदी, 1 जोड़ी चांदी की पायल, क्रोकरी, पाजेब, बिछिया अंगूठी मेकअप का सामान, दो हैंड पर्स, एक कप सेट, एक गिलास सेट, ज्वेलरी आइटम, मिठाई चॉकलेट बिस्किट इत्यादि।



## कांड्रा पिन्ड्राबेड़ा सर्विस रोड में फ्लाई ऐश लदा बलकर पलटा, सड़क पर लगा जाम

**कांड्रा( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** टोल टैक्स बचाने के चक्कर में चालक की चालाकी भारी पड़ी और गाडी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. मामला कांड्रा थाना क्षेत्र के पिन्ड्राबेड़ा मोड़ के पास का है. जहां सोमवार सुबह आधुनिक कंपनी से फ्लाई ऐश लेकर फर्स्ट चॉइस कंक्रीट मिक्चर प्लांट के लिए सर्विस रोड से जा रहे बलकर वाहन सड़क पर बने गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गया. गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ. चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई. इधर क्रेन द्वारा वाहन को उठाने के प्रयास में सड़क पर भारी जाम लग गया. बताते चले की सर्विस रोड में पाइप बिछाने का काम कई महीने से चल रहा है और पाइप बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया है. जिसे ठीक से नहीं भरा गया है. यह गड्ढे हमेशा हादसों को आमंत्रण देते नजर आते हैं।



## बांग्ला साहित्यकार सह सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ सचिन कुमार दत्त के निधन पर शोक

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बांग्ला भाषा के साहित्यकार सह अमरनाथ झा प्लस टू स्कूल बांदोवान के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ सचिन कुमार दत्त का रविवार की रात करीब 9 बजे पटमदा के गाड़ीग्राम स्थित घर में ही निधन हो गया। वे डाइबिटीज व किडनी की बीमारी से ग्रसित थे और लंबे समय तक इलाजरत थे। वे अपने पीछे दो पुत्रों डॉ सौमेन कुमार दत्त एवं नरेंद्र नाथ दत्त एवं एक पुत्री सुप्रिया दत्त समेत भरा पूरा संसार छोड़ गए हैं। उनके पूर्व छात्र आदित्य हालदार ने बताया कि डॉ दत्त अपने छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। वे बांग्ला भाषा में कई साहित्य की पुस्तकें प्रकाशित कर चुके हैं। उनके असामयिक निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। इसकी सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह काफी संख्या में उनके मित्र व शुभचिंतक उनके घर पहुंचे। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रो. जादव दत्त, प्रो. पंचानन दास, शालिग्राम मंडल, विजय कृष्ण मल्लिक, बिरिंची महतो, शरत सिंह सरदार, पंचानन महतो, डॉ अमित कुमार दास, डॉ कल्याण महतो, डॉ सव्यसाची मंडल, अजय कुमार, आदित्य हालदार, प्रमथ महतो, अजित दत्त, जयदेव दत्त, प्रदीप महतो, सुगदा मुर्मू समेत दर्जनों लोग शवयात्रा में शामिल हुए।



## संस्थापक दिवस पर बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में टेनिकोइट प्रतियोगिता का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड टेनिकोइट एसोसिएशन के तत्वधान में टाटा स्टील के संस्थापक दिवस पर 3 मार्च को धातकीडीह स्थित बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर है में टेनिकोइट प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाएगा। कोच शहाबुद्दीन ने बताया कि टेनिकोइट के मैच खेले जाएंगे जिसमें 24 टीम भाग ले रहे हैं। जिसमे सिंगल एवं डबल के मैच होगे। मैच सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक खेला जाएगा। प्रतियोगिताओं में बालक-बालिकाओं के अलावा पुरुष-महिला वर्ग की टीम भी भाग लेंगी। कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण संध्या 6:00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड टेनिकोइट संघ के अली रजा खान, इमरान अली शोरो दास, ऋषि कुमार सिंह उपस्थित थे।



## सुरभि का अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 3 मार्च को लोयोला स्कूल ऑडिटोरियम में

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुरभि के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद दोदराजका (अग्रवाल) की पहल पर आगामी तीन मार्च शुक्रवार को होली के माहौल में और शहर के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती के दिन कवि सम्मेलन लोयोला स्कूल के फैंसी ऑटिडोरियम में होने जा रहा है. इसमें देश के कई नामचीन कवि अपनी कविताओं से शहर समेत झारखंड, ओडिशा व बंगाल से भी आनेवाले अनेक कविता प्रेमियों व साहित्यसेवियों को गुदगुदाएंगे. सोमवार को बिष्टुपुर के एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मलेन में गोविंद दोदराजका ने बताया कि पहली बार शहर के सबसे बड़े ऑडिटोरियम में इसका आयोजन हो रहा है. तीन मार्च को शाम सात बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा इसका उद्घाटन करेंगे. कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों राव अजातशत्रु (उदयपुर), जानी बैरागी राजोद (मध्य प्रदेश), आशीष अनल (लखनऊ), राधेश्याम भारती ( प्रयागराज), सुश्री मणिका दूबे (जबलपुर, मप्र), व श्रीमती भुवन मोहिनी (इंदौर, मप्र) अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे, हंसाएंगे और चुटीली व्यंग्य रचनाओं से समाज और देश की स्थितियों से रूबरू कराएंगे. इस कार्यक्रम का संचालन राव अजातशत्रु (उदयपुर) के द्वारा किया जाएगा। सुरभि के महासचिव चंद्रदेव सिंह राकेश व कार्यक्रम के संयोजक इंदर अग्रवाल ने बताया कि सुरभि की ओर से पिछले 22 वर्षों से हर साल (कोरोना काल के छोडक़र) होली के अवसर पर सफलतापूर्वक अखिल भारतीय स्तर के कवि सम्मेलन का अत्यंत भव्यता के साथ आयोजन किया जाता रहा है।

## संपादकीय

# उग्र तत्वों पर लगे अंकुश

**पंजाब** के अमृतसर में अजनाला पुलिस स्टेशन में जो दृश्य दिखा, उसे किसी भी तरह से सामान्य नहीं बताया जा सकता। मीडिया रिपोर्टों से सामने आए इसके ब्योरे डराने वाले हैं। अपहरण और मारपीट के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस कुछ लोगों को गिरफ्तार करती है। गिरफ्तार हुए लोग एक स्थानीय संगठन से जुड़े बताए जाते हैं, जिसका कहना है कि ये लोग बेकसूर हैं और इन्हें तत्काल छोड़ा जाना चाहिए। पुलिस इस दलील को स्वीकार नहीं करती है। इसके बाद पुलिस पर दबाव बनाने के लिए संगठन की अपील पर समर्थक थाने का घेराव करते हैं। बड़ी संख्या में तलवार, बंदूक और लाठियों से लैस भीड़ बैरिकेड्स तोड़ते हुए थाने में घुस जाती है। इस दौरान कई पुलिस वाले घायल होते हैं। इसके बाद पुलिस मान जाती है कि समर्थकों का दावा सही है। उसका कहना है कि समर्थकों द्वारा दिए गए सबूतों से साफ हो गया कि संबंधित व्यक्ति बेकसूर है और इसीलिए पुलिस ने उसे रिहा करना स्वीकार कर लिया। यह पूरा मामला न केवल संदेहों से भरा है बल्कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस के मनोबल पर बेहद खराब टिप्पणी है। सच है कि हाल के महीनों में पंजाब में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, लेकिन गुरुवार की घटना ने इन सबको पीछे छोड़ दिया। अगर पुलिस से गलती हुई हो तो उसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने का शांतिपूर्ण विकल्प लोगों के पास मौजूद है, जिसका इस्तेमाल देश भर में लोग करते रहे हैं। यहां जिस तरह से तलवारें लिए लोग पुलिस स्टेशन में घुसे, उसे धरना-प्रदर्शन तो कतई नहीं कहा जा सकता। जहां तक पुलिस का सवाल है तो प्राथमिकी दर्ज करने और उसमें गिरफ्तारी करने से पहले क्या घटना से जुड़े तथ्यों को खंगाल लेना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा नहीं होता? अगर फिर भी, उससे गलती हो गई थी तो जब संगठन से जुड़े लोग अपीलें करते हुए इस गलती को सुधारने की मांग कर रहे थे, तब उसने फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत क्यों नहीं महसूस की? जब लोग तलवारें लिए थाने में घुसे, तभी क्यों उसे यह इल्म हुआ कि उससे गलती हुई है? जाहिर है, यह मामला गलती को सही करने का उतना नहीं लगता, जितना पुलिस के दबाव में झुकने का। पुलिस की किसी कार्रवाई का सही या गलत होना अदालती प्रक्रिया में तय होता है। अगर इस तरह हथियारबंद भीड़ के कहे मुताबिक चीजें तय होने लगें तो कानून के राज का भला क्या मतलब रह जाएगा? कुछ हलकों से ऐसे आरोप भी सामने आए हैं कि उस संगठन से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। उस पहलू से भी मामले की जांच हो, यह तो ठीक है, लेकिन यहां मसला कानून-व्यवस्था का है। किसी संगठन को कानून हाथ में लेने और पुलिस-प्रशासन को इस तरह बंधक बना लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती।


> सच है कि हाल के महीनों में पंजाब में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, लेकिन गुरुवार की घटना ने इन सबको पीछे छोड़ दिया। अगर पुलिस से गलती हुई हो तो उसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने का शांतिपूर्ण विकल्प लोगों के पास मौजूद है, जिसका इस्तेमाल देश भर में लोग करते रहे हैं। यहां जिस तरह से तलवारें लिए लोग पुलिस स्टेशन में घुसे, उसे धरना-प्रदर्शन तो कतई नहीं कहा जा सकता। जहां तक पुलिस का सवाल है तो प्राथमिकी दर्ज करने और उसमें गिरफ्तारी करने से पहले क्या घटना से जुड़े तथ्यों को खंगाल लेना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा नहीं होता? अगर फिर भी, उससे गलती हो गई थी तो जब संगठन से जुड़े लोग अपीलें करते हुए इस गलती को सुधारने की मांग कर रहे थे, तब उसने फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत क्यों नहीं महसूस की? जब लोग तलवारें लिए थाने में घुसे, तभी क्यों उसे यह इल्म हुआ कि उससे गलती हुई है? जाहिर है, यह मामला गलती को सही करने का उतना नहीं लगता, जितना पुलिस के दबाव में झुकने का। पुलिस की किसी कार्रवाई का सही या गलत होना अदालती प्रक्रिया में तय होता है। अगर इस तरह हथियारबंद भीड़ के कहे मुताबिक चीजें तय होने लगें तो कानून के राज का भला क्या मतलब रह जाएगा? कुछ हलकों से ऐसे आरोप भी सामने आए हैं कि उस संगठन से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं।


## बोध कथा

# आईने का सच

**एक** गुरुकुल के आचार्य अपने शिष्य की सेवा भावना से बहुत प्रभावित हुए। शिक्षा पूरी होने के बाद शिष्य को विदा करने का समय आया, तब गुरु ने शिष्य को आशीर्वाद के रूप में एक ऐसा दर्पण दिया, जिसमें व्यक्ति के मन के छिपे हुए भाव दिखाई देते थे। शिष्य उस दर्पण को पाकर बहुत प्रसन्न हुआ। शिष्य ने परीक्षा लेने के लिए दर्पण का मुंह सबसे पहले गुरुजी की ओर ही कर दिया। शिष्य ने दर्पण में देखा कि उसके गुरुजी के मन में मोह, अहंकार, क्रोध आदि बुरी बातें हैं। यह देख कर शिष्य को दुख हुआ। शिष्य दर्पण लेकर गुरुकुल से रवाना हुआ। उसने अपने मित्रों और परिचितों के सामने दर्पण रखकर परीक्षा ली। शिष्य को सभी के मन में कोई न कोई बुराई दिखाई दी। यह देखकर शिष्य को बहुत दुख हुआ और इसके बाद वह एक बार फिर गुरुकुल पहुंचा। गुरुकुल में शिष्य ने गुरुजी से कहा कि गुरुदेव मैंने इस दर्पण की मदद से देखा कि सभी के मन में कुछ न कुछ बुराई जरूर हैं। तब गुरुजी ने दर्पण का रुख शिष्य की ओर कर दिया। शिष्य ने दर्पण में देखा कि उसके मन में भी अहंकार, क्रोध जैसी बुराइयां हैं। गुरुजी ने शिष्य को समझाते हुए कहा कि यह दर्पण मैंने तुम्हें अपनी बुराइयां देखकर खुद में सुधार करने के लिए दिया था, दूसरों की बुराइयां देखने के लिए नहीं। जितना समय दूसरों की बुराइयों देखने में लगाया, उतना समय खुद को सुधारने में लगाया होता तो अब तक तुम्हारा व्यक्तित्व बदल चुका होता।

## अमृत कलश

# प्रकृति ने आपको बुद्धि दी

**इंसान** को प्रकृति से जो आजादी मिली है, वह उसी की वजह से परेशानी में है। इस धरती के सभी दूसरे प्राणियों की तुलना में आपकी बुद्धि सबसे प्रखर है - यही समस्या है। आप दो पैरों पर खड़े हो सकते हैं - यह भी समस्या है। आप जब चाहे खा सकते हैं, आप जब चाहे संभोग कर सकते हैं। दूसरे प्राणी यह सब एक खास मौसम में करते हैं। और नतीजा जरा देखिए, कैसे पागल हो कर हमने अपनी संख्या कई गुना बढ़ा ली है। जितनी आजादी हमें दी गई है, उतनी किसी दूसरे प्राणी को कभी नहीं दी गई। इस चीज को हमें अपने लिए एक संभावना के तौर पर विकसित करना चाहिए था, लेकिन हुआ उल्टा। यही आजादी इंसान के लिए श्राप बन गई। ऐसे बहुत कम लोग हैं, जो उस आजादी और बुद्धिमानी का आनंद ले पा रहे हैं, जो उन्हें प्रकृति की ओर से मिली है। हमारी समस्या यही है कि प्रकृति ने हमें जो तोहफा दिया है, हम उसे संभाल पाने में समर्थ नहीं हैं। मान लीजिए आपको 25 साल की जेल हुई, लेकिन अचानक दस साल के बाद उन्होंने आपको रिहा करने का निर्णय ले लिया। यह सबसे अच्छी बात है जो आपके साथ हो सकती थी, लेकिन लोगों को इससे कष्ट होगा। अभी यही हो रहा है। प्रकृति ने आपको जल्दी रिहा कर दिया, यह सोचकर कि आप अपनी बुद्धि के सहारे सब कुछ ठीक तरह से संभाल सकेंगे। लेकिन संतुलन और स्थिरता लाए बिना लोग तमाम तरह की चीजों में उलझते हैं और इन्हीं में से एक चीज यह है कि वे जीवन में एक बड़ा मकसद चाहते हैं। इसका मतलब यह है कि जो जीवन है, आप उसके अलावा कुछ और बनना चाहते हैं। अध्यात्म का मतलब है कि आपका अपना कोई लक्ष्य नहीं है। आप कुछ भी लेकर जाने या हासिल करने के चक्कर में नहीं हैं। आप न कुछ हासिल करना चाहते हैं, न कहीं पहुंचना चाहते हैं क्योंकि अगर आप ठीक तरह से देखें तो आप पाएंगे कि जीवन की प्रक्रिया अपने आप में इतनी शानदार है कि उसे किसी उद्देश्य की आवश्यकता नहीं है। जो लोग जीवन की इस प्रक्रिया की भव्यता को नहीं देख पाते, वही किसी बड़े उद्देश्य के बारे में सोचते हैं। चूंकि उन्होंने जीवन खो दिया, इसलिए वे जीवन में एक उद्देश्य ढूंढ रहे हैं।

---

**प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों यानी माइक्रो प्लास्टिक के बढ़ते खतरों को लेकर भारत सहित अनेक देशों में चिंता जताई जा रही है**

# शरीर में घुलता प्लास्टिक का जहर

योगेश कुमार गोयल


> 'एनवायरमेंट इंटरनेशनल' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में शोधकर्ता पहले ही यह खुलासा कर चुके हैं कि पृथ्वी के प्रत्येक कोने तक पहुंच चुका माइक्रो प्लास्टिक अजन्मे शिशुओं के गर्भनाल में भी मिला है। यह बेहद चिंता का विषय है, क्योंकि भ्रूण के विकास में गर्भनाल की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जहां किसी भी जहरीली चीज का पहुंचना ठीक नहीं है। यह शोध रोम के फेटबेनेफ्राटेली हास्पिटल तथा पोलेटेक्निका डेल मार्श यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया था। इस शोध के दौरान अठारह से चालीस वर्ष आयु की छह स्वस्थ महिलाओं के प्लेसेंटा का विश्लेषण करने पर इनमें से चार में माइक्रो प्लास्टिक कण मिले थे। गर्भावस्था के दौरान ये महिलाएं सामान्य रहीं और इन्होंने सामान्य तरीके से बच्चे को जन्म दिया। माइक्रो प्लास्टिक बच्चे की ओर के नाल के हिस्से और मां की ओर के नाल के हिस्से में पाया गया, साथ ही उस मेंब्रेन में भी मिला, जहां भ्रूण का विकास होता है।


**प्लास्टिक** का प्रदूषण बेहद खतरनाक इसलिए है, क्योंकि इसके कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि ये बड़ी आसानी से रक्त के जरिए शरीर में पहुंच सकते हैं। सूक्ष्म प्लास्टिक के बढ़ते खतरे को इसी से समझा जा सकता है कि यह अब पृथ्वी पर हर जगह मौजूद है। दुनिया के सबसे ऊंचे ग्लेशियर हों या सबसे गहरी समुद्री खाइयां, हर जगह इसकी मौजूदगी है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि प्लास्टिक के अत्यंत सूक्ष्म कण मानव शरीर के लिए जानलेवा बनते जा रहे हैं। अब पहली बार वैज्ञानिकों को संवहनी ऊतकों में भी माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला है, जिससे स्पष्ट होता है कि ये महीन कण रक्त वाहिकाओं के माध्यम से मानव ऊतक में प्रवेश कर सकते हैं। हालांकि इससे पहले प्लास्टिक के महीन कण रक्त तथा इंसानी फेफड़ों के अंदर काफी गहराई में पाए जा चुके हैं। अब पेंट तथा भोजन की डिब्बाबंदी में इस्तेमाल होने वाले माइक्रो प्लास्टिक के कणों का इंसानी शिराओं में मिलना यह स्पष्ट करता है कि वातावरण में बढ़ता इसका जहर हमारी नसों तक में घुल चुका है। कुछ समय पहले अजन्मे शिशुओं के गर्भनाल में माइक्रो प्लास्टिक होने का पता चला था। अब नसों में इसका पाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। हाल के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक को ज्यादा टिकाऊ बनाने वाले पदार्थ 'थैलेट' के संपर्क में आने से खासकर महिलाओं में मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इससे पहले किसी भी अध्ययन में यह जांच नहीं की गई थी कि माइक्रो प्लास्टिक रक्त वाहिकाओं में घुसपैठ या फिर उसे पार कर सकता है। उनके मुताबिक नसों में मिले माइक्रो प्लास्टिक के ये कण पांच अलग-अलग प्रकार के प्लास्टिक पालीमर के थे, जो पहले से अलग थे। नसों में इनकी मौजूदगी शिराओं के अंदरूनी हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे ये समय बीतने के साथ अवरुद्ध हो सकती हैं। शोधकर्ताओं को नसों में माइक्रो प्लास्टिक के जो कण मिले, उनमें सिंथेटिक पेंट, वार्निश, इनेमल आदि में इस्तेमाल होने वाला अल्काइड रेसिन, खाद्य पैकेजिंग, शिपिंग बाक्स, बैग, कागज, प्लास्टिक, फायल में चिपकने के लिए उपयोग होने वाला घटक पालीविनाइल एसीटेट (पीवीएसी), प्लास्टिक पालीमर को जोड़ने, लचीले पैकेजिंग उत्पाद बनाने के लिए उपयोग होने वाले तार, केबल, पाइप में परत बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले नायलान और ईवीओएच-ईवीए के भी अंश शामिल थे। इससे पहले अमेरिकी केमिकल सोसायटी द्वारा किए गए एक अध्ययन में कुल सैंतालीस नमूनों में मानव अंगों की जांच करने पर वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक संदूषण पाया था। अध्ययन में फेफड़ों, यकृत, प्लीहा तथा गुर्दे से लिए गए नमूनों में माइक्रो प्लास्टिक



और नैनो प्लास्टिक मिला था। 'केमिकल रिसर्च टाक्सिकोलाजी' नामक जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से भी पता चला है कि माइक्रो प्लास्टिक शरीर की कोशिकीय कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक प्लास्टिक के ये महीन कण जब सांस या किसी अन्य तरीके से शरीर में पहुंच जाते हैं तो वे कुछ ही दिनों में फेफड़ों की कोशिकाओं, चयापचय और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। उसके आकार में भी बदलाव कर सकते हैं। अध्ययन से यह भी पता चला कि टूथपेस्ट, क्रीम से लेकर हमारे भोजन, हवा और पानी तक में मौजूद ये माइक्रो प्लास्टिक बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोध को तीस गुना तक बढ़ा सकते है। 'एनवायरमेंट इंटरनेशनल' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में शोधकर्ता पहले ही यह खुलासा कर चुके हैं कि पृथ्वी के प्रत्येक कोने तक पहुंच चुका माइक्रो प्लास्टिक अजन्मे शिशुओं के गर्भनाल में भी मिला है। यह बेहद चिंता का विषय है, क्योंकि भ्रूण के विकास में गर्भनाल की बेहद महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, जहां किसी भी जहरीली चीज का पहुंचना ठीक नहीं है। यह शोध रोम के फेटबेनेफ्राटेली हास्पिटल तथा पोलेटेक्निका डेल मार्श यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया था। इस शोध के दौरान अठारह से चालीस वर्ष आयु की छह स्वस्थ महिलाओं के प्लेसेंटा का विश्लेषण करने पर इनमें से चार में माइक्रो प्लास्टिक कण मिले थे। गर्भावस्था के दौरान ये महिलाएं सामान्य रहीं और इन्होंने सामान्य तरीके से बच्चे को जन्म दिया। माइक्रो प्लास्टिक बच्चे की ओर के नाल के हिस्से और मां की ओर के नाल के हिस्से में पाया गया, साथ ही उस मेंब्रेन में भी मिला, जहां भ्रूण का विकास होता है। गर्भनाल में मिले माइक्रो प्लास्टिक सिंथेटिक यौगिकों से युक्त थे और इन बारह टुकड़ों में से नौ टुकड़ों में सिंथेटिक पेंट सामग्री थी, जिसका इस्तेमाल क्रीम, मेकअप या नेलपालिश बनाने में होता है और तीन की पहचान पालीप्रोपाइलीन के रूप में की गई थी, जिसका इस्तेमाल प्लास्टिक की बोतलें बनाने में किया जाता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने केवल चार प्रतिशत गर्भनाल का अध्ययन किया था, जिससे स्पष्ट है कि नाल के अंदर माइक्रो प्लास्टिक की संख्या काफी ज्यादा हो सकती थी। अध्ययन के अनुसार नीले, लाल, नारंगी और गुलाबी रंग के माइक्रो प्लास्टिक के जो कण मिले, वे मूल रूप से पैकेजिंग, पेंट या सौंदर्य प्रसाधन से नाल तक पहुंचे थे। दस माइक्रोन तक के ये सभी माइक्रो प्लास्टिक आसानी से रक्त के रास्ते बच्चे के शरीर में जा सकते थे। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये कण मां की सांस और मुंह के जरिए ही भ्रूण में पहुंचे होंगे। माइक्रो प्लास्टिक के कणों में पैलेडियम, क्रोमियम, कैडमियम जैसी जहरीली भारी धातुएं शामिल होती हैं। प्लास्टिक का यह प्रदूषण बेहद खतरनाक इसलिए है, क्योंकि इसके कण इतने सूक्ष्म होते हैं, जिन्हें सामान्य आंखों से देख पाना असंभव होता है। ये बड़ी आसानी से रक्त के जरिए शरीर में पहुंच सकते हैं। माइक्रो प्लास्टिक के बढ़ते खतरे को इसी से समझा जा सकता है कि यह अब पृथ्वी पर हर जगह मौजूद है। दुनिया के सबसे ऊंचे ग्लेशियर हों या सबसे गहरी समुद्री खाइयां, हर जगह इसकी मौजूदगी है। कुछ समय पहले एक शोध में यह तथ्य सामने आया था कि वर्ष भर में हर मनुष्य में करीब दस हजार माइक्रो या नैनो प्लास्टिक के टुकड़े भोजन या पेय पदार्थों के जरिए या सांस के माध्यम से अनजाने में ही शरीर के भीतर पहुंच जाते हैं। एक शोध में पाया गया कि भोजन की एक बड़ी थाली में औसतन प्लास्टिक के 114 सूक्ष्म कण होते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में एक व्यक्ति प्रति वर्ष इसी प्रकार भोजन के जरिए प्लास्टिक के 68415 सूक्ष्म कण निगल लेता है। इसका अर्थ है कि हम अपने शरीर की प्रत्येक मांसपेशी के लिए हर साल प्लास्टिक के कम से कम दो सूक्ष्म कण भोजन के जरिए ही निगलते हैं। वातावरण में तैरते प्लास्टिक के कणों के शरीर में समाने का आंकड़ा इससे अलग है। चाहे दरी हो या कालीन, किसी सामान की पैकेजिंग हो, कुर्सी, सोफा और यहां तक कि हमारे कपड़ों में भी इन कणों की मौजूदगी हो सकती है, जिन्हें हम देख नहीं पाते और न चाहते हुए भी ये सांस के जरिए हमारी दैनिक खुराक का हिस्सा बनते रहते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इनके दुष्प्रभावों के शुरुआती संकेत तो यही हैं कि प्लास्टिक रसायनों या कणों के कारण होने वाली सूजन से पाचन अंगों को नुकसान हो सकता है। उनके अनुसार माइक्रो प्लास्टिक को इंसान के शरीर में जाने से रोकने के लिए सबसे बेहतर और कारगर तरीका यही है कि प्लास्टिक का निर्माण और उपयोग न्यूनतम किया जाए। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि लाल और श्वेत रक्त कोशिकाओं के संपर्क में आने के बाद माइक्रो और नैनो प्लास्टिक एक विशेष प्रकार की रासायनिक प्रक्रिया उत्पन्न करते हैं, जिससे दोनों प्रकार की रक्त कोशिकाएं मर जाती हैं और इनके मरने के बाद यह जहर धीरे-धीरे शरीर में आगे बढ़ते हुए अन्य कोशिकाओं को भी मारता जाता है।

---

# मातृभाषाः शिक्षा की आधारशिला

धर्मेंद्र प्रधान

भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं। 21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में 'बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरत' विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है, ÷राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है। बहुत अधिक किताबी ज्ञान में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए।÷ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से छुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनईपी 2020 प्रारंभिक बचपन की देखभाल व शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है। मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है व हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा। भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है। हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। ये तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा 'आकांक्षी' बने।बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी। भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संस्कृति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## नागरिक बोध

# बहुतों को रास नहीं आ रही हमारी तरक्की

**जनवरी** 2023 के अंतिम सप्ताह में हिंडनबर्ग रिसर्च नाम की एक फर्म ने अडानी समूह के खिलाफ कुछ गंभीर आरोप लगाए थे, जिसमें धोखाधड़ी और गलत तरीके से शेयर कीमतों को प्रभावित करने के आरोप भी शामिल थे। उसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों के भाव में भारी गिरावट आ गई। इस समूह के मुखिया गौतम अडानी, जो 24 जनवरी, 2023 तक दुनिया के तीसरे सबसे अधिक धनाढ्य व्यक्ति थे, अब विश्व के 26वें सबसे धनी हैं। उनकी कुल संपत्ति वर्ष के शुरू में 121 अरब डॉलर थी, 22 फरवरी, 2023 तक घटकर 43.4 अरब डॉलर ही रह गई। अब इधर, विकीपीडिया के अधिकारियों ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाया है कि अडानी समूह से जुड़े लोगों ने अडानी, उनके परिवार और उनकी कंपनियों की जानकारियों के संबंध में छेड़खानी की है। इसका असर भी बाजार में दिखा। बाजार फिर गिरा, लेकिन अभी बताना मुश्किल है कि गिरावट कब रुकेगी? हालांकि, हिंडनबर्ग रिसर्च पर भी खूब सवाल उठे हैं। यह स्वयं को फोरेंसिक वित्तीय शोध कंपनी कहती है, पर इसका मुख्य काम शेयर बाजार में शॉर्ट सेलिंग का है। जब कोई व्यक्ति या फर्म अपने अधिकार में शेयर न होने पर भी शेयर बेचने का सौदा करती है, तो उसे शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है। ऐसे में, शेयर का दाम भविष्य में कम होने पर शॉर्ट सेलर को फायदा होता है और यही फायदा अडानी के शेयरों की कीमत घटने पर हिंडनबर्ग को भी मिला। इससे पहले भी हिंडनबर्ग शॉट सेलिंग व्यवसाय में फायदे के लिए 16 कंपनियों पर गलतियों या धोखाधड़ी के आरोप लगाकर फायदा कमा चुकी है, इसमें निकोला कॉरपोरेशन और एलन मस्क द्वारा ट्विटर अधिग्रहण के संदर्भ में हुए खुलासे भी शामिल हैं, यानी हिंडनबर्ग पर भी आरोप है कि ये खुलासे उसके व्यवसाय से जुड़े हैं, इसलिए इसमें हितों के टकराव का मामला बनता है। इससे पहले हिंडनबर्ग पर जुलाई 2022 में एबिक्स नाम की कंपनी द्वारा दिल्ली के तीसहजारी न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया था, जिसमें कोर्ट के आदेश अनुसार, गूगल और ट्विटर को हिंडनबर्ग द्वारा दी गई जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया था।

---

## देश दुनीया से

# ऐसी उठी उंगलियां कि विश्वास हिल गया

**भारत** जैसे विकासशील देश में उद्योग-व्यवसाय में स्वस्थ प्रतियोगिता बहुत मायने रखती है। नए उद्योगों की स्थापना और विदेशी निवेश आकर्षण के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह देश में निवेशकों के लिए विश्वसनीय और स्वस्थ माहौल निर्मित करे। निवेश की सबसे बड़ी धुरी होती है- कानून का शासन, और पिछले एक महीने में इस सरकार ने उसके तार-तार कर दिए हैं। बेनामी पैसों से लेकर शेल कंपनीज जैसे गंभीर आरोपों से घिरे अडानी समूह पर सन्नाटे और संस्थानों की शिथिलता ने न सिर्फ निवेशकों, बल्कि आम जनमानस के विश्वास और भरोसे को हिलाकर रख दिया है। नतीजतन आज पूरी दुनिया में भारत के एक ऐसे उद्योगपति की चर्चा हो रही है, जिसने जनता की कमाई और देश की ईमानदार छवि को लगभग मिट्टी में मिला दिया। दुनिया के शीर्ष तीन अरबपतियों में शुमार रहे अडानी आज की तारीख में शीर्ष 25 से बाहर हो गए हैं। साथ ही, इस घटना ने सरकार की नीति नियामक संस्थाओं पर भी कई प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। इस समूह में निवेश करने वाले निवेशकों के 12 लाख करोड़ रुपये डूब गए हैं। अमेरिका की फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की 106 पन्ने की रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में लगातार गिरावट छोटे निवेशकों के लिए तबाही जैसा है। पिछले एक महीने में स्टॉक मार्केट में करीब 20 लाख करोड़ रुपये मार्केट कैप में नष्ट हुए, जिसमें से अडानी समूह का करीब 12 लाख करोड़ रुपये मार्केट कैप में नष्ट हुआ, लेकिन उसी में छोटे निवेशकों के करीब आठ लाख करोड़ रुपये भी बर्बाद हो गए, जिनका अडानी समूह के स्टॉक से कोई भी लेना-देना नहीं है, इसके बावजूद उनको यह नुकसान झेलना पड़ रहा है। अडानी समूह का मार्केट कैप 60 फीसदी गिरावट के साथ 7.38 लाख करोड़ रुपये रह गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी इसका नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस पूरे प्रकरण से भारत का बड़ा नुकसान हुआ है। इससे व्यावसायिक नियमन के मामले में देश की छवि प्रभावित हुई है, जिसके कई दूरगामी नकारात्मक परिणाम सामने भी आने लगे हैं। विदेशी निवेशक और ऋण देने वाली बड़ी विदेशी संस्थाएं भारत की अर्थव्यवस्था को निवेश के लिए आकर्षक और विश्वसनीय ठिकाना मानती रही हैं, लेकिन अब स्टैंडर्ड चार्टर्ड, सिटी बैंक, क्रेडिट स्वीस समेत कई प्रतिष्ठित बैंकों ने अडानी समूह की कंपनियों के बॉन्ड को मार्जिन लोन पर कोलैटरल के रूप में स्वीकार करना बंद कर दिया है। यही नहीं, ब्रिटेन का वित्तीय नियामक, फाइनेंशियल कंडक्ट अथॉरिटी अडानी समूह और लंदन स्थित कंपनी इलारा कैपिटल के बीच संबंध की भी जांच कर रहा है। नॉर्वे के पेंशन फंड ने अडानी समूह में अपने निवेश को बेच दिया है और फ्रांस की कंपनी टोटाल ने अडानी गैस में अपने निवेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। दुनिया के ज्यादातर बड़े शेयर बाजारों में चिंता है और अनेक भारतीय कंपनियों के शेयरों को संदेह की निगाह से देखा जा रहा है। इन सबके अलावा प्रतिष्ठित इंटरनेट प्लेटफॉर्म विकीपीडिया ने भी अडानी समूह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि बीते एक दशक से अधिक समय से रणनीतिक तरीके से अडानी और उनके कारोबार के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर झूठी बातें लिखी जा रही हैं। दुनिया भर के बैंकों ने जहां अडानी समूह पर नकेल कसा है, वहीं भारत में किसी भी बैंक ने अभी तक उचित फैसला नहीं लिया है।


> नए उद्योगों की स्थापना और विदेशी निवेश आकर्षण के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह देश में निवेशकों के लिए विश्वसनीय और स्वस्थ माहौल निर्मित करे। निवेश की सबसे बड़ी धुरी होती है- कानून का शासन, और पिछले एक महीने में इस सरकार ने उसके तार-तार कर दिए हैं। बेनामी पैसों से लेकर शेल कंपनीज जैसे गंभीर आरोपों से घिरे अडानी समूह पर सन्नाटे और संस्थानों की शिथिलता ने न सिर्फ निवेशकों, बल्कि आम जनमानस के विश्वास और भरोसे को हिलाकर रख दिया है। नतीजतन आज पूरी दुनिया में भारत के एक ऐसे उद्योगपति की चर्चा हो रही है, जिसने जनता की कमाई और देश की ईमानदार छवि को लगभग मिट्टी में मिला दिया।

# अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने राँची चतरा मुख्य मार्ग को किया जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनेशपुर ग्राम में रविवार की रात अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गणेशपुर से ड्हु की ओर जा रही एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गणेशपुर हाई स्कूल के पास मोटरसाइकि सवार कुलदीप उरांव 18 वर्ष पिता बिलजी उराँव ग्राम चमरेगा, व दिलीप उराँव 20 वर्ष पिता लालजी उराँव ग्राम चमरेगा, गणेशपुर थानां बालूमाथ को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया वह दोनों मृत शव को कब्जे में ले कर थाना ले आये इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं नौकरी की मांग को लेकर बालूमाथ थाना के समीप रांची चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। वही सड़क जाम का नेतृत्व कर रहे जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि मृतक के परिजनों को दस-दस लाख मुवावजा व सरकारी नौकरी सीसीएल एवं जिला प्रशासन मिल कर उप्लब्ध कराए ।बालूमाथ पुलिस की मिली भगत से क्षेत्र में कोयले का अबैध कारोबार चल रहा है जिसका असर आम जनता में पड़ रहा है ।एक और बालूमाथ पुलिस जलावन के लिए मोटरसाइकिल से कोयला ला रहे आम आदमी को जेल भेज दे रहा है और दूसरी और रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से भंडारण हो रहा है। अबैध कोयला लदा गाड़ियों की रफ्तार इतनी रहती है कि उसके चपेट में आम जनता आ रही है। आगे उन्होंने कहा कि सीसीएल में इतनी शख्त सिक्युरिटी होने के बाबजूद भी कोयले की चोरी होना सीसीएल के अधिकारियों पर भी प्रश्न उठ रहे है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस तरह का हो रहे अबैध कारोबार पर लगाम लगाने की मांग की है। सड़क जाम में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, बालूमाथ जिला परिषद सदस्य पूर्वी प्रियंका कुमारी, उपप्रमुख कामेश्वर राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, कांग्रेस युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष एजाज अहमद समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। सड़क जाम सुबह 8:00 से बारह बजे तक चार घंटा रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई कैलाश बाडा, कुबेर साव जाम स्थल पहुंचे। एवं जमाकर्ताओं से वार्ता की। जहां अंचलाधिकारी द्वारा मृतक के दोनों आश्रितों को 35-35 हज़ार नगद व पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि, पीएम आवास देने का आश्वासन के बाद जाम हटा।

# गैर कानूनी तरीके से खाद्यान्न कटौती से डीलर व कार्डधारी परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** माह फरवरी 2023 में राशन आवंटन में गैर कानूनी तरीके से कटौती और राशन विक्रेताओं द्वारा वितरण में प्रति यूनिट दो किलोग्राम कटौती या हेराफेरी मानो आफत व परेशानियों का शबब बन चुका है। जहां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाल व पीला कार्डधारियों का आवंटित अनाज का बड़े हिस्से को झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हरा कार्डधारियों का राशन डीलर के पास बचत राशन की मात्रा के रूप में सरकार व विभाग के द्वारा गैर कानूनी तरीके से एक मुश्त कटौती कर लिया गया है ।वह इसलिए कि पूर्व में डीलरो को आंवटित राशन से सिर्फ खाद्य सुरक्षा कानून के तहत बचा हुआ राशन नियम के तहत काटा जा रहा था पर फरवरी 2023 से नियम को धत्ता बता कर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत डीलर के पास बचा हुआ राशन (क्लोजिंग बैलेंस) भी आवंटित राशन से काट ली गई है। बता दें कि पिछले 6 महीना से हरा राशन कार्ड धारियों के लिए राशन का आवंटन बंद है। जहां बरवाडीह में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आवंटित राशन से डीलर ज्वाला प्रसाद का 3780 किवंटल अशोक राम 4700 किवंटल समेत डीलरों का लगभग 2 सौ 33 किवंटल कटौती किए गए हैं जिसे झारखंड सरकार के आहार पोर्टल पर देखा जा सकता है। ऐसे में संबंधित विक्रेताओं के द्वारा राशन वितरण में हेराफेरी करने की संभावनाएं बनती दिख रही है। जहां कार्डधारियों को डीलर के द्वारा दिग्भ्रमित करते बताया जाता है कि सरकार राशन काट लिया है हम कहां से देंगे या फिर उन्हें कम राशन देंगे जैसे कि विगत कुछ दिन पहले दुर्गा स्वयं सहायता समूह के द्वारा प्रति यूनिट दो किलोग्राम खाद्यान्न कटौती पर प्रखंड कार्यालय में कार्डधारियों द्वारा हंगामा किया गया था । सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार भुक्तभोगी डीलर अबतक फरवरी माह का राशन उठाव या वितरण नहीं कर पाए हैं। संभावना जताई जा रही है कि डीलर द्वारा राशन वितरण में हेराफेरी किया जा सकता है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला के विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, बेसिक इन्फ्रास्ट्रचर, कौशल विकास से संबंधित सभी इंडिकेटरों की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा हेतु संस्थागत प्रसव को शत प्रतिशत कराया जाय। साथ ही होम डिलवरी की समस्या को देखते हुए उपायुक्त ने प्रशिक्षित नर्स द्वारा ही प्रसव कराने का निर्देश दिया। उपयुक्त ने कहा की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम नई पहल है इसके तहत जिले के प्रखंड म्यूरहंड का चयन किया गया है। इस चयनित प्रखंड क्षेत्र में आकांक्षी कार्यक्रम के तहत विभिन्न विकास इंडिक्टर पर सुधार करने का निर्देश दिया। इस क्षेत्र के विकास के लिए कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के नियुक्त की प्रक्रिया की कार्रवाई अग्रसर करने को कहा। घनश्याम शर्मा द्वारा बताया गया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पूरे देशभर में 112 आकांक्षी जिलों कि सूची में चतरा जिला माह नवंबर 2022 में 26 वां स्थान प्राप्त किया है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, दिनेश मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, पिरामल फाउण्डेशन के जिला कार्यक्रम प्रतिनिधि दीपक मिश्रा, अफसर आजाद, घनश्याम शर्मा, नेहा ठाकुर, तथा दीपांशी निगम उपस्थित थे।

## सिसई में हुआ संत समागम का भव्य आयोजन, गांव हुआ भक्तिमय

# संत सेवा में ईश्वर के होते हैं दर्शन : ईश्वर दयाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड अंतर्गत सिसई गाँव में बनारस और बोधगया मठ के महंत रमेश गिरी महाराज एवम् सत्यानंद स्वामी गुरुदीक्षा और अपने मठों में होने वाले धर्म जागरण कार्यक्रम के निमित्त पहुंचे थे। टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के आवास पर संत समागम का भव्य आयोजन हुआ। संत समागम में महंत रमेश गिरी जी महाराज एवम् सत्यानंद स्वामी के द्वारा करीब एक दर्जन लोगों को गुरुदीक्षा दिया गया और उपस्थित सभी ग्रामवासियों को अगले कुछ महीनों बाद अयोजित होने वाले बोधगया व वाराणसी मठ में धर्म जागरण (सनातन संस्कृति की महिमा) कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया। गुरुदीक्षा पाने वालों में भाजपा टंडवा मंडल पुर्व महामंत्री उदय पांडेय सपत्नी पंचायत समिति सदस्या शशिबाला, पुर्व मुखिया छेदी पांडेय के पुत्र कमलेश कुमार पांडेय, रजनीकांत पांडेय, नित्यानंद पांडेय सपत्नी थे। मौके पर वाराणसी के नित्यानंद स्वामी, राजेश पांडेय, शशी जी (बोधगया), सूरज जी (विद्यार्थी परिषद् बिहार प्रदेश सह मंत्री), धनंजय पांडेय, द्वारिका पांडेय, सुमन भारतीय, विजय पांडेय व ग्रामवासी धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

## छात्राओ की समस्याओं को लेकर सौंपा आवेदन



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ भाजपा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने छात्राओं की समस्या को लेकर एक आवेदन परियोजना पदाधिकारी तेतरियाखाड़ को दिया है। दिए आवेदन में कहा है कि बालूमाथ प्रखंड में एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय है। विद्यालय में अध्ययनरत अधिकांश छात्राएं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़े वर्ग आती है। इस वर्ष 2023 माध्यमिक बोर्ड परीक्षा का केंद्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाबर में कर दिया गया है। जिससे छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में काफी परेशानी होगी ।सीसीएल द्वारा इन 163 छात्राओं को सुरक्षा की दृष्टिकोण से परीक्षा केंद्र भेजने के लिए दो बस उपलब्ध किया जाए। परीक्षा आगामी 14 मार्च से 3 अप्रैल तक गई। वही आवेदन की प्रतिलिपि बालूमाथ अंचलाधिकारी और जीएम राजहरा को सौंपी गई है।

## हाईवा के चपेट में आने से दो बाईक सवार घायल

**प्रतापपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज मुख्य पथ स्थित गेरूआ पुल के पास हाईवा के चपेट में आने से दो बाईक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलों की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नन्दई गांव निवासी अरूण भारती एवं सलेमपुर गांव निवासी उपेन्द्र भारती के रूप में किया गया है दोनो घायल युवक को 108 एम्बुलेंस की मदद से प्रतापपुर सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र भर्ति किया गया। जहा पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक इल्लाज के बाद युवक को गंभीर स्थिति के देखते हुए मेडिकल अस्पताल गया रेफर कर दिया गया है घायल के परिजनो ने बताया की ये दोनो युवक अपने बाईक पर सवार होकर सलेमपुर से प्रतापपुर आ रहे थे इसी दौरान विपरित दिशा से आ रही हाईवा (जेएच 13 जी 2857) नें गेरूआ पुल के पास जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ये दोनो बाईक सहित सड़क पर गिर गये। दुर्घटना के बाद हाईवा चालक फरार हो गया है इधर प्रतापपुर पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहूंचकर हाईवा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

## होली शांतिपूर्ण मनाने को लेकर थाना परिसर में संपन्न हुआ शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार 27 फरवरी को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। एवं संचालक भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बैठक को संबोधित करते हुए बारी-बारी से एक ही बात बोले कि होली में अश्लील गाना ना बजावें।यदि डीजे साउंड बजाते हैं तो धीमी आवाज में बजावे।ताकि अन्य किसी को परेशानी ना हो। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान उपाध्यक्ष रामदेव यादव सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह मुकेश साव दिनेश भारती बारिसाखी पंसंस प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास समाजसेवी प्रसादी पासवान रामदेव यादव पूर्व पहरा पंचायत मुखिया महेंद्र राम महावीर दांगी सुरेश राणा राजू लाल वर्मा एवं अनेकों जनप्रतिनिधि समाजसेवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राजी सरना प्रार्थना सभा ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारीयातु :** प्रखण्ड अंतर्गत सरना स्थल, नचना में राजी सरना प्रर्थना सभा की प्रखण्ड समिति की बैठक, प्रखण्ड अध्यक्ष जयपाल उरांव के अध्यक्षता में हुई। इस सभा में मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी उपस्थित रहीं। इस बैठक में 12 मार्च को मोरहाबादी मैदान रांची में आहुत सरना धर्म महारैली की तैयारियों एवं सरना धर्म कोड, समाज में व्याप्त बेरोजगारी, शिक्षा, अंधविश्वास, समाजिक न्याय, एकता और नशामुक्ति जैसे बिषयो पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को मोरहाबादी मैदान रांची में आहुत सरना धर्म महारैली के लिए सभी गांवों में संपर्क अभियान चलाकर आदिवासी समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 2 मार्च को प्रखण्ड स्तरिय अभियान चलाया जाएगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस सरना धर्म महारैली में भागिदारी सुनिश्चित किया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला सलाहकार सजु उरांव, महासचिव रामप्रीत लोहरा, समाज सेवी सुरेश उरांव, नंदु उरांव, राजदेव उरांव, सतेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष श्रवण उरांव, जयराम उरांव, सीता मनी उरांव, मुनेश्वरी उरांव अनिमेष उरांव आदि उपस्थित रहे।

# खरवार भोगता विकास संघ की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड स्थित सरना भवन परिसर मे खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु की अध्यक्षता मे सोमवार को बैठक सम्पन्न हुई. बैठक मे मुख्य रूप से निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस 28 मार्च को बारियातू स्थित कांडरका नदी के सामने मनाने का निर्णय लिया गया। शहादत दिवस के मौके पर अधिक से अधिक संख्या मे लोगों को भाग लेने की अपील की है। आगामी 12 मार्च को रांची के मोराबादी मैदान मे आहूत सरना धर्म महारैली को समर्थन करते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का भी निर्णय लिया गया। बैठक मे उपस्थित सभी खरवार भोगता विकास संघ के कार्यकर्ताओं ने विधायक चमरा लिंडा द्वारा खरवार भोगता को टिप्पणी की गई थी जिसका घोर विरोध किया। मौके पर कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश गंझु, सचिव बिनोद गंझु, पंचायत अध्यक्ष मंगर गंझु, कुलदीप भोगता, सुरेंद्र गंझु, युगल, महावीर, बसंत, नन्दकिशोर, प्रदीप सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## थाना परिसर में भव्य तरीके से किया होली मिलन समारोह



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं संचालन मनोज कुमार पाल ने किया। होली मिलन समारोह में सभी पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ-साथ अलग-अलग राजनीतिक दल के लोगों को अबीर गुलाल लगाते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। एवं होली एक दूसरे का मिलनसार त्यौहार है।इसमें पुराने सभी तरह की बातों को भूल कर नए वर्ष में एक नई उमंग के साथ प्रवेश करने का त्यौहार है। इन सभी बातों की व्याख्या करते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। एवं मिठाई बांटी गई। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा परमेश्वर दांगी बबलू कुमार साव उप मुखिया मंजू देवी संजय यादव दिनेश भारती बसंत सिंह प्रसादी पासवान एवं ढेर सारे लोग उपस्थित थे।

## मिशन अंत्योदय के तहत गांव का सर्वे करने को लेकर महिलाओं को करवाया गया प्रशिक्षण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सचिवालय में संचालित बीएमएमयू ऑफिस में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को मिशन अंत्योदय के तहत गांव का सर्वे करने को लेकर सोमवार को प्रशिक्षण करवाया गया। प्रशिक्षक आईपीआरपी सुनीता देवी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सैजल कुमारी के द्वारा बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक महिला 4 से 5 गांव का सर्वे कर सकती है। जो भीपीआरपी से जुड़े एवं मोबाइल ऐप मिशन अंतोदय से गांव के घर घर का सर्वे करना है। प्रशिक्षु के द्वारा यह भी बताया गया कि प्रति दिन में पूरे गांव कंप्लीट कर लेना है। मौके पर उपस्थित उषा देवी संगीता देवी नीतू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव कलश यात्रा निकाली गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर स्थित राजहार मोड़ में अविस्थत शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें भारी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु गण यात्रा में शामिल होकर हर हर?? महादेव के नारे लगाते हुए सभी श्रद्धालुओं के द्वारा कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर बाइपास चौक पहुंची और इसके बाद थाना चौक व मुख्य मार्ग होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची इसके बाद मानस पथ होते हुए चटनाही के औरंगा नदी पहुंची यहां त्रिभुवन पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरा गया जलभरी करके फिर सभी श्रद्धालुओं ने वापस मंदिर परिसर पहुंचे इसके बाद यहां कलशों की स्थापना एवं आरती पूजन की गयी कलश यात्रा को ले कर यहां याहां बहुत भारी उत्साह देखा गया बच्चे कलश यात्रा में झंडे ले कर आगे आगे चल रहे थे वार्षिकोत्सव को ले कर मंदिर को आकर्षक रूप सजाया गया है जो बहुत ही आकर्षक और अदभूत दृश्य दिखाई पड़ रहे हैं मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य यजमान नारायण साव सन्पीक उपस्थित थे।मंदिर प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद ने बताया कि 28 मार्च को पीठ पूजा व पाठ किया जायेगा जबकि एक मार्च को भंडारा आयोजित किया जायेगा. उन्होने सभी को कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील नगर वासियों से की है मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक, काशी साव, मुरारी प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, प्रकाश तिवारी, गजेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, विशाल चंद्र साहु, सुनीत कुमार कुक्कू, सुरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद मनोज प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, शंकर प्रसाद, राजू प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, संतोष पासवान, भोला प्रसाद, बिहारी प्रसाद व आदित प्रसाद आदि उपस्थित थे। पूजा समितियों ने सभी लोगों से विनम्र पूर्वक आग्रह किया कि भारी से भारी संख्या में आएं और धर्म का लाभ लें।

# बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने की जबकि बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता ने की। बैठक में सर्वप्रथम वंदे मातरम गीत के साथ बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मनोज सिंह ने सभी उपस्थित मंडल की टोली को संबोधित करते हुए उन्होंने पन्ना प्रमुख तथा पेज समिति बनाने संबंधी निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत रहेगा तभी हम चुनाव जीत सकते हैं। आने वाले समय में फिर एक बार मोदी सरकार हमें देश में बनाना है इसके लिए हम सभी को जनता के बीच जाना होगा।जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने चतरा जिला के सभी 18 मंडल से आये चार लोगों की टोली को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों के ऊपर बड़ी जिम्मेवारी है जिसे बूथ मजबूत कर पूरा कर सकते हैं। बैठक को जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, तिलेश्वर पासवान, धर्मेंद्र साहू, शिव कुमार चौबे, आदि ने भी बूथ मजबूती पर अपनी बातों को रखा। बैठक में सभी मंडल से आए हुए चार सम्मानित कार्यकर्ताओं की मंडल टोली, चतरा नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, कानहाचट्टी अध्यक्ष सतीश सिंह, सांसद प्रतिनिधि सरयु राम, कन्हैया सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पासवान, कार्यालय प्रभारी गुड्डू सिंह सहित कई कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

## सिंघानी के भुईयां टोला ग्रामीणों ने चंदा लगाकर बनवाया चापाकल



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र सिंघानी गांव के हरिजन टोला में 6 माह से खराब पड़ा चापानल को ग्रामीणों ने अपने चंदा से बनवाया टोला में 50 घर के लोग इस चापानल का पानी पीते है यह चापानल पी एच डी विभाग द्वारा बनाया गया ग्रामीणों का कहना है की इस चापानल को खराब हो जाने से यहां के लोग काफी परेशान थे यहां पर कभी कभी पानी के चलते लड़ाई झगड़ा तक कर लेते थे लेकिन अब शांति है क्योंकि हमारे टोला में तीन चापानल हो गया है और अब पानी का किल्लत खत्म हो गया। इस मौके पर गणपत भुईयां, सहदेव भुइंया, प्रेम भुईयां, बासदेव भुईयां, बिनोद राम उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग 8

रांची, मंगलवार, 28 फरवरी 2023 | पेज

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन सड़क पर खड़ी रहने से दुर्घटना की आशंका

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ गोमियाँ रोड के किनारे पर अवस्थित बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य संस्थानों की वजह से बैंक के पास एवं अगल-बगल दुपहिया वाहन और चारपहिया वाहन के लगे होने से वाहन सड़क पर लगा के खड़ी की जाती है,जिसके कारण यहाँ आये दिन दुर्घटना होती रहती है ।जिस पर बैंक अधिकारियों एवं प्रशासन कोई सुध लेता है,ना जनप्रतिनिधियों को कोई सरोकार है । यहां तक कि सड़क के किनारे चलने वाले फुटपाथ कही दिखाई ही नही पड़ते, जिस वजह से स्कूली बच्चों एवं वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को काफी परेशानी होती है, और दुर्घटना की आशंका प्रायः बनी रहती है । बताना चाहूँगा की अभी सहारा कार्यालय पिछले कई महीनों से बंद है,वरना मोटरसाइकिलो कि सँख्या दुगुनी रहती है । इसको सोचा जाय तो सड़क में आने -जाने वालो लोगो के लिए स्थिति भयावह है ।जल्द ही बैंक इस पर संज्ञान ले और पार्किंग की व्यवस्था आम लोगो को मुहैया कराये नही तो आने वाले समय मे बड़ी दुर्घटना को नकारा नही जा सकता ।

### बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया के बच्चों को शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के शिक्षक मजाजअल्वी, मोतीलाल गिरी एवं जितेंद्र प्रसाद दांगी के नेतृत्व में बच्चों को पाषाण कालीन विश्व का प्राचीनतम इसको गुफा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। हजारीबाग के ब्लू इमाम द्वारा 1991 में इसको गुफा की खोज किया गया था। इसको गुफा के खुले वातावरण में शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में एक नई अनुभव जागृत हुई। बच्चे प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान पाए। बच्चे काफी उत्साहित और खुश नजर आए इसको गुफा की कलाकृति के बारे में शिक्षकों के द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना के बारे में भी शिक्षकों के द्वारा बताया गया।

### खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मे सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा जन वितरण प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारी,कर्मचारियों,जन वितरण प्रणाली विक्रेता के कार्य क्षमता एवं दक्षता में वृद्धि करने के निमित्त प्रशिक्षण हेतु सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट,कार्मेल चौक में 27 फरवरी दिन सोमवार को संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में अपर समाहर्ता राकेश रोशन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, जनप्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जिला आपूर्ति कार्यालय के कर्मी समेत बड़ी संख्या में जन वितरण प्रणाली के डीलर उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों से जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने एवं संवेदनशील होकर जन वितरण प्रणाली के वितरण व्यवस्था में आने वाली कठिनाइयों का निवारण करने का प्रयास में एकजुटता का परिचय देने की बात पर बल दिया। मौके पर हजारीबाग जिलान्तर्गत कुल 1382 लक्षित जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को ई-पॉश मशीन का उपयोग एवं खाद्यान्न का वितरण आदि सभी प्रकार की जानकारी ई-पॉश मशीन के टेक्नीशियन नरेश कुमार के द्वारा दी गई। सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को वेइंग मशीन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी रांची से आए तकनीशियन जितेन्द्र कुमार के द्वारा दिया गया।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार की टीम ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का निरिक्षण किया।झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजुर और मिन्हाजुल हक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी वेद्वन्ति कुमारी, अंचलधिकारी अनिल कुमार सिंह, एलपीओ राकेश सिंह, सीडब्लूसी सदस्य मुन्ना पांडेय, बीईओ नागदेव यादव,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रामचंद्र यादव की उपस्थिति निरीक्षण किया। में बाल संरक्षण अधिकार की सदस्य रूचि कुजुर मिन्हाजुल हक ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक और बौद्धिक स्तर की जांच किया, सिलेबस की जानकारी लेते हुये सभी विषय की जानकारी प्राप्त किया,बच्चियों को मिल रहें भोजन,ड्रेस, दिनचर्या की सामग्री, किताब कॉपी, छात्रावास में मिल रहें सुविधाएं,शुद्ध पेय जल, क्रीड़ा सामग्री इत्यादि की जानकारी प्राप्त किया। वार्डन शोभा पांडेय,पूर्ण कालिकशिक्षक रेखा कुमारी, रौशनी बाड़ा, खुशबू कुमारी,अंश कालिक शिक्षक सुरेश प्रसाद, धर्मेश कुमार,श्वेता कुमारी इस क्रम में इनके साथ थीं। सदस्यों ने विद्यालय के विज्ञान लैब, कंप्यूटर लैब, क्राफ्ट लैब, के रखरखाव पर ड्डद्ध ध्यान दिया।रूचि कुजुर ने ने कहा कि सरकार की योजनाओ को लागू करने की जिम्मेवारी पदाधिकारी और विद्यालय प्रबंधन की है,उसका अनुपालन होने चाहिए।अंशकलिक शिक्षक को नियमित वेतन नही मिलने पर शिक्षकों ने सदस्यों से आग्रह किया कि उनकी बात को उच्च स्तर पर रख कर समस्याओ का समाधान किया जाय, रूचि कुजुर ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान किया जायेगा।

## सिविल कोर्ट फार्म के लिए हजारों अभ्यर्थियों की लगी लंबी कतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सिविल कोर्ट में आदेशपाल, पियून कर्मी की बहाली को लेकर करीब हजारों अभ्यर्थियों ने सोमवार को फार्म जमा करने के लिए कोर्ट परिसर पहुंचे। जहां अभ्यर्थियों की एक लंबी कतार लग गई। कतार करीब पूरे कोर्ट परिसर में लगी हुई थी। ज्ञात हो कि सिविल कोर्ट के फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक ही सीमित है। इसलिए अभ्यर्थियों की एक लंबी लाइन को देख प्रशासन को भी मुस्तैद किया गया था। फार्म जमा करने के लिए अभ्यर्थी चतरा, रांची, रामगढ, कोडरमा, गिरीडिह, बोकारो से हजारीबाग आए थे। बताया गया कि सोमवार तक करीब 36 हजार फार्म जमा किए गए। वहीं कयास लगाया ज रहा है कि कल मंगलवार को फार्म जमा करने के लिए अंतिम तिथि है। और लगभग 50 हजार फार्म जाम किए जाएंगे। अभ्यर्थियों में महिलाएं भी शामिल थीं।

## बार एसोसिएशन ने विधिक कानून के बारे में बच्चों को दी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बरही बार एसोसिएशन हजारीबाग के तत्वाधान में सोमवार को कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला के विधि सेवा परिषद अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष कुमार ओझा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमित साहू, प्राचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, एवं विद्यालय के सभी आचार्य मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने ने किशोरों एवं बच्चों को विधि ज्ञान, पोस्को एक्ट 2012 एवं संविधान के बारे में विशेष जानकारी दी गई।



मुख्य अतिथि आशीष कुमार ओझा ने बताया कि पोस्को अधिनियम 2012 में बाल यौन शोषण से निपटने के लिए एक विशेष अधिनियम के रूप में एक कानून पारित किया गया है। किशोर अभियुक्तों और पीड़ितों के संबंध में वहाँ तटस्थ नियम है। साथ ही उन्होंने गुड टच और बैड टच के बारे भी विस्तार पूर्वक बच्चों को समझाया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा किया गया।

## निर्जला एकादशी उद्यापन को लेकर निकाली गई जलयात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा संतूरपी में निर्जला एकादशी उद्यापन को लेकर संतूरपी से खेड़ूया नदी तक जलयात्रा निकाली गई। जल यात्रा समाजसेवी स्व सुखदेव पंडित के पिता जोधन पंडित एवं उनकी माता निरिया देवी के द्वारा निर्जला एकादशी व्रत पांच दिनों का कार्यक्रम किया जा रहा है। जलयात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं आम जन ने श्रद्धा एवं भक्ति की अदभुत मिसाल पेश की,मानो सड़क पर श्रद्धा एवं भक्ति का जनसैलाब आया हो । संतुरपी से लेकर नदी तक माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया ।इस मौके मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव,विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद शेख तैयब,बगोदर पश्चिमी जिप सदस्य दुर्गेश कुमार,बगोदर प्रमुख आशा राज,भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता बॉर्डर, जरमुने पश्चिमी पूर्व मुखिया संतोष कुमार रजक,भाजपा नेता युवा समाजसेवी धर्मवीर यादव,भाजपा भाजपा नेता हरि यादव,धनंजय सिंह,रामचद्र पासवान,भैरव यादव मनोज यादव,इंद्रदेव पंडित,राजू पांडे,विजय रवानी,सुधीर सिंह, जागेश्वर पंडित,अशोक यादव जितेंद्र यादव,अमन कुमार, वासुदेव पंडित समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित



## रबी की खड़ी फसल को पशुओं ने किया बर्बाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ पंचायत के टण्डा में इन दिनों गेंहू की रबी फसल करीब दो सौ एकड़ में लहलहा रही है। किसानों ने अपनी खून पसीने की मेहनत से पूरे टण्डा के खेतों को हर भरा कर दिया है । मगर बीती रात नावाडीह,बक्सपुरा एवं नवादा के पशुओं भैंस- भैंसा ने गेंहू की खड़ी फसल को लगी बाड़ को तोड़ कर फसल को बर्बाद कर दिया । जिससे किसानों ने सुबह को चौदह की संख्या में भैंस एवं भैंसा को बाड़े में बाँध कर रखा है । ताकि पशुओं के मालिको से बर्बाद फसल का हर्जाना लिया जाय ।



फसल चरने के बाद किसानों इंद्र पासवान, पिता-रूपलाल पासवान, वेणी गोप, पिता-मिथलेश यादव, महादेव पासवान, पिता-सुरेश पासवान, बेनी यादव, पिता-सरजू यादव, रामजी पासवान, पिता-पूरन पासवान एवं जनक पासवान, पिता-उगन पासवान ने बताया कि रातभर चौदह की संख्या में भैंस-भैंसा ने खड़ी फसल को चरते हुए फसल को रौंद दिया जिससे हम किसानों को करीब दस हजार की क्षति का अनुमान है । पशुओं को हमलोगों ने बाड़े में बंद कर दिया है, पशुओं के मालिक द्वारा उचित मुआवजा एवं आगे से पशुओं को बांध के रखने के आश्वासन बाद ही छोड़ा जायेगा ।

## 25 मार्च को मनाया जाएगा स्थापना दिवस : विप्रसं मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएनएल विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ अधिकारियों कि बैठक हुई। जिसमें विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के द्वारा होने वाले स्थापना दिवस 4 मार्च को स्थगित कर दिया गया है।यह कार्यक्रम रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव के कारण रद्द किया गया है अब यह कार्यक्रम आगामी 25 मार्च 2023 को किया जाएगा। साथ ही स्थापना दिवस कि तैयारी को लेकर सभी गांव स्तरीय कोर कमेटी को निर्देश भी दिया गया है।ताकि अपने-अपने गाँवो में तैयारी शुरू करें। मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा यह तय किया गया कि इस बार का स्थापना दिवस अपने आप में पतरातू की धरती के लिए ऐतिहासिक होगा। मौके पर मोर्चा के द्वारा रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया में धीमी गति को लेकर पीवीयूएनएल एवं भेल प्रबंधन के प्रति रोष व्यक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कुमेल उरांव,अब्दुल कयूम अंसारी, प्रदीप महतो,बप्पी मुखर्जी, मो0 अलीम,कौलेश्वर महतो, मोहित कुमार, दीनदयाल महतो, अशोक मुंडा, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एफ़पीओ निदेशकों की क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नाबार्ड द्वारा सात जिलों के 40 से अधिक प्रोड्यूसर कंपनियों के 80 निदेशकों के लिए आईएआरआई गौरियाकरमा में तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य इन जिलों के चुनिन्दा एफ़पीओ को विभिन्न हितधारकों के साथ अधिकाधिक समन्वय और बैंक ऋण के सहयोग और विशेषकर आईसीएआर के द्वारा विकसित तकनीकों और फसल क़िस्मों से किसानों को लाभ पहुँचने वाली विभिन्न गतिविधियों के आधार पर व्यापार योजना बनाने और कृषि उत्पादों के वैल्यू चैन के विकास के लिए क्रमबद्ध कार्य-योजना बनाना था। इस कार्यक्रम में नाबार्ड द्वारा 7 जिलों हजारीबाग, गढ़वा, लातेहार, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावाँ में गठित और विकसित किए जा रहे 40 एफ़पीओ के कुल 80 निदेशक, एफ़पीओ के संचालन, बिज़नस प्लान और संभावित क्षेत्रों में विशिष्ट उत्पादों में प्रोसेसिंग के द्वारा अच्छे मार्केट में पैठ बनाने की योजना बनाने पर कार्य करेंगे। इसके अलावा प्रशिक्षु निदेशक एक मॉडल एफ़पीओ के कार्यालय प्रबंधन, खाता प्रबंधन और व्यापार प्रबंधन के मॉडल एफ़पीओ का भ्रमण कर उनका प्रत्यक्षण भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान निदेशकों ने विभिन्न सत्रों में आईएआरआई के कार्यकारी निदेशक डॉ विशाल नाथ पाण्डेय, वरीय वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा और अन्य वैज्ञानिकों तथा जिला कृषि पदाधिकारी और उनके कार्यालय के पदाधिकारिओ और एफ़पीओ सेक्टर के अनुभवी प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ आईएआरआई में उपलब्ध और नयी तकनीकों से लाभान्वित हुए। इस आयोजन में वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा की प्रमुख भूमिका रही।



## 10 दिवसीय योग शिविर कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

**बरकट्ठा :** प्रखंड के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर में पतंजलि योगपीठ के राज्य प्रभारी नवजीवन पाण्डेय और योग शिक्षक अमित कुमार, योग गुरु महेंद्र प्रसाद,प्रखंड प्रभारी रविंद्र पाण्डेय के द्वारा 26 फरवरी 2023 से 7 मार्च 2023 तक आवासीय योगा कार्यक्रम आरंभ किया गया है। प्रत्येक दिन सुबह 5:15 से 7:30 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जो कि निःशुल्क योगा कार्यक्रम रखा गया है। किंतु जिनको विशेष उपचार किसी बीमारी का करवाना है उन्हें 24 घंटा परिसर में रहकर योग शिक्षक की देखरेख में उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा,जिसमे प्राकृतिक चिकित्सा वेलनेस विधि का प्रशिक्षण एवं रोगी का इलाज भी होगा। लाभ लेने वाले इच्छुक ब्यक्ति अपना पंजीकरण कराना होगा एवं अपने साथ अपने पसंद का ओढ़ना बिछावन, एक थाली एवं गिलास के साथ अपना दिनचर्या का सामान साथ लाना अनिवार्य है।

## माता शबरी जयंती पूजा आज



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सांकुल पंचायत ऊपरटांड में माता शबरी जयंती धूमधाम से आज मनाई जाएगी द्य यह जयंती ग्राम सांकुल में पहली बार मनाई जा रही हैं। जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।झारखंड भूईया समाज विकास समिति रामगढ़ जिला अध्यक्ष आजाद भूईया ने बताया कि इस जयंती के अवसर पर वरिष्ठ नेता सुखदेव विद्रोही मुख्य अतिथि एवं प्रखंड के गणमान्य और जनप्रतिनिधि अतिथि होंगे। इधर समिति के प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी ने कहा कि माता शबरी जयंती हमारे यहां पहली बार मनाई जा रही हैं। जिससे ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष गरीबा भूईया,रौशन कुमार मोहन भूईया,पुरन भूईया,दिलीप भुइया,उमेश भूईया,दिलीप भूईया, मुकेश भूईया,सुकरा भूईया,शंकर भूईया,तेतरी देवी,अरगदेव भूईया, गौतम कुमार,प्रदीप कुमार,किटो कुमा,गोपी और कारू भूईया आदि उपस्थित थे द्य

## मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत चल रहे मतदान कार्यों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत में मतदान केंद्र संख्या 105, 106, 107, 108, 267, 268, 353, 354, 244, 246, 247, 248, 225, 200 एवं 201 निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सुश्री मिश्रा ने पीठासीन पदाधिकारियों से मतदान केंद्र पर चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को सही तरीके से भरने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने का निर्देश दिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने सभी जोनल एवं सेक्टर दंडाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

# बर्णवाल महिला समिति ने मनाई होली मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ बर्णवाल महिला समिति के द्वारा समय-समय पर बर्णवाल समाज के हित से सम्बंधित अहिबरन जयन्ती में कार्य किये गए है,आज इसी कड़ी में बर्णवाल महिला समिति के द्वारा पुनः विष्णुगढ पंचायत के बर्णवाल धर्मशाला में होली के आगमन के पूर्व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया । जिसमे बर्णवाल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की ,इस कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे से गले मिलकर,गुलाल लगाकर होली के गीत संगीत की मस्ती में झूमते नजर आए। इस अवसर पर महिलाओ ने म्यूजिकल चेयर गेम का भी लुत्फ उठाया और जीतने वालो को पुरस्कृत किया गया । होलिका दहन की नाटक प्रस्तुति के साथ राधा कृष्ण नृत्य का अद्भुत नजारा इन महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर महिला समिति अध्यक्ष बबीता देवी, उपाध्यक्ष अनिता बर्णवाल, बीना बर्णवाल कोषाध्यक्ष प्रिया बर्णवाल, सीमा बरनवाल मीडिया प्रभारी,शालिनी बरनवाल सचिव,दीपा बरनवाल और ममता रानी सभी ने प्रखण्ड वासियों को होली के शुभावसर पर बधाई देते हुए पूरे रीतिरिवाज से होली पर्व मनाने की अपील की ।



## बुथ न.50 पर कुंटू बाबू ने किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्यासी भाजपा कुंटू बाबू ने बूथ न.50 पर जाकर अपना मतदान किया। मतदान करते समय उनके साथ उनकी धर्मपत्नी पूनम सक्सेना और भाजपा मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने भी उपस्थित होकर अपना मतदान किया

मतदान के बाद बाहर निकल कर उन्होंने मिडिया के माध्यम से चुनाव आयोग और रामगढ़ के पुलिस प्रशासन को शांतिपूर्ण मतदान करवाने हेतु धन्यवाद दिया साथ हीं मतदान में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं का भी धन्यवाद देते हुए कहा की रामगढ़ की जनता की बढ़ चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि अक्सर देखने को मिलता है की शहर का मत प्रतिशत कम होता है जो एक शिक्षित और जागरूक मतदाता के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की हर मतदाता को अपने वोट का महत्व समझते हुए उसका उपयोग करना चाहिए क्योंकि उनका मत हीं उनके भविष्य की कुंजी है।



मौके पर बूथ न.50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने कहा की इस बार जनता अपना मतदान बहुत सोच समझ कर कर रही है साथ हीं शहर की जनता में मतदान के प्रति जागरूक रहने की अपील किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आमलेशा मेला से पांडरानी का सुखराम हुआ गुम

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड प्रखंड क्षेत्र में मेला देखने गया युवक सारजमडीह पंचायत के पांडरानी निवासी सुखराम कुम्हार 19 वर्ष ( पिता स्व सुभाष कुम्हार) के घर ना लौटने से परिजन काफी परेशान है। इस संबंध में परिजनों ने तमाड़ थाना में गुमशुदा संबंधी सन्हा दर्ज करवाया है। बताया गया कि सुखराम कुम्हार 25 फरवरी को मेला देखने बगल का गांव आमलेशा गया था। मगर वह घर नहीं लौटा। यहां दिन में फुटबॉल खेल एवं रात्रि में छौ नाच का प्रोग्राम हुआ था। उक्त लडका का दिमागी हालत भी ठीक नहीं है।सही ढंग से बात चीत कर नहीं सकता है । पेंट शर्ट पहने घर से निकला था और देखने में गोरा है। लम्बाई 4फीट 5 इंच है।

## केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति से मजबूत होगी व्यवस्था : बाबूधन मुर्मू

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने सोमवार को नगरनबी पंचायत अंतर्गत पीपलजोड़ी प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर पठन-पाठन का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से लंबी बातचीत की। वहीं बच्चों से भी शिक्षा व्यवस्था और सरकारी योजनाओं को लेकर बातें की। भाजपा नेता ने बच्चों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मिड डे मील, निःशुल्क शिक्षा, स्कॉलरशिप, पोशाक सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखें। किसी भी समय जरूरत पड़ने पर मदद को तैयार हैं। यहां के बच्चे पढ़ेंगे लिखेंगे तो गांव का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू किया है। नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के बेहतर और उज्जवल भविष्य को लेकर संकल्पित हैं। इस दिशा में केंद्र सरकार सराहनीय काम कर रही है। योजनाओं से छात्रों को लाभान्वित कर रही है। अपने मन की बात कार्यक्रम में छात्रों को परीक्षा एवं पढ़ाई का महत्वपूर्ण टिप्स दे रहे हैं। भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने मातृभाषा में शिक्षा देने और डिजिटल शिक्षा पर जोर दिया। प्रधानाध्यापक ने इस दौरान डिजिटल शिक्षा व्यवस्था को लेकर कंप्यूटर उपलब्ध कराने की मांग की। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर बाबूधन मुर्मू ने पहल करने का भरोसा दिया।

## मनीष सिसोदिया के गिरफ्तारी के विरोध में आप पार्टी ने किया पुतला दहन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की बीजेपी के निर्देश पर सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बिरसा चौक बोकारो में आम आदमी पार्टी बोकारो द्वारा नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जिला संयोजक अखिल महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कई प्रदेश जिला एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और सीबीआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए आप के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नाथ चौबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता से घबराकर भाजपा, सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि बिना सबूत मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पार्टी कड़ी निंदा करती है, विश्व के सबसे अच्छे शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को तत्काल रिहा किया जाए और केंद्र द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग बंद किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की तानाशाही और हिटलरशाही के खिलाफ पूरे देश में आम आदमी पार्टी विरोध करती रहेगी। कार्यक्रम में प्रदेश समिति सदस्य विधान चंद्र राय, राजेश कुमार सिंह, महबूब आलम, जिला सचिव शहाबुद्दीन शेख, जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ गोराई, पूर्व जिला संयोजक दीपक गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अशोक कुमार, किंकर कृष्ण, श्री भगवान सिंह कुशवाहा, सतीश गुप्ता, नीरज कुमार साह, गुलाम रसूल, आनंद मंडल, मदन पाठक, रितेश कुमार, अमर तिवारी, अशोक कुमार, संजय कुमार, संदीप महतो, मुन्ना महतो, शालिग्राम, विनोद यादव, महेश, अनिल, पप्पू सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

## सिन्धु टेक्नोक्रेट्स के मजदूरो के वेतन को लेकर श्रमायुक्त के समक्ष त्रिपक्षीय वार्ता



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया स्थित सिन्धु टेक्नोक्रेट्स प्रा लि कम्पनी के मजदूरों के वेतन वृद्धि व मंहगाई भत्ता का भुगतान नहीं होने की शिकायत झारखंड मजदूर यूनियन द्वारा किए जाने के बाद इस मामले को लेकर सोमवार को उप श्रमायुक्त जमशेदपुर के समक्ष त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान उक्त शिकायतें की जांच की गई। इस दौरान मजदूरों को सर्विस ग्रेड नहीं दिए जाने की शिकायत सही पाया गया। इस मामले में उप श्रमायुक्त ने कम्पनी प्रबंधन को मजदूरों को सर्विस ग्रेड व वीडीए राशि का अविलंब भुगतान करने का निर्देश दिया गया। डीएलसी ने प्रबंधन को आगामी 15 मार्च को देय वेतन का कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। त्रिपक्षीय वार्ता में यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील गोराई, संजय मंडल, संयुक्त सचिव उमेश महतो आदि शामिल थे।

# इरबा मदरसा मजहारुल उलूम में 9 तालिब ए इल्म के लिए सम्मान समारोह आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** प्रखण्ड के इरबा गांव में स्थित मदरसा मजहारुल उलूम के तालिब ए इल्म चल रहे इजलास का आयोजन किया गया। मदरसा मजहारुल उलूम में राज्य के यतीम व गरीब बच्चे पढ़ते हैं। वर्तमान में मदरसा मजहारुल उलूम इरबा में विभिन्न जगह से बच्चे कुरान की तालीम ले रहे हैं। इरबा मदरसा मजहारुल उलूम में 9 तालिब ए इल्म बच्चे कुरान-ए-पाक का पाठ मुकम्मल कर लिया। कुरान के सभी तीस पारों (अध्याय) को उच्चारण सहित पूरा कराने में उनके उस्ताद कारी जान मोहमद कफलैतवी का सहयोग रहा।मदरसा मजहरुल उलूम के नाजिम मुफ्ती इमरान नदवी और मुफ्ती वासी उर रहमान नदवी रहमानी नाजिम तालिमात की निगरानी और तमाम उस्ताद की मेहनत से मदरसा मजहरुल उलूम में 9 तालिब ए इल्म बच्चे में योगदान रहा। कुरान का पाठ पूरा करने पर इरबा मदरसा मजहारुल उलूम में दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। तालिब ए इल्म बच्चों कुरान की सूरह फातिहा पढ़कर सुनाया। मदरसा मजहारुल उलूम इरबा में तालिब ए इल्म 9 बच्चों ने जो काम करके दिखाया उससे उनके अभिभावकों के साथ उनको पढ़ाने वाले उस्ताद भी गर्व महसूस कर रहे हैं। तालिब ए इल्म बच्चों के सम्मान में इरबा स्तिथ मदरसा मजहारुल उलूम में बच्चों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुफ्तियों व उलमा ने बच्चों की हौसला अफजाई की। 9 तालिब ए इल्म बच्चों को इनाम से नवाजा गया। समारोह में इरबा अंजुमन सदर इम्तियाज ओहदार, मदरसा के नाजिम मुफ्ती इमरान नदवी, मुफ्ती वासी उर रहमान नदवी रहमानी, मौलाना समीउल हक, मुफ्ती फुरकान, मुफ्ती अबू उबैदा, हाफिज सलामत, हाफिज तबरेज, मास्टर अब्दुल कुद्दुस, मास्टर अरशद, हाजी इरफान, एडवोकेट शहीद, रकीब ओहदार, तारीक ओहदार आदि रहे।इरबा मदरसा मजहारुल उलूम में 9 तालिब ए इल्म बच्चों को मिला इनाम हाफिज मोहम्मद फारूकी, हाफिज अबरार, हाफिज शादाब, हाफिज सूफियान, हाफिज मकसूद, हाफिज इब्राहिम, हाफिज समीउल्लाह, हाफिज अदिल शाह, हाफिज राययान तनवीर।

## वित्तीय साक्षरता व डिजिटल कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** प्रखंड अंतर्गत बारीडीह पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 के तहत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे बैंक और बीसी दीदी के सहयोग से काम किया जाना है, लेनदेन, वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, समूह का लेनदेन, ग्राम संगठन का लेनदेन, व्यक्तिगत लेनदेन सभी कुछ बीसी एजेंट के द्वारा किया जाना है । बारीडीह पंचायत अपने आप में एक आदर्श है इस पंचायत में जितने भी गांव हैं सभी को पहले चरण में डिजिटल लाइजेशन करना है और धीरे-धीरे बाकी पंचायतों के सुदूरवर्ती गांव में किया जाएगा । बारीडीह पंचायत के सभी गांव एव टोला को लिया गया है । आज के कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया शाखा की बीसी के द्वारा 24 बीमा, 24400 का ट्रांजैक्शन एव 10 खाता खोलने का कार्यक्रम किया गया द्य साथ ही ग्रामीणों को कम से कम कैस का उपयोग और बीसी सखी सुनीता देवी द्वारा बैंक संबंधित कार्य करने की विस्तृत बातों की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में डॉक्टर श्रीकांत कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक रांची, समिति सदस्य, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा, बीपीओ एफ आई रोशन सिंह, सिसी नारायण कुमार महतो और संकुल संगठन की देवंती देवी, बीसी सखी सुनीता देवी और भी बहुत सी ग्रामीण सखी मंडल से जुड़ी हुई दिदीयो ने इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में दसवीं की परीक्षाएं प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी/डकरा :** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में दसवीं की परीक्षा केंद्र में आज अंग्रेजी और लिटरेचर विषय के साथ परीक्षा का आरंभ हो गया। इस सेंटर पर कुल 459 छात्र परीक्षा के लिए दर्ज थे, जिसमें 457 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए 2 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में क्षेत्र के कई विद्यालयों की दसवीं के परीक्षा का सेंटर पड़ा है। जिसमें उस उर्सुलिन कान्वेंट स्कूल खलारी के 67 , सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा से 151 , सरस्वती विद्या मंदिर डकरा से 103 , झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर से 138 छात्रों का सेंटर इस विद्यालय में पड़ा है आज की परीक्षा में 1 छात्र अर्सुलिन कान्वेंट स्कूल खलारी का और एक छात्र सरस्वती विद्या मंदिर का अनुपस्थित रहा । परीक्षा के प्रथम दिन छात्रों के चेहरे पर काफी उत्साह एवं उमंग देखा गया।

### ताज महोत्सव में दिखा झारखंड का परिधान, लोगों ने खूब सराहा

## झारखंड के परिधानों को ताज महोत्सव में मिली एक पहचान : आस्था किरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखन्ड के संस्कृति परिधान वस्त्र को रांची के डिजाइनर आस्था किरण ने आगरा में ÷ताज महोत्सव÷ में कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के तत्वाधान कल्चरल परिधान उत्सव÷ आर्यस्य वस्त्रम में दिखाया झारखंड की परिधान को लोगों ने खूब सराहा। वहीं फैशन शो में देश के सभी राज्यों से फैशन डिजाइनरों ने प्रतिभागी उपस्थित थे। रांची की फैशन डिजाइनर आस्था किरण ने ÷आगरा ताज महोत्सव÷ में झारखंड के वस्त्रों को प्रदर्शित किया। उन्होंने झारखंड में पहने जाने वाले पंछी और परहन वस्त्रों को सोहराई पेंटिंग से सजाकर फ्यजन फैशन के रूप में दर्शाया। और झारखंड के परिधानों को ताज महोत्सव में एक पहचान दिलाई। मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी बघेल के द्वारा उन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। हजारों लोगों के बीच झारखंड के वस्त्रों एवं ट्रेडिशनल आर्ट और हैंडलूम का परचम लहराया। मौके पर आस्था किरण ने कहा कि वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम का मुख्य उद्देश्य हथकरघा विलुप्त होती हुई हैंडलूम फैब्रिक का पुनरुत्थान करना एवं बुनकरों को उचित मूल्य देकर, व्यापार की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास रहेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु फैशन डिजाइनर आस्था किरण को ईस्टर्न जोन में कोर कमिटी के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया है। भविष्य में फैशन डिजाइनरों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े लोगों को रोजगार के नए अवसर प्रदान कराना एवं एमएसएमई की योजनाओं से लाभान्वित कराना ही इस फोरम का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य रूप से कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्वमंत्री राम सकल गुर्जर, वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के सीईओ अंकुश अनामी, बिग बॉस 11के डिजाइनर सब्यसाची सतपति, मिसेज इंडिया ऋतु सुहास, एवं एसिड अटैक सरवाइवर सोनिया चौधरी जैसे कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डकरा से राय तक सड़क निर्माण का कार्य का विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** डकरा पुल चौक से लेकर पुरानी राय तक बनने वाली सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। डकरा पुल चौक से लेकर मानकी कॉलोनी तक पुरानी जर्जर सड़क को तोड़कर हटाने का काम शुरू किया गया है। लगभग 1 किलोमीटर तक की जर्जर सड़क को उखाड़ कर हटाया गया है। सोमवार को सड़क निर्माण कार्य का विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि लंबे प्रयास के बाद कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी, सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल और सीसीएल सीएमडी के प्रयास से जर्जर सड़क का निर्माण शुरू हुआ है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क पर गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए समय-समय पर मेरे द्वारा कार्यस्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा। किसी भी कीमत पर गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। श्याम सुंदर सिंह ने बताया कि दशकों से इस जर्जर सड़क के कारण लोगों को काफी कठिनाई उठानी पड़ी है। सबसे बुरा हाल राय की सड़कों का है जहां पर चलना काफी मुश्किल है। जर्जर सड़क के कारण राय, चूरी, मानकी जैसे इलाकों में लोगों का आवागमन काफी कम हो गया था। पुनः एक बार सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन इलाकों की तस्वीर बदल जाएगी।

## अवैध लकड़ियों से लदी हुई 12 चक्का ट्रक को वन विभाग ने किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अवैध लकड़ियों से लदी हुई एक 12 चक्का वाहन संख्या - BR-29GA-7745 आनन्दपूर क्षेत्र से रनियां होते हुए बिहार की तरफ जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए डी.एफ.ओ. द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकारी, सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नितेश केशरी, मनोज सिंह, प्रवीण सिंह, संजय मुण्डा, जुनूल होरो, पीटर पॉल नाग एंव संजय साहू आदि वनरक्षियों का एक गश्ती दल का गठन कर उक्त ट्रक को पकड़ने का निर्देश दिया गया। गश्ती दल द्वारा प्रातः 10~00 बजे लगभग उक्त गाड़ी का पीछा करते हुए मरचा मोड़ के पास पकड़ लिया गया। चालक एवं उप चालक फरार हो गये। ट्रक में विभिन्न परिमाप के 60 अद्द साल बोटा लदे पाये गये, जिसका बाजार मूल्य लगभग रु. 2,00,00.00/- का होने का अनुमान है।

## प्रमंडल स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर गम्हरिया के एनकेएस मैदान में प्रमंडल स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कोल्हान के पशुपालन विभाग के क्षेत्रिय निदेशक डॉ योगेंद्र कुमार, जगन्नाथपुर पंचायत की प्रभारी मुखिया रिंटू देवी, पंसस आरती देवी, संमाजसेवी डीएन सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे पशुपालकों द्वारा लाए गए पालतू पशुओं को प्रदर्शित किया गया। विभाग की ओर से उन्नत नस्लों के आधार पर कई पशुपालकों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उपस्थित पशु चिकित्सक डॉ एसके रत्नाकर, डॉ पूर्णिमा रानी आदि द्वारा पशुपालकों को आवश्यक सुझाव व सलाह भी दी गई तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**
**Very Short e-Quotation No. 06/2022-23**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials annexed as annexure-1 for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, testing & commissioning of 1250 KVA (11/0.433KV) outdoor type copper wound distribution transformer with other allied materials under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 09.03.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 10.03.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi, H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004 Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 291319 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय से प्रकाशित ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-11/DWSD/DEO(SVS)/ 2022-23 (2nd Call) तथा PR No.-276180 दिनांक: 07.02.2023 में आंशिक संशोधन निम्नरूपेण किया जाता है।

| विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि/समय |
|---|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन तिथि एवं समय | 08/02/2023 को 4:30 बजे अपराह्न तक। | 02/03/2023 को 4:30 बजे अपराह्न तक। |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14/02/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक। | 09/03/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि, स्थान एवं समय | 15/02/2023 के अपराहन 12:30 बजे तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर | 10/03/2023 के अपराहन 12:30 बजे तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर |
| निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय | 16/02/2023 को 11:30 बजे पूर्वाहन। | 11/03/2023 को 11:30 बजे पूर्वाहन। |

अन्य शर्त्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 291367 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
दूरभाष सं० : 06565-248083, ई-मेल:ssalatehar@gmail.com

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार अन्तर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदो के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति संबंधी आपत्ति देने हेतु आवश्यक सूचना।**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, सरकार, राँची के पत्रांक **GE/08/163/2022-23/2835** दिनांक 03.11.2022 एवं राज्य परियोजना कार्यालय राँची के पत्रांक-**GE/08/163/2022/ 3694** दिनांक 30.12.2022 के आलोक में जिले के विभिन्न कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में विशयवार रिक्त पदो के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों की विवरणी के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों की सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला-लातेहार के बेवसाईट **www.latehar.nic.in** पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 03.03.2023 तक दी सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 03.3.2023 तक संध्या 05.00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार, दूसरी मंजिल, लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।

PR.NO.291355 Human Resource Developement(22-23):D



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सूचना सं०- J.M.C/ 11/2022-23 (2nd Call) Date - 27-02-2023

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Reading Hall Shed at Library Building Block Campus Under Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 2312350.00 | 46300.00 | 5000.00 | 120 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। Joint Venture / Consortium Entity द्वारा निविदा में भाग लिये जाने की स्थिति में Lead Partner/Member का नगर विकास एवं आवास विभाग की समुचित श्रेणी में निबंधन होना अनिवार्य है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.03.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.03.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 15.03.2023 अपराहन 4.00 बजे। नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 16.03.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/-
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 291343 Urban Development(22-23)#D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,कोडरमा**

(अति अल्पकालिक निविदा)
**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी आंगनवाडी में Assessment & Hub मॉडल के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनवाडी सेविका/ सहायिका के तरह साधारण प्रदर्शन करने वाले सेविका/ सहायिका को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त के निमित इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता का चयन करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता को सूचीबद्ध जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में किया जायेगा।

इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग-अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में (Expression of Interest) प्रकाशन की तिथि से दिनांक .10-03-2023... के अपराह्न 03.00 .बजे तक जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 10-03-2023. को 04.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।
नोट- निविदादाता हेतु विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह/-0
उप विकास आयुक्त-सह-
सचिव, DMFT, कोडरमा

PR 291364 Rural Development(22-23).D



**जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा**

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना**

सूक्ष्म खाद्य उद्यमों के स्थापना व उन्न्यन (पूर्व से स्थापित इकाई) के लिए एक लाख से तीन करोड़ तक के परियोजना लागत का 35% या अधिकतम 10 लाख रूपये तक पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा।

- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों के स्थापना व उन्न्यन के लिए अनुदान का प्रावधान
- एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारिता समूहों को पूँजी निवेश पर 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान
- स्वयं सहायता समूहों को शुरूआत करने हेतु 40 हजार रूपये का प्रारंभिक पूँजी समर्थन
- चिन्हित खाद्य उत्पाद की ब्राडिंग और विपणन की सहायता के लिए कुल व्यय के 50% तक सहायता
- व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को उन्न्यन हेतु न्यूनतम 10% लाभार्थी का योगदान अनिवार्य
- एक जिला एक उत्पाद" के अन्तर्गत चिन्हित उत्पाद आधारित उद्यमों को अनुदान में प्राथमिकता

**आवेदन देने हेतु आवश्यक कागजात :-**
(1) आवेदक/आवेदिका का उम्र 18 वर्ष के उपर (2) पासपोर्ट साईज का फोटो
(3) आधार कार्ड(मोबाईल नम्बर लिंक्ड) (4) पैन कार्ड
(5) बैंक पासबुक की छायाप्रति (6महीना स्टेटमेंट सहित)
(6) बिजली बिल/राशन कार्ड/टेलिफोन बील/गैस कन्जूमर पासबुक
(7) योजना से संबधित परियोजना प्रतिवदेन (8) योजना से संबधित मशीन कोटेशन

**कहाँ करें आवेदन :-**
1. जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा।
2. संबंधी प्रखंड कार्यालय (प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक)।
3. वेबसाइट www.pmfme.mofpi.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

महाप्रबन्धक
जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा

PR 291299 Industries (22-23)_D

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ सप्त दिवसीय शत् चंडी महायज्ञ

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो में सप्तदिवसीय शत् चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसकी कलश यात्रा सोमवार को बडे धुमधाम से निकाली गई. आपको बता दें कि इस कलश यात्रा में कुल 251 कलश यात्रियों ने भाग लिया जो 4 किलोमीटर चल कर पलरा नदी में वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ जल भरा गया. इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं. विनोद कुमार उपाध्याय के द्वारा मुख्य पुजारी सहदेव महतो एवं शांति देवी समेत कुल 16 सह पुजारी को पुजा पाठ करवाया गया. यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपाल राय, सचिव सुनील कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार कोडा ने संयुक्त रूप से कहा कि कल अर्थात मंगलवार से वृंदावन से आये कथा वाचिका सुश्री चित्रा शुक्ला, एवं बनारस से पधारे पंडित शिवाकांत मिश्रा तथा पंडित मनोज मिश्रा प्रवचन करेंगे. इस कलश यात्रा में मुख्य रुप से पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पुर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, जिप सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा, जिप सदस्य सुरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, धुरगडगी पंचायत के मुखिया झरी महतो, सुरेंद्र प्रसाद यादव, पुर्व पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा के अलावे यज्ञ समिति के सदस्य संजीत कुमार राय, सिकंदर वर्मा, मिथलेश कुमार, रंजीत वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, गुडिया देवी, शांति देवी, रेखा देवी, गीता देवी, सुलेखा वर्मा समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

## परियोजना प्रभावित व्यक्ति सुगमता केंद्र का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को "परियोजना प्रभावित व्यक्ति सुगमता केंद्र" का उद्घाटन मुराईडीह कॉलोनी, काली मंदिर के समीप बीसीसीएल सामुदायिक भवन में किया गया। जिसका संचालन शिक्षा समाधान ट्रस्ट एवं प्रेरणा महिला समिति शिक्षा मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से बरोरा क्षेत्र संख्या 1 के जीएम पीयूष कुमार एवं प्रेरणा महिला समिति, दीक्षा महिला मंडल एवं शिक्षा समाधान ट्रस्ट के सभी सदस्य गण मौजूद थे। इस केंद्र का संचालन करने का मुख्य उद्देश्य परियोजना प्रभावित व्यक्ति को शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में 25 परियोजना प्रभावित व्यक्ति मौजूद हुए। सभी को प्रमाण पत्र, टी-शर्ट दिया गया। साथ ही साथ शिक्षा समाधान ट्रस्ट को श्रीमान जी एवं बरोड़ा क्षेत्र संख्या 1 के द्वारा स्वास्थ्य जैसे ब्लड प्रेशर मेजरमेंट मशीन, ग्लूकोमीटर ब्लड शुगर मशीन इत्यादि दिया गया ताकि बीच-बीच में परियोजना प्रभावित लोगों का स्वास्थ्य जांच होता रहे।

## चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह 4 मार्च को

**धनबाद :** मगध सम्राट चक्रवर्ती जरासंध निर्माण कमिटी के बैनर तले चंद्रवंशी समाज की एक बैठक बेकारबांध में हुई। बैठक की अध्यक्षता पुरुषोत्तम कुमार रंजन एवं संचालन पत्रकार राजेन्द्र वर्मा ने की। बैठक में बतौर अतिथि के रूप में समाजसेवी जगदीश रवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जगदीश रवानी ने कहा कि समाज द्वारा हर वर्ष होली मिलन समारोह होता आया है और इस वर्ष भी होना चाहिए। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशियों क्षेत्रीय महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री रंजन ने कहा कि होली ही एक ऐसा त्योहार है जहाँ किसी भी तरह का कोई भेदभाव नही होता है।उन्होंने समाज के सभी चंद्रवंशी भाइयों से होली मिलन समारोह में आने की अपील की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 मार्च को बड़े ही धूमधाम के साथ विनोद बिहारी चौक स्थित स्वागतम बैंकट हॉल में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कई जगहों पर गेट एवं बैनर लगाने पर भी चर्चा हुआ। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगी जो देर शाम तक चलेगी। भोजन के साथ साथ झलकुटंन कि भी व्यवस्था की गई है और इसका आंनद आप सभी जरूर लें। बैठक में पुरुषोत्तम कुमार रंजन ,चमारी राम, रंजीत कुमार, अजय रवानी, जोराखन सिंह, अमरजीत कुमार, सरवन राम, विजय हरिओम, राजेंद्र वर्मा, कुणाल कुमार, राजेश कुमार, पिंटू कुमार एवं समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी प्रांगण में होली त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महुदा पुलिस निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसे हम सभी मिलजुल कर शांतिपूर्वक तरीके से मनाएंगे ऐसे तो यह क्षेत्र शांतिप्रिय है और इस क्षेत्र में एक मिसाल है । ओपी क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी जाति वर्ग के लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं सभी को रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं दिया। और पुलिस निरीक्षक ने सभी को अबीर गुलाल देकर होली की बधाई दी ।

# मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में मोदी का पुतला दहन

## शिक्षा क्रांति के जनक हैं मनीष सिसोदिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया को ष्ट क्क ढ्ढ ने आबकारी नीति मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को गिरिडीह में आक्रोश मार्च निकाला और टावर चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया। रैली में अडानी से यारी देश से गद्दारी नहीं चलेगी नहीं चलेगी, अडानी से यारी मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी शर्म करो शर्म करो, मनीष सिसोदिया तुझे सलाम आदि नारे लगा भी लगे । मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि प्रदेश संयोजक डी एन सिंह के निर्देश पर पूरे झारखंड में आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। देश को शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल देने वाले को जेल भेजा जा रहा है । प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा पूरी तरह से घबरा गई है और घबराहट में दमनकारी करवाई कर रही है। युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि मोदी के दमनकारी नीति का आम आदमी पार्टी घोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता सब देख रही है और जनता आगामी चुनाव में इसका जवाब देगी। जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए देश के मजदूर किसान छात्र नौजवान को आगे आना होगा। गिरिडीह विधानसभा प्रभारी निर्मल प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा ने देश को मंहगाई और बेरोजगारी में झोंक दिया है। मेहबूब अंसारी ने कहा कि जनता की थाली से दाल सब्जी गायब है और अपने आप को फकीर कहने वाले मोदी 8500 करोड़ के जहाज में पूरा विश्व घूमने में मस्त हैं। आक्रोश मार्च में पीरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष सीताराम महतो, प्रखंड सचिव राजेश महतो, सोशल मीडिया दानिश आलम, मुर्शीद मिर्जा, मो सोहराब रैन, मो0 शम्स, सकलदेव यादव, हुसैनी मियां, मनोज साव, जय प्रकाश वर्मा, राजेन्द्र महतो, बदरूद्दीन अंसारी, ,तुफैल अंसारी, सरफराज़, सहदेव ठाकुर, सुशील कुमार शशि, रंजीत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## युवक पर मासूम बच्ची से रेप के प्रयास का आरोप, गिरफ्तारी की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी क्षेत्र के महुदा बस्ती में एक मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने रेप करने की कोशिश किया। दर्जनोंग्र ग्रामीण महिला पुरुष ने ओपी में आकर आवेदन देकर आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग किया। बच्ची की मां ममता देवी ने बताया कि मेरी पुत्री की उम्र 8 वर्ष है। मेरे पड़ोस के रोहन कुमार पिता रतन गोप उर्फ रूपलाल साकिम महूदा बस्ती ने मेरी बेटी को रेप करने की कोशिश, जान से मरने की धमकी दिया। मेरी पुत्री में रोते-रोते बताया कि रोहन कुमार घर के कमरे में रेप करने का प्रयास किया, मेरा कपडा उतर कर इधर-उधर अपने हाथ से छू रहा था, जब मना की , तब मारपीट करने लगा। इस संबंध में आवेदन देकर आरोपी पर कानूनी कारवाई करने की मांग गांव के दर्जनों महिला पुरुष ने किया है।

## सड़क सुरक्षा साइबर क्राइम के विषयों पर पुलिस ने की विद्यार्थियों के बीच जागरूकता चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को मध्य विद्यालय खरिकाबाद, धनबाद- 1 गोंदूडीह ओ.पी .पुलिस के द्वारा वर्ग 6 से 8 वर्ग के छात्र - छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम आदि विषयों पर जागरुकता पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोंदूडीह ओ.पी. से थाना प्रभारी कंचन कुमारी, एस.आई. धर्मेंद्र सिंह, ए.एस.आई अनुज टोप्पो मौजूद थे। कंचन कुमारी व धर्मेंद्र सिंह द्वारा बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर कहा गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाइक बिल्कुल नही चलानी चाहिए। यदि चलाते है और पुलिस द्वारा जांच के दौरान पकड़े जाने पर तत्काल 25 हजार की जुर्माना और इनके अविभावक का लाइसेंस भी रद्द कर दी जाएगी। यदि साइकिल व पैदल भी चलनी है तो उन्हे सड़क पर चलने के नियम का पालन करना चाहिये। वहीं साइबर क्राइम पर कहा गया की मोबाइल पर किसी तरह का अज्ञात कॉल जैसे लॉटरी, ऋण, ओ.टी.पी., जीमेल व निजी कागजात की मांग का आता है तो उसे नही देना है। ज्यादा परेशान करने पर तुरंत नजदीकी थाना को लिखित सूचना दी जाए। मोबाइल पर गेम भी खेलते है तो विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## झामुमो के 50 स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर चौक चौराहों पर लग रहा है बैनर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमुआ :** झामुमो पार्टी का 4 मार्च को 50 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा जिसको लेकर जमुआ प्रखंड में झामुमो प्रखंड कमेटी की ओर से तैयारी जोरों पर है वहीं झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा चौक चौराहा पर नुक्कड़ नाटक एवं बैनर इत्यादि चिपकाकर लोगों को 50 वा स्थापना दिवस के अवसर पर गिरिडीह झंडा मैदान पहुंचने की बात कह रही है। जमुआ प्रखंड उपाध्यक्ष झारखंड आंदोलनकारी ओम प्रकाश महतो ने आज जमुआ प्रखंड के सियाटांड़ ,चिलगा, नवडीहा, गोरो इत्यादि गांव का भ्रमण किया एवं हर चौक चौराहे पर बैनर भी लगाया प्रखंड उपाध्यक्ष ने कहा झामुमो का 50 वां स्थापना दिवस स्वर्ण स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसको लेकर जमुआ प्रखंड के क्षेत्र का भ्रमण कर एवं चौक चौराहे पर बैनर लगा रहे हैं एवं लोगों को अधिक से अधिक संख्या में गिरिडीह पहुंचने की अपील की है।

## टुंडी : होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी थाना परिसर में आज सोमवार को होली मिलन सह शांति समिति की बैठक टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शारदा रंजन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें थाना क्षेत्रों से कई बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। होली मिलन सह शांति समिति की बैठक को संबोधित करते टुंडी थाना प्रभारी ने सभी जनसमुदायों से अपील करते हुए कहा कि होली जैसे पर्व को भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनावे जिससे समाज में एक अच्छी संदेश प्रसारित हो। इस मौके पर टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शारदा रंजन प्रसाद सिंह,सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र पाल, झामुमो टुंडी प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, झामुमो वरिष्ठ नेता बाबा मनीर मस्तान, टुंडी मुखिया प्रतिनिधि नंदकिशोर रविदास, उपमुखिया संतूलाल किस्कू,कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, कांग्रेस नेता प्रवीण जायसवाल, समाजसेवी मदन दत्ता,बेगनरिया मुखिया प्रति निधि हीरालाल सोरेन, झामुमो नेता अब्दुल अंसारी, महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी समेत कई गणमान्य नागरिक इस शांति समिति सह होली मिलन समारोह में उपस्थित हुए।

## मुखिया प्रतिनिधियों को देख तोपचांची बीडीओ हुए नाराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार 27 फरवरी को वृद्धा पेंशन योजना के संबंधित बैठक हुई, जिसमें पेंशन योजना के लंबित आवेदनों तथा पेंशन भोगी मृत व्यक्तियों के बारे में छानबीन की गई। बैठक में तोपचांची प्रखंड के 28 पंचायतों के मुखिया को बुलाया था। परंतु बैठक में मुखियों की जगह उनके प्रतिनिधि ज्यादा मौजूद थे। इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का ने जनप्रतिनिधियों को फटकार लगाई। कहा कि बैठक में मुखिया को आने के लिए कहा गया था. परन्तु ज्यादा संख्या में उनके प्रतिनिधि पहुंचे हैं। उन्होंने सभी मुखिया प्रतिनिधि को बैठक से बाहर जाने को कहा। बीडीओ का कड़ा रुख देख सभी मुखिया प्रतिनिधि बैठक से बाहर चले गए।

# मायुमो ने मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस

### क्रांतिकारी आजाद की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणा : पवन महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने आज सोमवार को क्रांतिकारी शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहादत दिवस बेकार बांध चौक, धनबाद मे मनाया। चौक पर स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा मे मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शहीद चन्द्रशेखर आजाद का जीवन काल 23 जुलाई 1906 से 27 फरवरी 1931 के बीच था। ज्यादातर वे आजाद के नाम से लोकप्रिय थे। वे एक भारतीय क्रान्तिकारी थे जिन्होंने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक राम प्रसाद बिस्मिल और तीन मुख्य नेता रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहरी ओर अशफाकुल्ला खान के मृत्यु के बाद नये नाम हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन पुनर्गठन किया। चन्द्रशेखर आजाद जब 15 साल के थे, उस समय गांधी जी ने असहकार आंदोलन की घोषणा की थी। उक्त आन्दोलन मे चंद्र शेखर आजाद शामिल हो गये थे। परिणाम स्वरूप उन्हे कैद कर लिया गया। जब चंद्र शेखर आजाद को जज के सामने लाया गया। उनसे उनका नाम पूछने पर चन्द्रशेखर ने अपना नाम आजाद बताया था। पिता का नाम स्वतंत्र ओर निवास स्थान जेल बताया था। उसी दिन से चन्द्रशेखर लोगो के बीच चंद्र शेखर आजाद के नाम से लोकप्रिय हुए। वर्ष 1922 मे जब महात्मा गांधी ने चंद्रशेखर आजाद को असहकार आंदोलन से निकाल दिया तो आजाद क्रोधित होकर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन से जुड़ गए और वे वहां सक्रिय सदस्य बन गए। एसोसिएशन के लिए चंदा, सरकारी तिजोरियों को लुट कर जमा कर रहे थे। आजाद 1925 के काकोरी ट्रेन लुट मे भी शामिल थे। ब्रिटिश भारतीयों की क्रांतिकारी गति विधियों से डर चुके थे। अलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क मे 27 फरवरी 1931 को ब्रिटिश पुलिस ने घेर लिया, आजाद अपनी बहादुरी से कई पुलिस कर्मी को मार गिराया। लंबे समय तक गोलीबारी के बाद आजाद नही चाहते थे कि वे ब्रिटिशों के हाथ लगे और पिस्तौल की आखिरी गोली से खुद को ही मार दी। आजाद का वह पिस्तौल हमे आज भी अलाहाबाद म्यूजियम मे देखने को मिलता है। श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप से मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, कृष्ण कुमार उर्फ लल्ला, हेमलाल महतो, बादल राम, सुमित बाल्मीकि, सपन, औरधेंदु दत्ता, अर्जुन बाल्मीकि, शंकर, राजू बाउरी आदि लोग शामिल थे।

## हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार के निदेशक दहशत में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार में बाइक सवार संदिग्ध युवकों द्वारा 26 फरवरी की शाम 7:20 बजे स्कूल में रह रहे अरुण बनर्जी द्वारा स्कूल खुलवाकर सर्वप्रथम मोबाइल छिंतई का प्रयास किया और उसके बाद स्कूल के निदेशक व प्राचार्य इरफान खान के बारे में धमकी भरे शब्दों में पूछ ताछ की। असमाजिक तत्वों ने श्री खान के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए की वो कहां रहते हैं और कब आते जाते हैं यह पूछताछ की। असमाजिक तत्वों का वीडियो स्कूल के सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुका है। स्कूल के निदेशक व प्राचार्य खान के द्वारा जोड़ापोखर पुलिस को लिखित जानकारी दी गई है। इस घटना के बाद से वह दहशत में हैं। जोड़ापोखर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## सड़कों पर लगा कचरे का ढेर, दुकानदार व राहगीर परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** पुराना बाज़ार की सड़कें पहले से ही जर्जर हैं। ऊपर से इलाके में सफाई कार्य बंद होने से सड़कों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। इससे दुकानदारों व आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी व सड़ांध से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इधर नगर निगम का तर्क है कि यूजर चार्ज नहीं मिलने से इलाके में सफाई कार्य बंद कर दिया गया है। पुराना बाजार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सेक्रेटरी श्रीकांत अग्रवाल ने कहा कि कि नगर निगम के नकारात्मक रवैये से पुराना बाज़ार की स्थिति बद से बतर हो गई है। चैंबर के लगातार प्रयास के बाद भी पिछले 2 वर्षो में निगम ने न तो बाज़ार की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई, न ही अतिक्रमण हटाया। दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस जारी करने का मामला भी लटका कर रखा है। इससे दुकानदारों में निगम के प्रति नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बाजार में सफाई कार्य जल्द नहीं शुरू हुआ तो चैंबर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव संपन्न

## राहुल बर्मन अध्यक्ष व विकास गुप्ता सचिव निर्वाचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का द्विवार्षिक चुनाव होटल निखर के सभागार में संपन्न हुआ। सत्र 2023-25 के चुनाव को लेकर सीसीआई कार्यकारिणी सदस्यो की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में शाहनवाज आलम व राकेश कुमार मौजूद थे। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्यो की आम सहमति से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। अध्यक्ष पद के लिए राहुल बर्मन, सचिव पद के लिए विकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुदीप गुप्ता व गोपाल दास भादनी ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। सुदीप गुप्ता ने गोपाल दास भदानी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। दोनो पर्यवेक्षकों ने राहुल बर्मन को अध्यक्ष ,विकाश गुप्ता को सचिव एवं गोपाल दास भदानी को कोषाध्यक्ष पद पर विजेता घोषित कर सत्र 2023-2025 का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष अरबिंद कुमार ने सीसीआई द्वारा सदस्यो के लिए किए गए कार्यों को कार्यकारिणी सदस्यो के समक्ष रखा। सरायढेला चैंबर के अध्यक्ष दिवेन तिवारी ने भी सीसीआई के कार्यों की जमकर तारीफ की। संचालन सुजीत कपिसवे व धन्यवाद ज्ञापन धर्म प्रकाश ने किया। कार्यकारिणी की बैठक सह चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष संजय कुमार, अरुण साहू, राजेश गुप्ता, उदय भदानी, सुजीत कपिसवे, धर्म प्रकाश, दशरथ प्रसाद, राहुल कुमार,मसरूर सिद्धिकी, मुकेश आनंद, सत्यप्रकाश साहा,साहिल कुमार सहित दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## मधुबन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कई टन लोहा किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना पर पुलिस ने फुलारीटांड़ जंगल में छापेमारी कर लगभग पांच टन लौह जब्त किया । पुलिस ने बोकारो चास के संदीप कुमार नमक आदमी को गिरफ्तार किया है। बाइक और गैस कटर भी जब्त किया गया है। पकड़े गए लोहा चोर ने पुलिस को बताया कि बंद पड़े चानक के सामने लोहे के पार्ट्स की चोरी कर जंगल में रखे थे। पुलिस ने फुलारीटांड़ खटाल के भोलू यादव, मनु यादव, सोनू यादव, बबलू यादव, विजय यादव, शंकर यादव, चंदन यादव, बबन यादव और चास के तारानगर निवासी संदीप कुमार के विरुद्ध चोरी का कांड अंकित कर किया है। बताया जाता हैं की इलाके में चास क्षेत्र के हनुमान नामक व्यक्ति के गुर्गे लोहा चोरी कर दामोदर नदी पार चास बोकारो हनुमान तक पहुंचते हैं।

## वाराणसी मंडल के छपरा ग्रामीण-गोल्डेनगंज के बीच एलएचएस कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा ग्रामीण-गोल्डेनगंज के बीच समपार सं. 39 तथा कठकुईया-पडरौना के मध्य समपार सं. 62 एवं 63 पर एल.एच.एस. के लिये ब्लॉक के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेट, नियंत्रण एवं पुनर्निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा।

**निरस्तीकरण :-** 1.सोनपुर एवं छपरा से 03 मार्च को चलने वाली 05247/05248 सोनपुर-छपरा-सोनपुर स्पेशल निरस्त रहेगी।

2.सोनपुर एवं पंचदेवरी हाल्ट से 03 मार्च को चलने वाली 05241/05242 सोनपुर-पंचदेवरी हाल्ट-सोनपुर स्पेशल निरस्त रहेगी।

3.सोनपुर एवं छपरा से 03 मार्च को चलने वाली 05245/05246 सोनपुर-छपरा-सोनपुर स्पेशल निरस्त रहेगी।

**मार्ग परिवर्तन :-** 1.भागलपुर से 02 मार्च को चलने वाली 15097 भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी।

2.नई दिल्ली से 02 मार्च को चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेषल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलायी जायेगी।

3.दरभंगा से 03 मार्च को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेषल परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी।

**शार्ट टर्मिनेषन/शार्ट ओरिजिनेषन :-** 1.पाटलिपुत्र से 03 मार्च को चलने वाली 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस छपरा ग्रामीण स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी।

2.गोरखपुर से 03 मार्च को चलने वाली 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस छपरा ग्रामीण स्टेशन से चलाई जायेगी।

3.लखनऊ जं. से 03 मार्च को चलने वाली 12530 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस छपरा ग्रामीण स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी।

4.पाटलिपुत्र से 03 मार्च को चलने वाली 12529 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस छपरा स्टेशन से चलाई जायेगी ।

**संक्षिप्त खबरे**

### गन्ना के खेत में आगजनी से पांच एकड़ का फसल नष्ट किसान हुए चिंतित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बरही ग्राम स्थित पांच एकड़ में लगा गन्ने के खेत में आगजनी से दो किसान को लाखों का हुआ नुकसान खेत में आगजनी का नही हुआ खुलासा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही निवासी दशरथ महतो एवं दिनेश महतो के गन्ना खेत में आगजनी से लाखों रुपये का फसल जल खाख हो गया। वहीं ग्रामीणों के सार्थक पहल से अन्य किसान के खेत मे आगजनी होने से बचाया गया। बताया जाता है कि ग्रामीण तत्प्रता के साथ कदम नही उठाते तो दो से अधिक किसान का गन्ना फसल जल कर नष्ट हो जाता। इसके अलावे बताया गया कि दशरथ महतो के ढाई एकड़ एवं दिनेश महतो के ढाई एकड़ खेत में गन्ना फसल लगा हुआ था। जिसमें आग लगने से फसल नष्ट हो गया। वहीं आगजनी घटना किसी असमाजिक तत्वों के कारण हुआ है या अन्य कारण हो जिसका खुलासा नही हुआ। लेकिन आगजनी से किसान काफी चिंतित है। और आर्थिक संकट को झेलने पर मजबूर हैं।

## उपायुक्त ने जनजागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु चार जनजागरूकता रथों को आज सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर सभी प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। इन प्रचार रथों के जरिए प्रतिदिन लिए के विभिन्न गांवों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, संबंधित योजना के पोस्टर भी पंचायतों में अधिष्ठापित किये जायेंगे। आज इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कार्यालय के कर्मी, नुक्कड़-नाटक की टीम के सदस्य उपस्थित थे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजनाओं में से है। इस योजना का लाभ माता की प्रथम दो पुत्रियों को देय होगी। सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त और शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी विद्यालयों में पढ़नेवाली सभी किशोरियों को इसका लाभ मिलेगा। एक बालिका को कक्षा आठवीं में ढाई हजार रूपये, कक्षा 9 वीं में ढाई हजार रूपये, कक्षा 10 वीं में पांच हजार रूपये, कक्षा 11 वीं में पांच हजार रूपये, कक्षा 12 वीं में पांच हजार रूपये और 18 वर्ष की आयु पूरी होने के उपरांत 18-19 वर्ष की किशोरावस्था में एकमुश्त 20 हजार रूपये की अनुदान राशि उसके बैंक खाते में दी जाएगी। आवेदन के लिए संबंधित आंगनवाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## स्थानीय लोग अपना निबंधन जिला नियोजनालय में अवश्य करायें : समीरा एस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निदेश पर जिला नियोजनालय लोहरदगा की ओर से आज सोमवार को जिला परिषद सभागार में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम-2021 एवं नियमावली-2022 के संबंध में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि झारखण्ड राज्य में नियोक्ता द्वारा निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का 75 प्रतिशत नियोजन को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। नियोक्ता कंपनी अपना निबंधन जिला नियोजनालय में अवश्य करायें। स्थानीय लोगों को रोजगार देना इस अधिनियम का मूल उद्देश्य है जिसमें 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे। किसी सरकारी कार्यालय में नियुक्ति पर भी आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा भी यह अनुपालन किया जाएगा। नियोक्ता कंपनी को राज्य सरकार के ऑनलाईन पोर्टल में भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त जिला नियोजन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में विस्तृत रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अधिनियम के अंतर्गत उम्मीदवारों का निबंधन, नियोक्ता कंपनी का निबंधन, उम्मीदवारों का कौशल प्रशिक्षण, रोजगार में विस्थापितों को प्राथमिकता, जिला स्तरीय जांच समिति, नियोक्ता कंपनी द्वारा प्रतिवेदन समेत अन्य जानकारियां विस्तृत रूप में दी गई। आज के कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, अंचल अधिकारी किस्को बुढ़ाय सारू, सेन्हा अंचल अधिकारी विजय कुमार, कैरो अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, भण्डरा अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता समेत अन्य नियोक्ता एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### लोहरदगा रिवरव्यू हॉस्पिटल में आज अपने इलाज हेतु रिम्स रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर्स से करें संपर्क

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को शंख नदी स्थित रिवरव्यू हॉस्पिटल में रिम्स रांची के प्रसिद्ध डॉ0 सुशील कुमार, डॉ 0आशुतोष एवं फिजियो थेरेपी डॉ0 विकास, रिवर व्यू हॉस्पिटल आ रहे हैं। फिजीशियन सर्जन एवं फिजियोथेरेपी के द्वारा इलाज कराने हेतु आप सभी सादर आमंत्रित हैं। डॉ आशुतोष 10:00 से 4:00 तक फिजियो थेरेपी एक्सपर्ट डॉक्टर विकास सर दोपहर 10:00 से 4:00 तक एवं डॉक्टर सुशील कुमार 10:00 बजे से लेकर संध्या 4:00 तक मरीजों का इलाज करेंगे। अधिक जानकारी हेतु हॉस्पिटल के संचालक कुमार सुमन के संपर्क नंबर 9308498671 पर संपर्क कर सकते हैं।

### आज वार्षिकोत्सव जीटीपीएस में राज्यसभा सांसद समीर उरांव होंगे मुख्य अतिथि

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल (बक्शी डीपा) लोहरदगा में आज 28 फरवरी को शाम 5:00 बजे से रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य-अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद समीर उरांव एवं विशिष्ट-अतिथि के रूप में पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह होंगे उपस्थित। इस विषय में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने बताया कि कार्य्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम लगभग 2 घंटे का होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचा कार चालक वाहन हुआ क्षतिग्रस्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग एन एच 143 ए पथ पर सेन्हा में हुआ सड़क दुर्घटना बाल बाल बचा एर्टिगा कार का चालक वाहन हुआ क्षतिग्रस्त। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग एन एच 143 ए पर सोमवार को एर्टिगा कार चालक ने बोलोरो को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे एर्टिगा कार क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बाल बाल बचा कार चालक। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बता दें कि दोनो वाहन लोहरदगा की ओर से घाघरा के तरफ जा रहा था। इसी बीच सेन्हा में बोलोरो चालक ने डेड ब्रेक मारा तभी पीछे से जा रही एर्टिगा कार जेएच 01 डीएन 2541के चालक का ध्यान सड़क से हटा और बोलोरो में पीछे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद बोलोरो चालक गाड़ी लेकर फरार बताया जाता है कि एर्टिगा कार सवार लातेहार जिला अन्तर्गत चँदवा निवासी शिव प्रसाद का 40 वर्षीय पुत्र अनिल प्रसाद अपना एर्टिगा कार नम्बर जेएच 01 डीएन 2541 से चँदवा से गुमला जा रहा था। की रास्ते में सड़क दुर्घटना हो गई। घटना के दौरान पहुंची पुलिस गस्ती दल वही अनिल प्रसाद ने बताया कि बोलेरो चालक अचानक गाड़ी का ब्रेक लगा दिया जिससे मेरी गाड़ी का टक्कर हो गया।

## किसानों ने ड्रैगन फ्रूट खेती का किया भ्रमण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत सरकार द्वारा संपोषित किसान उत्पादक संगठन जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जलडेगा के किसानों ने ड्रैगन फ्रूट की खेती को सीखने के लिए गुमला जिला अंतर्गत कामडारा के गरई गांव पहुंचे, जहां अमृत केरकेट्टा के द्वारा एक एकड़ में लगाया गया ड्रैगन फ्रूट की खेती को गहनता पूर्वक सिखा। ड्रैगन फ्रूट कृषक अमृत केरकेट्टा कहते हैं ड्रैगन फ्रूट एक प्रकार की कैक्टस बेल है जो आरसीसी पोल के सहारे बढ़कर ऊपर लगे रिंग में फैलता है, एक पौधा में बीस से पच्चीस फल प्राप्त होते हैं तीन सौ से चार सौ ग्राम वजन इन फलों का कीमत तीन से तीन पच्चास रुपया प्रति केजी कीमत है , ड्रैगन फ्रूट खेत के रिक्त स्थान में असली के रूप में कई सब्जी भी उगाते हैं जिससे अच्छी आमदनी होती है। यह फल स्वस्थ के लिए काफी लाभदायक है इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं विटामिन सी प्रोटीन और कैलेक्शन भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसका फल कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल, कोशिकाओं और हृदय की सुरक्षा के साथ फाइबर से भरपूर है। कैक्टस प्रजाति होने के कारण इससे बहुत कम पानी की आवश्यकता पड़ती है जिसे किसान आसानी से झारखंड की भूमि में कर सकते हैं। भ्रमण करने गए किसानों उनसे काफी सवाल किए और उनकी बातों से प्रेरित होकर ड्रैगन फ्रूट फार्मिंग की ओर जाने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त किए, जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ सोनू सिंह ने किसानों को भ्रमण कर ड्रैगन फ्रूट खेती के प्रति उत्साह बढ़ाया साथ ही मौजूद मनरेगा सीएफपी एनआरएम एक्सपर्ट कुमार दीपेश और मुकेश पासवान ने भी किसानों को ड्रैगन फ्रूट खेती करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर कई किसान राजेंद्र काशी, जुसाफ तोपनो, गुलशन तोपनो आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : अनिल उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में जिला परिवहन कार्यालय लोहरदगा के तत्वावधान में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा जूता जरूर पहनना चाहिए। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। बच्चे अपने घर के बड़ो को रोड़ सेफ्टी के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताये की उनके ऊपर पूरे परिवार की जिम्मेवारी है इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का अवश्य पालन करें। अगर किसी व्यक्ति की सड़क पर दुर्घटना हो जाती है तो संबंधित थाने में इसकी सूचना अवश्य दें तथा घायल व्यक्ति को अस्पताल जरूर पहुंचाये। महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें, सड़क के बाई ओर चलना चाहिए।ट्रैफिक लाईट के संकेतों का अनुपालन करना चाहिए।जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरि ने बताया कि आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे प्रमुख कारण सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करना है।सड़क सुरक्षा अभियंता अमरेश कुमार ने बताया कि जीवन अनमोल है इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव चन्दन भारती, प्राचार्य जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, आभा कुजूर, काजल साहू, सिद्दीका परवीन, अर्पणा सिन्हा, कंचन मेहता, आशा दास, संगीता वर्मा, सबिता कुमारी, डोरोथी खलखो, उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, कविता शर्मा तथा उच्च विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में हुए वृद्ध घायल को पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु जोगन ढोडा के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना सेन्हा थाना को दिया गया। घटना कि सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी के निर्देश पर सआनि श्रीकांत दास, आयता खेस एवं पवन सोरेन द्वारा दलबल के साथ पहुंच घायल वृद्ध को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको द्वारा प्राथमिकी उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वहीं घायल का पहचान गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के सिरकोट निवासी स्वर्गीय जगदेव महतो का पुत्र चैतन महतो के रूप में किया गया। बताया जाता है कि वृद्ध चैतन महतो कल्हेपाट में रह कर मांगता खाता था। इसी क्रम में देर शाम मांगते हुए अरु से कल्हेपाट जा रहा था। कि अज्ञात धक्का मार कर फरार हो गया। जिसमें वृद्ध व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कैरो मे हुआ ग्रामसभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 27 फरवरी सोमवार को पंचायत भवन कैरो में पंचायत के मुखिया बीरेन्द्र महली की अध्यक्षता में कीया गया ग्राम सभा का आयोजन। उक्त ग्राम सभा आयोजन के संबंध में कैरो पंचायत सचिव गुहा उराँव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचायत में विकास योजनाओं को चयन को लेकर योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से पंचायत क्षेत्र में ध्वनिविस्तारक यन्त्र से आम-अवाम को सुचित करते हुए ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। उक्त ग्राम सभा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वीं वित्त आयोग से निर्माण कार्य होने वाले योजनाओं का चयन, मनरेगा, पीएम आवास, पशुपालन, सिंचाई व पेय जलकुप, इत्यादि छोटे छोटे योजनाओं को चयनित कर वार्षिक कार्य योजना में सुचिबद्ध की जायेगी। वार्षिक कार्ययोजना मे सूचीबद्ध योजनाओं से ही पंचायत सचिवालय से धरातल पर निर्माण कार्य करायी जायेगी। आज के उक्त ग्राम सभा मे पंचायत के मुखिया बीरेन्द्र महली, पंचायत सचिव गुहा उराँव, ग्राम प्रधान वीरेंद्र उराँव, पन्चु उराँव, कृषि पदा0 किशोर उराँव, श्रमिक मित्र लक्ष्मी देवी के अलावा

## कैरो ग्रामीण चिकित्सक संघ का गठन, संगठन को मजबूती को लेकर बैठक में हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 27 फरवरी सोमवार कैरो मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ शेड में ग्रामीण चिकित्सक संघ की बैठक कर चिकित्सक संघ का किया गया गठन।बैठक में संघ कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती को ले चर्चा किया गया। वहीं सर्वसम्मति से भोला प्रसाद को को कैरो चिकित्सक संघ का अध्यक्ष व प्रमोद कुमार सिंह को सचिव बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड चिकित्सक संघ के महानंद झा ने कहा ग्रामीण चिकित्सक संगठन की मजबूत और सशक्त करें। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। सभी चिकित्सकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा,ताकि वे अपने कार्यो को और भी बेहतर तरीके से कर सकें। बैठक को कैरो प्रखंड 20 सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक जरुरतमंद लोगों का प्राथमिक उपचार,एवं पीडितो को समुचित चिकित्सकीय परामर्श ही अपना मुख्य कर्तब्य समझे,विद्यार्थी ने कोविड-19 कालखंड मे ग्रामीण चिकित्सकों के द्वारा किये गये मानव सेवा कार्य की भी बैठक मे प्रशंसा की। बैठक को राजेश रंजन, खुर्शीद आलम, विशेश्वर प्रसाद दीन सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## सुंदरी देवी शिशु मंदिर विद्यालय में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी शिशु मंदिर में सोमवार को स्वास्थ्य शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ राजेश भगत जो जिला चिकित्सालय लोहरदगा में शिशु रोग विशेषज्ञ पद पर पदस्थापित हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से जांच की 2 टीम बुलाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती भारत माता एवं उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के दौरान प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने परिचय कराते हुए मानव का प्रथम सुख तथा उसका स्वास्थ्य शरीर है इस बारे में लोगों को संबोधित किया डॉ राजेश भगत ने इस कार्यक्रम के दौरान गर्भावस्था के समय शिशु के स्वास्थ्य का ख्याल रखना समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण करवाना शिशु के जन्म के समय माता और शिशु के सकुशल जीवन की कल्पना करने की व्याख्या की खानपान एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

### अवैध शराब पर चला ठेठईटाँगर पुलिस का डंडा, बहुल मात्रा में हुआ जावा महुआ नष्ट



**ठेठईटाँगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने सोमवार को ठेठईटाँगर प्रखंड अन्तर्गत सलगपोश के मटकुप्पा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ (लगभग 150 K.G) नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया। छापामारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने किया । मौके पर ठेठईटाँगर थाना प्रभारी के साथ थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

## कृषि परियोजना आत्मा द्वारा किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** झारखंड सरकार के कृषि एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड परिसर प्रांगण में जिला कृषि परियोजना आत्मा के तहत किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला सहायक कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम,दिनेश प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा और प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का किसान अपने क्षेत्र में उपजने वाले तरह तरह के फल सब्जी लेकर उपस्थित हुए। वही किसानों को संबोधित में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि भिन्न भिन्न तरह की खेती होती है। जिसकी जानकारी किसानों को विभाग के माध्यम से जानना बहुत ही आवश्यक है। बताते हुए कहा की जैविक खेती से उन्नत फसल उतपन कर आत्मनिर्भर के साथ प्रेरणादायक बनने की सलाह दी गई। और किसान को उन्नत किस्म की फसल पैदा करने पर जोर दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा प्रकृति से नजदीक रहें और रसायनिक खाद व दवा से दूरी बनायें रखें जिला सहायक कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम ने कहा मिट्टी जाँच कर आवश्यता अनुसार फॉस्फेट,यूरिया, नाइट्रोजन जैसे खाद्य का उपयोग करें और किस प्रकार की फसल की बुआई किया जाए उसकी सही जानकारी रखें जिससे अच्छी फसल का पैदावार हो सके। बताते हुए कहा कि समय के अनुसार धान, गेहूं, सरसो, चना, अरहर मूंग इत्यादि बीज एटीम और बीटीएम द्वारा प्रखंड में या लैम्प्स में किसानों के बीच वितरण किया जाता है। साथ ही कहा कि विभाग की ओर से किसानों को कृषि कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुदानित मूल्य पर पम्प सेट,केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जाता है। वहीं किसानों ने फसल बुआई से पैदावार से लेकर बेचने तक उतपन होने वाली समस्या को बेझिझक रखते हुए निदान का मांग किया साथ ही कहा फसल पैदावार में किसान कर्ज में डूबे और तैयार फसल का मूल्य सरकार तय करती है। और उस फसल का मूल्य तीन से चार माह बाद दिया जाए। सहित किसान संबंधित समस्याओं से अवगत अधिकारी व पदाधिकारी को कराया गया। कार्यक्रम के पश्चात किसानों को कृषि से सम्बंधित कृषि यंत्र पुरस्कार के रूप में दिया गया। मौके पर जनसेवक सुरजा भगत, पूनम कुजूर, अजय वर्मा, एटीम स्नेहलता, बीटीएम प्रिता रानी के अलावे रणजीत यादव, देवप्रसाद साहु, भीम महतो, राजकपूर भगत, प्रदीप महली, देवप्रताप यादव, एतवा उराँव, लवकेश गोप, इन्दू देवी, ललिता उराइन, पिंकी देवी, मैरून खातुन, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।


### ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना पहला कार्य : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना पहला कार्य होगा और छोटी-छोटी सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए झारखंड पार्टी आप सभी के बीच हर समय 24 घंटा खड़ा रहेगी उक्त बातें झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने ठेठईटांगर प्रखंड के मेरोमडेगा बरटोली गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि लगातार क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है लेकिन दूर करने वाला कोई भी जनप्रतिनिधि आगे नहीं आता है मेरे पिता के समय क्षेत्र में लगातार विकास की गंगा बही लेकिन उनके जाने के बाद इस क्षेत्र की जनता ठगा महसूस कर रहा है। मौके पर ग्रामीणों ने सर्वप्रथम उनका स्वागत किया साथ ही पिछले दिनों वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों के ऊपर हुए मुकदमा मामले में झारखंड पार्टी के पाल पर सभी ग्रामीणों का न्यायालय के माध्यम से बेल कराया गया जिस के उपलक्ष में आभार व्यक्त करने के लिए ग्रामीणों ने बुलाया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वन विभाग कभी-कभी मनमानी करती है जिसको लेकर ग्रामीणों को एकजुट रहने की आवश्यकता है ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के कारण ही वनों से अवैध रूप से कटाई को रोकने में सहयोग मिलता है लेकिन वन विभाग भोले-भाले ग्रामीणों को सताने का काम करता है जो कि झारखंड पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने लोगों को अपनी अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को बताने की बात कही ताकि जल्द से जल्द उन्हें दूर किया जा सके इस मौके पर प्रभु सहाय केरकेट्टा का दीपक बिलुंग,आलेंम कुल्लु,भुनेश्वर माझी,कमला देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष व रौतिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष मिले भाजपा प्रदेश महामंत्री से



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद सह भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू से मुलाकात भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं अखिल भारतीय रौतिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि मुलाकात कर समाज के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उनके समक्ष समाज के विकास हेतु अनेकों महत्वपूर्ण मांग भी रखी गई। उन्होंने कहा कि एक ज्ञापन भी सौंपा गया है साथ ही उनसे अनुरोध किया गया है समाज में ऐसे अनेकों महत्वपूर्ण विषय हैं जिन पर जल्द से जल्द प्राथमिकता देते हुवे कार्य करना है। मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने भी आश्वासन देते हुवे कहा कि आपकी सभी मांगो को प्राथमिकता देते हुवे जल्द से जल्द कार्य किया जाएगा।

## 23 रामगढ़ विधानसभा : उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को आयोजित मतदान के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने बूथ संख्या 106 पर मतदान किया वही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

**पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान:** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को आयोजित मतदान के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने बूथ संख्या 106 पर मतदान किया वही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## झारखण्ड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय : चैंबर

**रांची :** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। गढ़वा में सिविल सर्जन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ घटित दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना के विरोध में आईएमए एवं झासा के मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांगों का समर्थन किया है। घटना के विरोध में आईएमए हॉल में आयोजित डॉक्टर्स की बैठक में चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने शामिल होकर चिकित्सकों की मांगों का समर्थन किया। चैंबर अध्यक्ष ने भी इस मामले में आईएमए, रांची के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह और झारखण्ड स्टेट आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह से वार्ता की और उनकी मांगों का समर्थन किया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। डॉक्टर्स पर घातक हमले से बचाव हेतु राज्य सरकारों द्वारा डॉक्टर्स को अतिरिक्त सुरक्षा भी मुहैया कराई जाती है। चिंतनीय है कि झारखण्ड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट अब तक लागू नहीं किया गया है जिससे आये दिन राज्य में डॉक्टर्स पर घातक हमले हो रहे हैं जो राज्य की चिकित्सा व्यवस्था के लिए अच्छे संकेत नहीं है। गढ़वा में चिकित्सकों पर हमले की घटना निंदनीय है। डॉक्टर्स फ्रंटलाइन वकर्स हैं। सरकार और प्रशासन को डॉक्टर्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की पहल होनी चाहिए और राज्य में जल्द से जल्द मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहिए। आईएमए हॉल में आयोजित बैठक में पिछले 15 दिनों से राज्य में डॉक्टर्स पर क्रमवार हो रहे हमलों की निंदा की गई। विदित हो कि पिछले दो सप्ताह में डॉक्टर्स पर हमले हो रहे हैं जिनमें मुख्यतः रांची के वरीष्ठ ऑर्थोपेडिशियन सर्जन डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला, हजारीबाग में डॉ के साथ बदसलूकी, जामताडा में सिविल सर्जन को धमकी, पेटरवार में डॉ अजय चौधरी के साथ मारपीट, लोहरदगा में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार को जान से मारने की धमकी और आज ही लोहरदगा के सिविल सर्जन को हाथ काटने की धमकी दी गई है। चैंबर महासचिव ने राज्य सरकार से इस मामले में शीघ्र संज्ञान लेने की अपील की।

## राजद विधायक ने नीतीश पर बोला हमला

**पटना :** राजद के बागी विधायक सुधाकर सिंह ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 2005 में उनके सत्ता में आने के बाद से राज्य पिछड़ गया है। पटना में विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत से पहले सुधाकर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद बिहार विकास के सभी पैमाने पर पिछड़ गया है।सुधाकर सिंह ने कहा नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार ठीक से नहीं चल रही है। सरकार न ही मंडी कानून बनाने के पक्ष में है। न हर खेत तक पानी पहुंचाने के पक्ष में है। न ही शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना चाहती है। नीतीश कुमार केवल पद पर बने रहना चाहते हैं। उनके पास एकसूत्रीय एजेंडा है। सुधाकर सिंह ने कहा कि जदयू लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है। तेजस्वी यादव बिहार के लिए उपयुक्त मुख्यमंत्री हैं। राजद विधायक ने कहा कि देश में मोदी जी का विकल्प नहीं हो सकता। नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री बनने से अच्छा है कि राष्ट्रपति शासन आ जाए। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार को सीएम पद से हटा देना चाहिए। उन्हें बदल देना चाहिए। तेजस्वी यादव हमारे लिए मुख्यमंत्री के दावेदार हैं। हमारा वोट हमेशा से उनके लिए रहा है। हालांकि, पार्टी के सदस्य तय करेंगे कि नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी कौन होगा। सुधाकर सिंह ने कहा कि जदयू सत्तालोभियों का झुंड है। बता दें कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे और राजद विधायक सुधाकर सिंह को नीतीश कुमार के खिलाफ तीखे हमले के कारण कैबिनेट से पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि, इसके बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ उनकी आक्रामकता खत्म नहीं हुई और उन्होंने अपनी बयानबाजी जारी रखी। इसके बाद राजद की तरफ से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। खुद तेजस्वी यादव उन्हें कई बार आगाह कर चुके हैं।

## ममता कुमारी बनायी गयी राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य

**रांची :** झारखंड के गोड्डा जिले की रहनेवाली ममता कुमारी को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। वे पूर्व विधायक प्रशांत मंडल की पत्नी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से इस संबंध में 24 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक आयोग में ममता के अलावा मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स की डेलिना खोंगडुप और चेन्नई की खुशबू सुंदर को भी सदस्य बनाया गया है। ममता कुमारी के पति प्रशांत मंडल पोड़ैयाहाट से तीन बार विधायक रह चुके थे। पिछले वर्ष रांची में एक हादसे में उनका निधन हो गया था।

## रंग रंगीलो पांच दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव कल से



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो पांच दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव की शुरुआत मंगलवार से होगी। सभी आयोजन हरमु रोड़ के श्री श्याम मंदिर में होंगे। पांच दिवसीय महोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रहीं है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू की अगुवाई में सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर में कार्यकर्ताओ की बैठके प्रतिदिन हो रहीं है। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे श्री गणेश पूजन, महायज्ञ (हवन) ध्वज स्थापना का अनुष्ठान का आयोजन होगा। यजमान श्रेष्ठ हनुमान शरण सिंघानिया के सुपुत्र राजेश, सारिका व हर्ष सिंघानिया अपने परिवार के साथ श्री गणेश पूजन अनुष्ठान विधिवत करवायेंगे। दोपहर तीन बजे से 39वां श्री सुंदरकांड ङ्क श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। धनबाद के प्रसिद्ध पाठ वाचक पंकज मोदी व पंकज सांवरिया अपने सहयोगियों के साथ भक्तजनों से पाठ करवाएंगे । लगभग 400 से ज्यादा भक्त श्री श्याम मंदिर में एक साथ बैठ कर पाठ करेंगे। कोकर निवासी उर्मिला जैन, अजय जैन अपने परिवार के साथ बजरंगबली की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्जवलित करके केशरिया बुंदियां, भुजिया, पेड़ा, चना, गुड़, फल का प्रसाद अर्पित करेंगे। प्रथम दिवस के कार्यक्रम के लिए अनिल नारनौली व संजय सराफ को संयोजक मनोनीत किया गया है।

**751 ध्वजा शोभायात्रा एक मार्च को:** श्री श्याम मित्र मंडल के पांच दिवसीय महोत्सव के दुसरे दिन बुधवार एक मार्च को 751 ध्वजा ( निशान ) की शोभायात्रा हरमु रोड़ के मारवाड़ी भवन से दोपहर एक बजे प्रारम्भ होगी। यह शोभायात्रा दोपहर एक बजे मारवाड़ी भवन से प्रारम्भ होकर रातु रोड़, किशोरी यादव चौक, महाबीर चौक, गाँधी चौक, शहीद चौक, कोतवाली रोड़, जेजे रोड, डॉ राममनोहर लोहिया चौक, कार्टसराय रोड़ होते हुए हरमु रोड़ के श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी द्य 751 भक्तों को श्री श्याम ध्वजा का कार्ड वितरित कर दिया गया है। श्री श्याम बाबा को ध्वजा अर्पित करने वाले भक्त अपनी -अपनी मनोकामनाएं पवित्र ध्वजा से निवेदित करते है। मंडल के कार्यकर्ता श्रवण ढाढ़निया, प्रदीप राजगड़िया, राजीव रंजन मित्तल, अजय मारु, श्याम सुन्दर शर्मा, पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी, विकास मोदी, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, आशीष डालमिया, अनुज मोदी, रौशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, अरविन्द सोमानी, आनन्द मालपानी, रौनक पोद्दार, किशन शर्मा, विशाल पोद्दार, आशुतोष खैतान, कौशल मालपानी, प्रकाश सरावगी आदि लगे हुए है।

# सभी परीक्षा केन्द्र पर निष्पक्ष व कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन किया जाए : उपायुक्त

### मैट्रिक में 16,354 व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 11,027 परीक्षार्थी शामिल होंगे



**सभी केंद्र अधीक्षक सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, बेंच डेस्क, दिव्यांग छात्रों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** आज डीआरडीए स्थित सभागार में उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त महोदय गोड्डा के द्वारा आगामी 14 मार्च 2023 से शुरू हो रहे मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए केन्द्रों के बारे जानकारी ली गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी गोड्डा सुशील कुमार के द्वारा बताया गया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिए कुल 41 एवं इंटरमीडियट के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा में जिले के 16,354 एवं इंटरमीडियट की परीक्षा में 11,027 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपायुक्त के द्वारा जिले में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त ढंग से कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि परीक्षा हेतु प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में उपायुक्त के द्वारा परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। माध्यमिक परीक्षा-2022 की परीक्षा 9:45 बजे पूर्वाह्न से 01:05 बजे अपराह्न तक होगी,जिसके लिए परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश 9꞉00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ हो जाएगा। इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2023 की परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 5꞉20 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी जिसके लिए परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश 1:15 बजे अपराह्न से प्रारंभ होगा। ज्ञातव्य हो कि माध्यमिक परीक्षा- 2023 दिनांक 14.03.2023 से 03.04.2023 तक आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) - 2023 दिनांक 14.03.2023 से 05.04.2023 तक आयोजित होगी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महागामा सौरभ कुमार भुवानियां, जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा नागेश्वर साव आदि थे।

**तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों पर भी हुआ उपचुनाव**

# मेघालय, नगालैंड में 76 व 84 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दो राज्यों के विधानसभा चुनाव और तीन राज्यों की एक-एक सीट पर उपचुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। कहीं से कोई बड़ी अप्रिय घटना और दोबारा मतदान कराए जाने की सूचना नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार मेघालय में 76.66 प्रतिशत और नगालैंड में 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, तमिलनाडु की ईरोड (पूर्व) (एससी), पश्चिम बंगाल की सागरदिघी और झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में क्रमशः 70.58, 73.49 और 67.96 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। मेघालय में 3419 और नागालैंड में 2291 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। 60 सदस्यीय मेघालय विधानसभा की 59 सीटों पर मतदान कराया गया, जबकि सोहिओंग (एसटी) सीट पर एक उम्मीदवार की मौत के चलते चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इसी तरह नगालैंड विधानसभा की 60 सीटों में से 59 पर मतदान कराया गया। यहां आकुलुटो सीट पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की लुमला (एसटी) सीट पर भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इससे पहले रविवार को महाराष्ट्र की कसबा पेठ और चिंचवड सीट के लिए मतदान हुआ था। 16 फरवरी को त्रिपुरा राज्य में मतदान हुआ था। तीन राज्यों और विधानसभा उपचुनावों के नतीजे 2 मार्च को आयेंगे। मेघालय और नागालैंड के कठिन क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए मतदान अधिकारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मेघालय में 74 मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए मतदान दल को पहाड़ी रास्तों और दुर्गम इलाकों का उपयोग करना पड़ा।

## उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी अरबाज पुलिस के साथ मुठभेड़ में ढ़ेर

एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रयागराज में शुक्रवार को हुए उमेश पाल हत्याकांड में शामिल एक बदमाश अरबाज को पुलिस ने मार गिराया है. सोमवार की दोपहर अरबाज के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है. बताया जा रहा है कि पुलिस के साथ अरबाज की धूमनगंज इलाके में नेहरू पार्क के पास मुठभेड़ हुई है. उमेश पाल पर हमला करने के बाद अरबाज का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया था जो कि असद की क्रेटा कार भी चला रहा था. पता चला था कि पुरामुफ्ती के सल्लाहपुर निवासी अरबाज नाम का शातिर अपराधी हमले में शामिल था लेकिन धूमनगंज थाने में जया पाल की तरफ से दर्ज कराई एफआईआर में अरबाज का नाम नहीं था. हमलावरों की तलाश में पुलिस लगी थी. इसी बीच एसटीएफ को पता चला कि वह नीवां क्षेत्र में छिपा है. नेहरू पार्क पर एसटीएफ और एसओजी के साथ लोकल थाने की ज्?वॉइंट टीम की उससे मुठभेड़ हो गई. उसने पुलिस पर गोली चलाई जिससे एक सिपाही जख्मी हो गया और थाना धूमनगंज के इंस्पेक्टर राजेश मौर्या के हाथ मे गोली लगी है जिनकी हालात गंभीर बनी हुई है.हालांकि पुलिस पर फायरिंग के बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही कर उसे गोली मारी. गोली उसके सीने और पैर में गोली लगी. धूमनगंज पुलिस ने घायल अरबाज को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

# शहरों का नाम बदलने के लिए आयोग बनाने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा सदस्य और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया.याचिका में गृह मंत्रालय द्वारा विदेशी आक्रमणकारियों के नाम पर ऐतिहासिक स्थानों की पहचान करने और उनका नाम बदलने के लिए आयोग का गठन करने की मांग की गई थी.न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने कहा कि यह इतिहास का हिस्सा है और इसे चुनिंदा रूप से दूर नहीं किया जा सकता है, इसलिए हमें अन्य गंभीर समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनका हमारा देश सामना कर रहा है. जस्टिस जोसेफ ने कहा कि आप चुन-चुनकर अतीत में वापस जा रहे हैं.आखिरकार क्या हासिल होगा.भारत का संविधान



मिलने के बाद हम एक लोकतांत्रिक देश बन गए हैं.आप एक समुदाय विशेष की ओर उंगली उठा रहे हैं.आप वापस जाना चाहते हैं.आप उस रास्ते पर भागना चाहते हैं जहां भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश नहीं है.सबकी रक्षा करनी है. अदालत ने कहा कि एक देश अतीत का कैदी नहीं रह सकता है और भारत सिर्फ इसलिए गणतंत्र नहीं है क्योंकि इसमें एक राष्ट्रपति है बल्कि लोकतंत्र में सभी वर्गों के लोगों को शामिल करता है. कोर्ट ने कहा कि देश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य रूप से आगे बढ़े जो नीति निर्देशक सिद्धांतों में सूचीबद्ध हैं. कोर्ट ने कहा कि ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जो देश को एक सूत्र में बांधे.कोर्ट ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का इतिहास वर्तमान और भावी पीढ़ी को इस हद तक परेशान नहीं कर सकता कि आने वाली पीढ़ी अतीत की बंदी बन जाए. याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय बार-बार इस बात पर बहस कर रहे थे कि वेदों में ऐसे शहर का जिक्र है जिनका नाम बाद में विदेशी आक्रमणकारियों के नाम पर रखा गया है और कुंती, अर्जुन आदि के नाम नहीं हैं. कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म सबसे बड़ा धर्म है और इसकी महानता को कम नहीं किया जाना चाहिए.

# एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रविवार को एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) राम लखन सिंह उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रति कुलपति डॉ दीप नारायण सिंह एवं कुलानुशासक डॉ.केसी झा तथा एलिट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष डॉ आर पी सिंहा उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महाविद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ कार्यक्रम में शिरकत किया। अतिथियों का स्वागत भाषण डॉ आरपी सिंहा द्वारा दिया




गया। सेमिनार का विषय भारतीय भाषा में शिक्षा की संकल्पनाएं एवं चुनौतियों पर चर्चा की हुई। केंद्रीय विश्वविद्यालय गया ,विहार के डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह, जो बीजवक्ता के रूप में विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्विद्यालय के कुलपति ने कहा कि भारतीय भाषाओं में शिक्षा सरल एवं ग्राह्य होगा। हम सभी का प्रयास भी है कि शिक्षा को अपनी भाषा में दी जाए। प्रति कुलपति ने कहा कि अपनी भारतीय भाषा में शिक्षा देने एवं बोलचाल की भाषा में अधिक उपयोग करना चाहिए इस पर हमें गर्व होना चाहिए। कुलानुशासक केसी झा ने कहा कि लगातार भारतीय भाषा में शिक्षा देने के प्रति अग्रसर हैं। अति आवश्यक स्थिति में ही अन्य भाषा का प्रयोग किया जाए। एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदम्बा सिंह सेमीनार के सफल आयोजन के लिए प्रबंधन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सेमिनार में सभी प्राध्यापक और प्रशिक्षु प्रशिक्षुओं द्वारा मिलकर संपन्न किया गया।

# तीन स्तरीय होगी जी-20 डेलिगेट्स की सुरक्षा

### आपातकालीन स्थिति के लिए कार्डिएक व सामान्य एम्बुलेंस 24×7 तैयार रखने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जी-20 प्रतिनिधि बैठक को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची का संयुक्तादेश निर्गत किया गया है। इसे लेकर आज दिनांक 27 फरवरी 2023 को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/ दण्डाधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक,रांची किशोर कौशल ने प्रतिनियुक्त सभी जोनल पुलिस पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों, सेक्टर दण्डाधिकारियों, सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में बताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।ब्रीफिंग के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल



पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।उपायुक्त ने जी-20 से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 का आयोजन करना झारखंड के लिए बहुत गौरव की बात है।आयोजन बेहतर तरीके से हो इसके लिए इसमें सबकी सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को दिए गए कार्य एवं दायित्व का निर्वहन अच्छे एवं बेहतर तरीके से करने को कहा। उन्होंने बताया कि डेलिगेट्स का आना 01 मार्च 2023 से शुरू हो जायेगा। इसमें लाइजनिंग ऑफिसर की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने त्न-20 प्रतिनिधियों की स्वागत में लगाए गए ब्रांडिंग बोर्ड एवं साज सज्जा की देखभाल करने की बात कही।उपायुक्त द्वारा जी-20 से जुड़े संबंधित अधिकारी को हवाई अड्डे से होटल तक एस्कॉर्ट करने के लिए संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय करने एवं सांस्कृतिक नाइट और गाला डिनर होटल रेडिसन ब्लू के अधिकारी के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा सभी जी-20 से जुड़े संबंधित अधिकारी को डेलिगेट्स के होटल आगमन पर अच्छी मेज़बानी के लिए होटल रेडिसन ब्लू के अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

## झारखंड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बने राजकुमार मारु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड बिहार प्रादेशिक माहेश्वरी सभा का संयुक्त अधिवेशन झारखंड राज्य की लौह नगरी जमशेदपुर में एक राज्य स्तरीय सम्मेलन सह चुनाव कार्यक्रम हुआ। प्रादेशिक सत्र 2022 -25 के लिए चयनित रांची के राजकुमार मारू अध्यक्ष एवं रांची के ही शिव शंकर साबू को कोषाध्यक्ष, महामंत्री के पद पर जमशेदपुर के महेश लखोटिया, प्रादेशिक महिला मंडल की अध्यक्षा मुजफ्फरपुर से निर्मला लढा, सचिव संगीता चितलांगिया रांची से एवं राज चांडक मुजफ्फरपुर से कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री संतोष बजाज गुलाब बाग़ से, छोटानागपुर अंचल उपाध्यक्षा रांची से अर्चना साबू, मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी रांची, प्रादेशिक युवा संगठन के अध्यक्ष विवेक साबू गुमला से इन सबका निर्वाचन सर्वसम्मति से हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में युवा संगठन द्वारा बॉक्स क्रिकेट, महिला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संयुक्त रूप से संगीतमय अंताक्षरी का कार्यक्रम किया गया। सम्मेलन में समाज के बुजुर्गो के लिए चौपाल कार्यक्रम एवं समाज के सदस्यों के लिए तीर्थाटन कार्यक्रम पर वृहद चर्चा की गई। यह जानकारी रांची से अशोक साबू एवं रश्मि मालपानी ने दी।

# पर्यावरण को अपनाने से ही रुकेगी प्राकृतिक आपदाओं की तबाही : कौशल किशोर

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलनाडु के चेन्नई सर्किट हाउस, काजीपुरम जिला के राजीव भेजेंनडी मेमोरियल पैलेस, श्रीपेरमबदुर और महाबलीपुरम जिले के सीसोरी टेंपल प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, तमिलनाडु के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम, एवं सचिव सनी कच्छ के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष और सचिव को राखी का माला पहना कर स्वागत किया वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म



की पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम के उपरांत स्टेट बैंक के मैनेजर कृष्णा प्रसाद ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव को सम्मानित किया। वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि आज अर्थ के लिए हो रहे हैं। उस अनर्थ से होने वाली तबाही को रोकने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट को अपने जीवन में उतारना होगा क्योंकि इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था । जिसकी शुभारंभ माह जुलाई में पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। पर्यावरणविद कौशल ने बताया कि अब तक झारखंड समेत बिहार ,बंगाल, उत्तर प्रदेश ,छत्तीसगढ़ पांच राज्यों सात जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किए जा चुके हैं। उसी की कड़ी में तमिलनाडु में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है ।इसके बाद कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश और पांडिचेरी में भी कार्यक्रम किए जाएंगे । साथ ही कार्यक्रम को वृहद आकर देने के उद्देश्य से उन प्रदेशों में नए अध्यक्षों और सचिवों की नियुक्ति भी किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में कृष्णा प्रसाद, शोडी विग्रम ,शक्ति, पि कुमार, सनी कच्छ, अतुल प्रसाद ,संतोष कुमार आदि शामिल थे।